# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 21 मार्च 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 296 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1791 : तत्कालीन बंगलौर पर टीपू सुल्तान को पराजित कर अंग्रेजों की सेना ने कब्जा किया।

1804 : नेपोलियन ने फ्रांस की नागरिक संहिता को अपनाया।

1804 : नेपोलियन ने फ्रांस की नागरिक संहिता को अपनाया।

1858 : प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सैनिकों ने लखनऊ में आत्मसमर्पण किया।

1887 : मुंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।

1990 : नाम्बिया को दक्षिण अफ्रीका से आजादी मिली।

# छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़ों मे 30 नक्सली ढ़ेर, एक जवान शहीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्त आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर 1 महीने पहले 9 फरवरी को 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी। इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के एक-एक जवान भी शहीद हुए थे।



# रांची - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर 23 से होगा ठहराव : सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रांची - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर 23 मार्च से ठहराव होगा। उक्त जानकारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दी। कहा कि उनके लगातार प्रयासों के फलस्वरूप रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/ 12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव को ले रेलवे बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर दी। कहा कि उक्त ट्रेन के ठहराव को ले श्री बंशीधर नगर क्षेत्र की जनता लगातार मांग कर रही थी। उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए 23 मार्च 2025 को नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर रात्रि 9 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। तत्पश्चात समय रात्रि 9.47 बजे वे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन संख्या 12453 का ठहराव का शुभारम्भ करेंगे। ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगम होगा। सांसद ने गढ़वा जिला विशेषकर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों व स्थानीय जनता से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र के समस्त नागरिकों की ओर से अभार प्रकट किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा बुलाकर मुजफ्फरपुर के युवक को पीटा, मौत

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर जिले के पियर थाना क्षेत्र के करैला गांव निवासी मिथलेश राम (45) की हरियाणा में जमकर पिटाई की गई। वहीं इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिथलेश काफी दिनों से बेरोजगार था। वो काम की तलाश में भटक रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवकों ने उसको काम के लिए हरियाणा बुलाया, जिसके बाद वो बीते महीने काम के लिए हरियाणा चला गया।14 मार्च को मिथलेश राम और उसके सहयोगियों के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई। सभी ने मिथलेश राम को एक कमरे में बंदकर जमकर पिटाई किया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर भागा। मिथलेश ट्रेन पकड़कर बुधवार को अपने गांव लौटा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### भारत लाया जाएगा अमन साव गैंग का गुर्गा

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** अमन साहू (अब मृत) गिरोह का गुर्गा सुनील सिंह मीणा उर्फ मयंक सिंह को अब अजरबैजान से भारत लाया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है। झारखंड पुलिस इसे ही मयंक सिंह बताती है। अजरबैजान ने सुनील को प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को सौंपने पर सहमति दे दी है।

### रिश्वत लेते प्रमुख पति समेत दो गिरफ्तार

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ निगरानी विभाग का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी क्रम में जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड में निगरानी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनी प्रखंड के नाजिर और प्रखंड प्रमुख के पति को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। मामला 15वें वित्त से संबंधित कार्यों का है, जिसमें प्रमोद कुमार नामक व्यक्ति ने एक काम करवाया था। 7 लाख रुपये के बिल भुगतान के एवज में 80,000 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

### नागपुर हिंसा में 6 पर देशद्रोह का केस

**नागपुर (नबिटा ब्यूरो)।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपितों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद के भी 8 कार्यकर्ता शामिल हैं। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं, तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित कपिलवन और नंदनगढ़ इलाके से कर्फ्यू हटा दिया गया है।

# नित्यानंद राय के दो भांजों के बीच फायरिंग, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भागलपुर में गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के भांजों के बीच गोलीबारी हुई है। इसमें एक भांजे विकल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। मामला नवगछिया के जगतपुर गांव का है। गोलीबारी के बाद दोनों को इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां एक विकल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। जयजीत की पत्नी ने कहा- 'दोनों भाइयों के बीच पिछले एक साल से जमीन को लेकर विवाद करता था। 'नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया- 'दोनों भाइयों के बीच नल को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच करीब 3 राउंड फायरिंग हुई। मृतक विकल को एक गोली लगी है, जबकि जयजीत को 2 बुलेट लगी है।'चश्मदीद ने बताया- 'सुबह साढ़े 6 बजे जयजीत को पानी देने वाले नौकर ने बर्तन में हथेली डुबोकर पानी दिया। इसे लेकर विकल से उसकी कहासुनी हो गई। पहले से भी दोनों भाइयों के बीच संबंध अच्छे नहीं थे।




# बिहार : वाणिज्य कर विभाग में होगी बंपर बहाली

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए जिनमें से एक बिहार के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया। दरअसल सरकार ने बिहार के वाणिज्य-कर विभाग में 460 पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट की बैठक वाणिज्य-कर विभाग में 460 पदों पर पदाधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। इससे व्यापारियों को कारोबार में समय पर सुविधाएं मिलेंगी। सृजित किये गये नये पदों में हर कार्यालय वार पदों का सृजन किया गया है। साथ ही विभागीय पदाधिकारियों के क्षेत्राधिकार के निर्धारण भी का निर्णय लिया गया है। बता दें कि राज्य का लगभग 75 प्रतिशत राजस्व सिर्फ वाणिज्य-कर विभाग द्वारा संग्रहित किया जाता है। सरकार के इस फैसले पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह वित्त वाणिज्यकर मंत्री सम्राट चौधरी ने फैसले की सराहना की और कहा कि वर्ष 2017 में नयी कर-प्रणाली के रूप में माल एवं सेवा कर प्रणाली (जीएसटी) के आने से विभाग में अतिरिक्त पद सृजन एवं पुनर्गठन की आवश्यकता थी। इस देखते यह संबंधित पदों के सृजन की स्वीकृत दी गयी है। सरकार का यह निर्णय सराहनीय है। इसमें बिहार के युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के इस निर्णय से बिहार राज्य में रोजगार का सृजन और व्यापारियों के लिए व्यापार करने की आसानी की अवधारणा के साथ कर प्रशासन की कार्यक्षमता सुदृढ़ होगी। यह बिहार के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं कैबिनेट की बैठक में आठवें वेतन आयोग की सिफारिश आने तक सातवें वेतन आयोग के फैसले लागू रहने की मंजूरी दी गई है। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि बिहार राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय अनुशासन के साथ उतरोत्तर प्रगति कर रहा है। साल 2017 में नई कर प्रणाली के रूप में माल एवं सेवा कर प्रणाली के आने से विभाग में अतिरिक्त पद सृजन एवं पुनर्गठन की आवश्यकता अपेक्षित थी। इसके मद्देनजर बुधवार को मंत्रिपरिषद् की बैठक में वाणिज्य-कर विभाग में विभिन्न स्तरों के 460 अतिरिक्त पदों का सृजन, उनका कार्यालयवार वर्गीकरण एवं विभागीय पदाधिकारियों के क्षेत्राधिकार का निर्धारण का निर्णय लिया गया है।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से साइबर ठगी की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रोफाइल बदलकर वीआईपी और आम लोगों के साथ साइबर अपराधी लगातार ठगी का प्रयास कर रहे हैं। जिसमें सफल भी हो रहा है। लेकिन इस बार तो साइबर अपराधियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की रवि कुमार के नाम पर उनके बेटे और कुछ करीबीओं से ठगी का प्रयास कर डाला।

**क्या है पूरा मामला**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से साइबर ठगी का प्रयास किया गया है। मामले को लेकर के रवि कुमार के द्वारा रांची के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा यह बताया गया है कि साइबर ठगों ने उनकी तस्वीर व्हाट्सएप के डीपी में लगाकर उनके कुछ परिचितों को मैसेज भेजा और उनसे विभिन्न तरह के कारण बताकर 50-50 हजार रुपए मांगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कुछ परिचितों ने जब उनसे संपर्क कर इसकी जानकारी दी तब उन्हें यह पता चला कि उनकी डीपी लगाकर साइबर अपराधी उनके करीबियों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने रांची के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

**पड़ोसी देश श्रीलंका का है नंबर**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की शिकायत के बाद साइबर क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। अब तक जो जानकारी मिली है जिस नंबर से ठगी का प्रयास किया गया था वह श्रीलंका का नंबर है। हालांकि साइबर अपराधी कई तरह के एप का प्रयोग कर विदेशी नंबरों को दर्शाते हैं। फिलहाल साइबर क्राइम ब्रांच पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि उनके बेटे सहित कई नजदीकी लोगों को उनके डीपी लगे व्हाट्सएप से मैसेज कर पैसे की मांग की गई थी। मामले की जानकारी जब उनके परिचितों के द्वारा दी गई तब उन्होंने साइबर पुलिस से संपर्क किया। के रवि कुमार के द्वारा साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे गए मैसेज का स्क्रीन शॉट भी साइबर थाना को उपलब्ध करवाया गया है।




# मिष्ठान भंडार के कई ठिकानों पर छापा

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** इनकम टैक्स विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पटना के प्रसिद्ध हरि लाल मिष्ठान भंडार के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई शहर के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को एक साथ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, रेड में बुद्धा कॉलोनी इलाके में हॉस्पिटो इंडिया के पास स्थित हरिलाल के हरि विला आवास से भारी मात्रा में ब्रांडेड विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। इनकम टैक्स विभाग की टीम जब जांच कर रही थी, तब उन्हें यह शराब मिली, जिसके बाद उन्होंने तुरंत बुद्धा कॉलोनी थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विदेशी शराब को जब्त कर लिया। इस दौरान संदीप कुमार नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

# अपराधियों ने पेलोडर मशीन को जलाया फायरिंग में सीसीएलकर्मी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के न्यू बिरसा परियोजना में अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया। एक पेलोडर मशीन को जला दिया। 2 पेलोडर मशीनों और 3 हाइवा के शीशे तोड़ दिये। इतना ही नहीं दहशत फैलाने के लिए कोयला डिपो में फायरिंग भी की। फायरिंग में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का एक कर्मचारी घायल हो गया। परियोजना के कर्मचारियों और आसपास के विस्थापितों में दहशत का माहौल है। विस्थापितों ने उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में काम पूरी तरह से ठप कर दिया है। लोडिंग भी बंद है। घटना बुधवार की रात को रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर स्थित उरीमारी न्यू बिरसा कोल डिपो में हुई। हथियार से लैस अपराधियों ने पहले 5 राउंड फायरिंग की। इसके बाद कोयला डिपो में खड़े जेसीबी को फूंक दिया। इसके बाद 5 अन्य वाहनों (2 जेसीबी और 3 हाइवा) में जमकर तोड़फोड़ की। बदमाशों की गोलीबारी में सीसीएल का एक कर्मचारी घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। घायल सीसीएलकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले घटना की जानकारी मिलते ही उरीमारी थाना के प्रभारी राम कुमार राम पेट्रोलिंग कार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को आता देख बदमाश वहां से फरार हो गये। उरीमारी थाना प्रभारी ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने रांची जिले के हिंदेगिर छापर से 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# 10 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2.454 किलो अफीम बरामद की है। इसकी कीमत राष्ट्रीय बाजार में करीब 10 लाख रुपए आंकी गई है। बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि दो तस्कर बारियातू थाना क्षेत्र से चतरा जिले के लावालौंग जा रहे हैं। इस सूचना पर बारियातू सीओ नंद कुमार राम और थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। चेकिंग के दौरान दो बाइक सवारों को पकड़ापुलिस ने डाकादिरी मोड़ तीतर महुआ के पास वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवारों को पकड़ा। हीरो ग्लैमर बाइक से सुरेश कुमार यादव की डिक्की से 593 ग्राम और हीरो स्प्लेंडर प्लस से सेवा गंझू की डिक्की से 1.861 किलो गीला अफीम बरामद हुआ। दोनों आरोपी चतरा जिले के रहने वाले हैं। सुरेश यादव बांदु लावालौंग का और सेवा गंझू हेडुम लावालौंग का निवासी है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# बाबा बागेश्वर जैसा बनने के लिए रची साजिश

## सिर कटी लाश मिलने की बात फैलाकर दफनाया, 22 दिन बाद जिंदा लौटा लड़का




**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में सिद्धि पाने के लिए एक परिवार ने मौत की ऐसी झूठी कहानी बनाई, जिस पर लोगों ने यकीन भी कर लिया लेकिन 22 दिन बाद उसकी पोल खुल गई. बाबा बागेश्वर की तरह पर्ची वाले सिद्ध बाबा बनने के टोटके को पूरा करने के लिए बाप-बेटे ने मिलकर अजीबोगरीब साजिश रची. साजिश के तहत 14 साल के किशोर को दूसरी जगह भिजवाया, फिर यह बात फैलाया कि उसका सिर कटा शव मिला है. शव को दफनाने का झूठा खेल भी खेला.

### परिवार का अजीबोगरीब कारनामा

इस परिवार ने 22 दिन पहले यह कारनामा किया था. 22 दिन के बाद जब 14 साल का किशोर घर लौटा तो लोग सन्न रह गए. जब पूरा कारनामा खुला तो यह कांड अब चर्चा का विषय बना हुआ है. लोगों के मुताबिक 14 साल का किशोर पर्ची निकालने का काम भी करता था. वह बाबा बागेश्वर की तरह प्रसिद्धि पाना चाहता था. संभवत किसी के कहने पर इस परिवार ने यह अजीबोगरीब हथकंडा रचा. वहीं, पुलिस का कहना है कि न तो किसी का अंतिम संस्कार किया गया और न ही किसी की मौत हुई. सिद्धि प्राप्ति करने के लिए यह मनगढ़ंत खेल इस परिवार ने मिलकर खेला.

**बाबा बागेश्वर बनने की चाहत में अपनाया हथकंडा**

मामला गया जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र का है. छोटकी नवादा पंचमोहनी के पास किराए के मकान में रहने वाला राजू कुमार का 14 वर्षीय पुत्र इधर कुछ महीनो से पर्ची निकालने का काम करता था. पर्ची निकालने से उसकी प्रसिद्धि होने लगी थी. कुछ लोगों को लाभ महसूस हुआ तो चर्चा हुई और फिर इसकी प्रसिद्धि होने लगी थी. इसके बाद इस परिवार ने बाबा बागेश्वर की तरह 14 वर्षीय बेटे को फेमस करने के लिए किसी के कहने पर अजीबोगरीब हथकंडा अपनाया.

### शव मिलने की बात कहकर दफनाया

बाबा बागेश्वर की तरह माहिर होने के लिए इस परिवार ने मिलकर टोटके को अपनाया. योजना के तहत 14 साल के बेटे को पर्चा निकालने के काम में माहिर बनाने के लिए दूसरी जगह गोपनीय तरह से रख दिया. इसके बाद मोहल्ले में उसका सिर कटा शव मिलने की बात कहकर पुतले का अंतिम संस्कार कर दिया. पूरे प्रकरण में किसी तरह की जानकारी डेल्हा थाना की पुलिस को नहीं दी गई. अंतिम संस्कार के सारे कर्मकांड दशमा आदि भी किए गए.

### 22 दिन बाद लौटा तो खुली पोल

एक ओर परिवार ने अंतिम संस्कार कर दिया था तो दूसरी ओर वह लड़का 22 दिनों के बाद जिंदा लौट आया. जब वह जिंदा लौटा तो पूरे मोहल्ले में यह खबर आग की तरफ फैल गई. मोहल्ले के लोग भी हैरान थे कि जब इसका शव परिवार को मिला तो फिर यह जिंदा कैसे लौट आया? बात डेल्हा थाना की पुलिस तक पहुंची तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने सख्ती बरती और परिवार वालों से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बताई.

### पिता कंपाउंडर, बेटा पर्ची वाला बाबा

14 साल का बेटा जहां बाबा बागेश्वर की तरह पर्ची वाला बाबा बनने की कला सीख रहा था, जबकि उसका पिता राजू कुमार पेशे से कंपाउंडर है. लोगों का मानना है कि पर्ची से आने वाले बीमार लोगों को कंपाउंडर द्वारा अच्छी दवाई दिए जाने से ठीक हो जाते थे. दवा को भभूत आदि में मिलाकर दिया जाता होगा और लोग ठीक होते होंगे और इसके बीच पर्ची वाले बाबा बागेश्वर के रूप में 14 साल के बेटे को प्रसिद्धि दिलाने का हथकंडा अपनाया था.

### पिता ने क्या कहा?

पिता राजू कुमार ने बताया कि शिवरात्रि के दो दिन पहले मेरा बेटा अपने दोस्त से मिलने गया था लेकिन शाम तक वह नहीं लौटा तो मेरे परिवार के लोग खोजने निकले. इस बीच रामशिला मोड़ के पास कुछ लोग हेलमेट लगाए हुए बाइक पर सवार थे, जो उसके पास तेजी से आए और हाथ में पर्ची देकर भाग निकले. पर्ची में उसके बेटे की हत्या कर देने और शव को कंडी नवादा के पास चिल्ड्रन पार्क के पीछे होने की बात लिखी थी. पर्ची में यह भी लिखा था कि यह बात पुलिस या किसी अन्य को बताने पर उसके और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी जाएगी.

### पुलिस की सख्ती के बाद सच सामने आया

हालांकि इस मामले के सामने आने के बाद मौके पर पहुंची डेल्हा थाना की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो असलियत सामने आ गई. परिवार ने माना कि सिद्धि प्राप्ति और फेमस होने के लिए इस तरह का हथकंडा अपनाया था. डेल्हा थानाध्यक्ष देवराज ने बताया 14 साल के किशोर की न तो मौत हुई थी और न तो शव दफनाया गया था. एक मनगढ़ंत कहानी बनाई गई थी. डेल्हा थाना के थानाध्यक्ष देवराज इंद्र का कहना है कि पूरी मनगढ़ंत कहानी थी. न ही किसी किशोर का शव मिला, न ही किसी की हत्या हुई और ना ही शव दफनाया गया. प्रसिद्धि पाने और फेमस होने के साथ-साथ सिद्धि प्राप्त करने के नाम पर इस तरह का मनगढ़ंत हथकंडा रचा गया था. पुलिस की पूछताछ में यह बात साफ तौर पर सामने आ गई है.

### बच्चे ने क्या बोला?

वहीं, बच्चे ने बताया कि दोस्त से मिलकर वह अपने घर लौट रहा था तो रास्ते में चार लोगों ने हथियार दिखाकर उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और उसे बाइक से कहीं ले गए. इसके बाद उसे इतना ही याद है कि उसके गले पर धारदार हथियार रखा गया था. इस घटना के बाद वह हनुमान मंदिर पटना में बेहोश पड़ा था. एक महिला आई और उसका नाम-पता पूछकर उसके घर पर लेकर चली आई.

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में घूसखोर कानूनगो गिरफ्तार, जमीन का रकवा सही करने के लिए मांग रहा था रिश्वत



**सुपौल, एजेंसी।** बिहार के सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के गुड़िया पंचायत में पटना से आई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की है. इस दौरान एक कानूनगो को 5 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है. जानकारी देते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक सुजीत कुमार सागर ने बताया कि परिवादी अनुपम कुमार ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी. वहीं बुधवार को गुड़िया पंचायत सरकारी भवन में सर्वे कार्य में लगे एक कानूनगो विकास कुमार को निगरानी थाना में दर्ज कांड के आधार पर 5 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है. परिवादी अनुपम कुमार की शिकायत पर कार्रवाई की गई है. बुधवार को गुड़िया पंचायत सरकारी भवन में सर्वे कार्य में लगे एक कानूनगो विकास कुमार को निगरानी थाना कांड संख्या 12/2025 दिनांक 19 मार्च 25 के आलोक में 5 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया. मामले को लेकर परिवादी अनुपम कुमार ने बताया कि जमीन सर्वे का काम चल रहा है. दो-तीन साल पहले जब उनके प्लॉट पर वेरिफिकेशन के लिए अमीन गए थे, तभी से परेशानी हो रही है. हाल के दिनों में सर्वेयर ने घूस नहीं देने के कारण उनके पिता के द्वारा खरीदी गई जमीन का रकवा कम करके भेज दिया. उसी को ठीक कराने के लिए वो कानूनगो विकास कुमार के पास गए थे. कानूनगो विकास कुमार ने दस हजार रुपये घूस मांगा था. जब कानूनगो विकास कुमार वेरिफिकेशन के लिए गए तो उन्होंने भी मेरे द्वारा बताए गए सभी बातों को धरातल पर सत्य पाया. इसके बावजूद भी उनके द्वारा घूस मांगी गई. काफी मनाने के बाद 5 हजार रुपये घूस देने की बात पर वो काम करने के लिए तैयार हुए थे. जिसकी शिकायत हमने निगरानी से की थी. निगरानी ने कानूनगो विकास कुमार को त्रिवेणीगंज बस स्टैंड स्थित एक निजी आवासीय होटल में रखा था. जहां निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा जरूरी कागजी कार्रवाई की गई. जिसके बाद निगरानी की टीम उसे अपने साथ पटना ले गई. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक सुजीत कुमार सागर ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक समीर चंद्र झा के साथ निगरानी की पांच सदस्यीय टीम शामिल थी.

### यूपी से बिहार आकर गुरुजी बने तीन बीपीएससी शिक्षक गिरफ्तार

■ आरक्षण के लिए आधार में बदल दिया एड्रेस



**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार सरकार ने इस बार शिक्षकों की भारी बहाली की है. बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के भी अभ्यर्थी बिहार में आकर शिक्षक की नौकरी कर रहे हैं, लेकिन अब तीन फर्जी शिक्षकों को पुलिस ने जालसाजी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी बेगूसराय जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से काउंसलिंग के दौरान की गई है. फर्जी शिक्षकों की गिरफ्तार होने के बाद शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया.

#### बेगूसराय में फर्जी शिक्षक गिरफ्तार

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने राजदेव राम ने बताया कि बुधवार को बेगूसराय में ञत्रश्च 3 की नियुक्ति के लिए शिक्षकों का काउंसलिंग किया जा रहा था. तीनों अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. इन पर आरोप है कि ये लोग फर्जी तरीके से बिहार का आधार कार्ड बनवाकर यहां आरक्षण का लाभ लेकर नियुक्ति पाना चाहते थे.

#### आधार कार्ड से छेड़छाड़

बेगूसराय डीईओ ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान जब उन लोगों के शैक्षणिक प्रमाणपत्र के साथ-साथ जब इनके आधार कार्ड की जांच की गई तो पाया गया कि इन लोगों ने आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ कर के अपना पता बदल दिया था. इस दौरान तीनों को फर्जी शिक्षा अभ्यर्थी घोषित करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया गया. अब नगर थाना में प्राथमिक दर्ज कर इनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है.

#### यूपी के हैं चारों फर्जी शिक्षक

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये शिक्षक अभ्यर्थियों में पप्पू कुमार भारती, अखिलेश कुमार, शिव शंकर गोंड एवं दीपक कुमार शामिल हैं. ये चारों शिक्षक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं जो कि टीआरई 3 की वैकेंसी निकलने के बाद फर्जी तरीके से आधार कार्ड बिहार का बनाकर आरक्षण का लाभ लेने के लिए दस्तावेज लगाए थे.

#### एक अभ्यर्थी फरार :

उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के दौरान जांच पड़ताल की गई तो शिक्षक अभ्यर्थी धाराएं. जिसमें से दीपक कुमार भागने में सफल रहे. इन सभी शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज शिक्षा विभाग के द्वारा कराई जा रही है.

# गया में दो गुटों में झड़प, जमकर हुई पत्थरबाजी, पुलिस कर रही कैंप

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई. इसके बाद जमकर रोडेबाड़ी हुई. पुलिस बलों के आने से पहले पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था. अब तक पुलिस को वारदात के कारणों का वजह नहीं पता चल सका है. फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है.

**गया में दो पक्षों के बीच झड़प:** दरअसल, गया शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत मुरारपुर काली स्थान के समीप किसी बात को लेकर दोनों पक्ष उलझ गए. दोनों ओर से जमकर रोड़ेबाजी होने लगी. इस बीच पुलिस को इसकी खबर लगी तो मौके पर तुरंत पुलिस के अधिकारी पहुंचे और स्थिति पर नियंत्रण किया कर लिया.

**घंटों मची रही अफरा-तफरी:** झड़प के बीच अफरातफरी का माहौल कायम रहा. जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर दोनों



पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए थे. दोनों ओर से रोड़े चले. हालांकि, रोड़ेबाजी में किसी के घायल होने की खबर नहीं है. पुलिस की टीम को मौके पर तैनात कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद स्थिति बिगड़ी और फिर रोड़ेबाजी होने लगी.

**पुलिस की टीम तैनातः** फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है. किंतु एहतियात के तौर पर अब भी इस क्षेत्र में नजर रखी जा रही है. यहां पर काफी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है.

# छपरा में शराब माफिया ने पिता-पुत्र को चाकू से गोदा

## जख्मी बोले-होली के दिन हुए विवाद के बाद किया हमला, दोनों की हालत गंभीर

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में बुधवार की रात शराब बिक्री का विरोध करने पर एक पिता-पुत्र को शराब कारोबारियों ने चाकुओं से गोद दिया। घायलों की पहचान बिचला तेलपा निवासी धुपन दास और उनके पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। घटना बुधवार की रात की बताई जा रही है। दोनों को पहले छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

### होली के दिन हुआ था विवाद

पीड़ित राजकुमार ने बताया कि उनके घर के सामने आरोपी शराब बेचते थे। होली के दिन भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस समय मामला शांत हो गया था। बुधवार रात फिर शराब बिक्री का विरोध करने पर



आरोपियों ने गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। बिचला तेलपा के निचले हिस्से में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी और बिक्री होती है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में पहले भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। धुपन दास के सीने, पीठ और बांह में चाकू के घाव हैं। राजकुमार की पीठ पर चाकू के गहरे निशान हैं।

### जांच में जुटी पुलिस

नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के छोटा तेलपा में दो पक्ष में मारपीट के दौरान दो लोगों को चाकू लगने का मामला सामने आया है। जिन्हें छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिहार में पहले युवक की हत्या की, फिर नमक डाला, उसके बाद जमीन में गाड़ दिया

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जहां अपराधियों ने एक युवक की निर्मम हत्या कर दी. उसके बाद शव जमीन के नीचे दफना दिया. इतना ही नहीं पहचान मिटाने लिए उस पर नमक भी डाल दिया. पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है और मामले की जांच कर रही है.

### बेगूसराय में युवक की हत्या

युवक की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. युवक की हत्या की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है. फिलहाल घटनास्थल पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ी हुई है. यह पूरा मामला मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी चौधरी टोल स्थित एक मकई के खेत का है. मृतक युवक की पहचान रामदीरी नकटी टोला के रहने वाले हरि किशोर सिंह के पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है.

### 16 मार्च से था लापता

घटना के संबंध में भाई पवन कुमार ने बताया कि पिछले 16 मार्च को घर से दो-तीन युवक इसे बुलाकर ले गया. उसके बाद वह घर वापस नहीं आया. युवक की परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला. जब युवक के बारे में लोगों को कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली, तो परिजनों के द्वारा इस घटना की सूचना मटिहानी थाना पुलिस को दी गई.



### मकई के खेत से आ रही थी बदबू

भाई ने बताया कि जब आज सुबह कुछ लोग मकई के खेत में शौच करने के लिए गए, तो वहां उन लोगों को काफी बदबू आने लगा. जब पास जाकर लोगों ने देखा तो और अधिक बदबू आने लगी, फिर उस गड्ढे को खोदा गया, तो गड्ढे में शव दफनाया हुआ था. लोगों ने बताया कि दीपक कुमार को निर्मम तरीके से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई.

### मकई के खेत में दफनाया

भाई ने बताया कि बदमाशों ने हत्या करने के बाद मकई के खेत में गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया गया. फिलहाल इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने मटिहानी थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही मौके पर मटियानी थाने के पुलिस पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.




# नीतीश कैबिनेट की बैठक में 38 एजेंडों पर मुहर लगी है. वाणिज्य कर विभाग में 460 पदों पर जल्द ही होगी बहाली

**पटना, एजेंसी।** बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक हुई है. जहां 38 प्रस्तावों पर मुहर लगी हैं. हालांकि विधानसभा सत्र की कार्यवाही के कारण मंत्रिपरिषद की बैठक की प्रेस ब्रीफिंग नहीं की गई.

### नीतीश कैबिनेट में 38 प्रस्ताव पास

सूत्रों के अनुसार 38 एजेंडों पर मुहर लगी है. जानकारी के अनुसार जिन महत्वपूर्ण एजेंडा पर मुहर लगी है, उसमें राजगीर में पुरुष हॉकी आयोजित करने के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई है, इस पर 24 करोड़ की राशि खर्च होगी. पुरुष हॉकी के साथ ही राजगीर में ही रग्बी खेल प्रतियोगिता आयोजित करने की भी स्वीकृति दी गई है.

### 460 पदों पर जल्द ही बहाली होगी

जहानाबाद और भागलपुर में पेयजलापूर्ति योजना के लिए भी राशि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई है. सूत्रों के अनुसार वाणिज्य-कर विभाग में 460 पद सृजित करने की स्वीकृति भी कैबिनेट में दी गयी है. पटना निफ्ट में प्रेक्षागृह निर्माण के लिये 30 करोड़ की स्वीकृति दी गई है.

### विधानसभा सत्र के कारण ब्रीफिंग नहीं हुई

बिहार विधानसभा सत्र के कारण कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग नहीं की गई है. बुधवार को बजट सत्र का 12वां दिन था. कई अलग-अलग सवालों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमा-गरमी देखी गई. हालांकि हंगामे और शोर के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच इशारों में बातें भी हुईं. सीएम ने इशारों में उनसे पूछा कि दाढ़ी क्यों नहीं बनाए हो? इसके बाद तेजस्वी भी मुस्कुराने लगे.

# फर्जी दस्तावेज के साथ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

## सुपौल में भारत-नेपाल बॉर्डर पर SSB जवानों ने पकड़ा, घुसपैठ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 45वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी कुनौली ने चेकपोस्ट ड्यूटी के दौरान एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को नकली दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहा था और संदेह होने पर एसएसबी जवानों ने उसे रोककर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपनी सही पहचान छुपाने की कोशिश की और नकली दस्तावेज भी दिखाए। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के जवानों ने चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहे एक व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर रोका।

**फर्जी दस्तावेज के साथ धराया :** जब उससे पहचान पत्र दिखाने को कहा गया, तो उसने एक नकली आधार कार्ड प्रस्तुत किया और अपने सामान की तलाशी देने से इनकार कर दिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोल्ला अकबर, पिता - मोल्ला रफ़ी, उम्र 49 वर्ष (आधार कार्ड के अनुसार), वास्तविक उम्र 65 वर्ष, ग्राम - तेंतुलबेरिया, थाना+पोस्ट - नक्शीपाड़ा, जिला - नादिया, पश्चिम बंगाल - 741138 बताया। गहन पूछताछ के दौरान उसने यह भी स्वीकार किया कि वर्ष 2010-11 में मुंबई पुलिस ने उसे बांग्लादेशी नागरिक होने के आधार पर गिरफ्तार किया था। पनवेल पुलिस द्वारा उसे छह महीने की जेल भी हुई थी। व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने और अपनी पहचान छुपाने के कारण एसएसबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे कुनौली थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

**घुसपैठ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट :** इस कार्रवाई में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक जयदेव घोष सहित अन्य जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएसबी की सक्रियता और सतर्कता के चलते एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक की गिरफ्तारी संभव हो सकी, जिससे सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिली। एसएसबी अधिकारियों के अनुसार व्यक्ति के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और नकली दस्तावेजों के आधार पर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि उसकी भारत में आने की वास्तविक मंशा क्या थी। भारत-नेपाल सीमा पर इस तरह के मामलों को रोकने के लिए एसएसबी की गश्त और कड़ी कर दी गई है।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 20-03-2025 21:54 Page 1



# रिश्वत लेते नाजिर और प्रमुख पति गिरफ्तार

## हिरासत में लेकर बीडीओ से की जा रही पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के रतनी फरीदपुर प्रखंड कार्यालय में गुरुवार दोपहर विजिलेंस ने छापा मारकर रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए प्रखंड नाजिर और प्रमुख पति को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में बीडीओ अनिल मिस्त्री, प्रमुख पति बबन मियां और नाजिर सुनील कुमार को हिरासत में लिया गया है। विजिलेंस की टीम बीडीओ अनिल मिस्त्री से भी पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस टीम सभी आरोपियों को जहानाबाद सर्किट हाउस लेकर गई है। जानकारी मिली है कि गांव में पेवर ब्लॉक लगाने के बाद ठेकेदार के भुगतान को लंबित रखा गया था और अधिकारियों द्वारा 40,000 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

जिसके बाद ठेकेदार ने इस संबंध में विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। गुरुवार दोपहर प्रखंड कार्यालय में रिश्वत लेते हुए तीनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।



विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बिहार सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और हाल के दिनों में विजिलेंस विभाग ने कई अधिकारियों पर शिकंजा कसा है। इस मामले में भी कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर नकेल कसने के लिए धावा दल का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों, मेडिकल लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर जिले में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने इस कार्रवाई के लिए तीन सदस्यीय धावा दल का गठन किया है, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड थाना प्रभारी को शामिल किया गया है।

सिविल सर्जन ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर इस अभियान की निगरानी अनुमंडल पदाधिकारी करेंगे, जबकि जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को अवैध अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया है।

अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर बिहार नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली-2023, संशोधित नियमावली-2025 और पीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन ने भारतीय चिकित्सा संघ के सदस्यों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

धावा दल के पदाधिकारी हर दिन अपनी जांच रिपोर्ट सिविल सर्जन को सौंपेंगे, जिसके आधार पर उप विकास आयुक्त समीक्षा करेंगे। जिला पदाधिकारी भी साप्ताहिक रूप से इस अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस कार्रवाई से जिले में अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि बिना लाइसेंस के चल रहे किसी भी स्वास्थ्य संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।

# हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहाना, किसानों को क्षति

## बिहार के 20 जिलों में अलर्ट जारी

**▸ पश्चिमी विक्षोभ का दिख रहा असर**

**▸ दो दिनों तक बारिश की संभावना**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मौसम में अचानक बदलाव देखा गया है। गुरुवार को पटना, गया, जहानाबाद में हल्की बारिश हुई और कई इलाकों में बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। आरा में भी बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने आज 18 जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, पटना, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बांका, जमुई, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, वैशाली, सारण और भोजपुर जिलों में अगले दो से तीन घंटे के भीतर बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 48 घंटे में बिहार में अधिकतम तापमान 26 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। कई जिलों में पछुआ हवा की गति मध्यम से तेज हो सकती है, जिससे सुबह और शाम हल्की ठंडक का एहसास होगा।मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने जानकारी दी कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से बिहार के विभिन्न हिस्सों में अगले दो दिनों तक बारिश होगी। इससे तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 21 और 22 मार्च को बिहार के पटना, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बांका, जमुई, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर समेत करीब 20 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 70 फीसदी क्षेत्र में बारिश का असर हो सकता है और हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की संभावना है।

किसानों को अपनी फसलों को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है, ताकि अचानक बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान न हो। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कहा गया कि किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फसलों को सुरक्षित रखें, ताकि वे आने वाले तूफान और ओलावृष्टि से बच सकें।

# विभिन्न मांगों को लेकर सेविकाओं ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बिहार आंगनबाड़ी सेविका संघ के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय के बाहर सभी सेविकाओं ने एक दिवसीय धरना दिया। आंगनबाड़ी सेविक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बेला सिन्हा ने अध्यक्षता किया।

धरना को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बेला सिन्हा ने कहा कि संघ के आवाहन पर पांच सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ग्रेच्युटी अभिलंब लागू हो, गुजरात हाई कोर्ट के निर्णय के आलोक में सेविका सहायिका को सरकारीकरण किया जाय और एफ आर एस के तहत टी एच आर कराने का आदेश निरस्त किया जाय, पोषण ट्रैक्टर पर काम करने के लिए 5 जी मोबाइल सेट उपलब्ध कराने एवं रिचार्ज हेतु 5000 रुपए का सालाना राशि भुगतान करने,




पोषाहार राशि में वृद्धि करने के साथ बाजार रेट से पोषाहार सामग्री उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग शामिल है। संघ अध्यक्ष बेला सिन्हा ने कहा सरकार द्वारा जब तक आंगनवाड़ी सेविकाओं के सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है संघ के निर्देश पर आगे भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर सेविका किरण कुमारी, सरोज देवी, सरस्वती कुमारी, रंभा भारती, सबिता कुमारी, बिंदु कुमारी, महालक्ष्मी कुमारी, सरिता कुमारी, जयमाला कुमारी, कलिया देवी, शशिकला सिन्हा,फूलमनी सिन्हा, सुनीता कुमारी सहित सभी सेविका सहायिका आदि थे।

# हाई कोर्ट के आदेश पर 33 शिक्षकों की सेवा होगी समाप्त

## वेतन मद में ली गयी राशि की भी होगी वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गोपालगंज जिले के विभिन्न विद्यालयों में नियुक्त 33 शिक्षकों को सेवा मुक्त किया जाएगा।

इसमें बिना रिक्ति के जिला अपीलीय प्राधिकार से नियुक्त किए गए शिक्षक शामिल हैं। इस संबंध में पटना हाई कोर्ट के आदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने जिले के 11 प्रखंडों के बीईओ को पत्र भेजकर दिशानिर्देश जारी किया है।

जिसमें कहा है कि अदालत के निदेर्शानुसार, राज्य अपीलीय प्राधिकार की ओर से पारित आदेश में नियुक्ति को अवैध मानते हुए नियुक्ति तिथि से इन्हें सेवा मुक्त करें। साथ ही वेतन मद में ली गई राशि की वसूली भी की जाएगी।

तमाम शिक्षक जिले के गोपालगंज सदर, बैकुंठपुर, विजयीपुर, पंचदेवरी, थावे, भोरे, फुलवरिया, उचकागांव, बरौली, कुचायकोट व सिधवलिया प्रखंड के हैं।

इन प्रखंडों के बीईओ को निर्देश दिया गया कि इन सभी शिक्षकों का तत्काल वेतन स्थगित करते हुए वेतन मद में इनकी ओर से प्राप्त की गई राशि की गणना करते हुए अपने स्तर से इन सभी शिक्षकों को एक माह में उक्त राशि को डीईओ कार्यालय में जमा करने का निर्देश देंगे। साथ ही इस पत्र का तामिला सभी पक्षों को कराना सुनिश्चित करेंगे।

स्थापना डीपीओ जमालुद्दीन ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद 33 शिक्षकों को सेवा मुक्त करने और वेतन मद में दी गई राशि वसूलने को लेकर संबंधित बीईओ को पत्र भेजकर निर्देश दिया गया है।




सेवा मुक्त होने वाले शिक्षकों में बैकुंठपुर में कामेश्वर प्रसाद यादव, अर्जुन कुमार ठाकुर, माधुरी कुमारी, निकू, रीना कुमारी, श्यामली, सुनील कुमार सिंह, कुमारी अन्नू तिवारी, राजेश कुमार सिंह, गणेश कुमार सिंह, रमता प्रसाद, रागिनी कुमारी, पूजा कुमारी व ज्ञांति कुमारी, बरौली की पूजा कुमारी, सुजित कुमार सिंह, जमीला खातून, अनिल कुमार श्रीवास्तव व पिंटू कुमार राय। सिधवलिया की मीरा कुमारी, गोपालगंज की कामिनी कुमारी, रिंकी कुमारी, किरण कुमारी, कुचायकोट की कुमारी अनामिका सिंह, फुलमती साह, थावे के नुरैन, उचकागांव के अमीरे आजम, फुलवरिया के कन्हैया कुमार पासवान, ममता कुमारी, भोरे के ब्यास कुमार सिंह, विजयीपुर के प्रवीण कुमार शाही, पंचदेवरी के सुनील कुमार यादव तथा मांझा की विमला प्रसाद।

# पाकिस्तानी युवती को मिली जमानत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** प्रेमी को पाने के लिए भारतीय सीमा लांघकर आई पाकिस्तानी युवती खादिजा नूर को अब जमानत मिल गई है। ढाई साल पहले वह पकड़ी गई थी। सीतामढ़ी की जेल में दो साल सात माह गुजारने के बाद खादिजा को जमानत पर सशर्त रिहा किया गया है।

खादिजा का जमानतदार उसका प्रेमी सैयद हैदर बना है। कोर्ट के आदेश के आलोक में जब तक इस मुकदमे का निष्पादन नहीं हो जाता, तब तक खादिजा को सीतामढ़ी में ही रहना पड़ेगा। वहीं, प्रेमी सैयद हैदर को हर माह कोर्ट में एवं स्थानीय थाने में हाजिरी लगानी होगी।

बता दें कि पाकिस्तान के फैसलाबाद मदिना टाउन की निवासी खदीजा नूर आठ अगस्त, 2022 को भारतीय सीमा में प्रवेश करने के दौरान भिट्ठामोड़ बॉर्डर पर पकड़ी गई थी। खादिजा आंध्र प्रदेश के हैदराबाद अलीनगर बहादुरपुरा निवासी अपने प्रेमी सैयद हैदर से मिलने जाने के लिए भारतीय सीमा में प्रवेश कर रही थी।खादिजा पहले दुबई, फिर नेपाल गई और बिहार में भारत-नेपाल सीमा के रास्ते प्रेमी से मिलने के लिए जा रही थी। पाकिस्तानी युवती की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में मामले की सुनवाई होती रही।

आखिरकार खादिजा को 18 अक्टूबर, 2022 को जमानत दे दी गई, लेकिन जमानतदार की समस्या व कागजी दांव-पेच के कारण खादिजा को जेल में ही रहना पड़ा।

यह मामला हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट के निर्दश पर खादिजा का प्रेमी हैदराबाद से सीतामढ़ी पहुंचकर जमानदार बना। कोर्ट ने प्रेमी सैयद हैदर का पासपोर्ट जब्त कर लिया है। अब खादिजा प्रेमी के साथ रह सकेगी।

अधिवक्ता सेराज अहमद ने बताया कि पाकिस्तानी युवती खादिजा नूर अपने प्रेमी से मिलने के नेपाल के रास्ते भारतीय सीमा में प्रवेश कर रही थी। खादिजा का वीजा अवैध था। जिसके कारण पकड़ी गई। अब तक की हुई सुनवाई एवं अधिकारियों की जांच में भारत में देश विरोधी कोई सुबूत नहीं मिले हैं।

खादिजा को जमानत 18 अक्टूबर, 2022 को ही मिल गई थी, मगर कागजी दांव-पेच व जमानतदार की समस्या को लेकर इतने दिन जेल में ही बिताना पड़ा।

खादिजा के प्रेमी व उसका एक भाई जमानतदार बना है।

# पटना में पहली बार सेपकटकरा वर्ल्ड कप का हुआ आगाज

## पहला मैच भारत-न्यूजीलैंड के बीच, दर्शक दिखे उत्साहित, भारत जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सेपकटकरा वर्ल्ड कप का आगाज हो चुका है। बिहार पहली बार इस खेल की मेजबानी कर रहा है। पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कांपलेक्स में सीएम नीतीश कुमार ने विश्व कप का आगाज किया। सीएम नीतीश कुमार ने सेपकटाकरा वर्ल्ड कप की मेजबानी बिहार के लिए बहुत गर्व की बात है। इधर, पहले मैच को देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित दिखे। पहला मैच इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच हुआ। भारत की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाते हुए बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम ने पूरे खेल में अपनी बढ़त बनाए रखी। जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पिछले बार की विजेता टीम न्यूजीलैंड को 2-0 से हरा दिया।



वहीं खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध बिहार सरकार के निरंतर प्रयास से आज बिहार खेल की दिशा में नई ऊंचाईयों को छू रहा है। आज गाँव गाँव तक खेल आंदोलन पहुंच चुका है तथा गांव की प्रतिभा का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रुप में तैयार किया जा रहा है।

इस वर्ल्ड कप के बिहार में आयोजन से ना सिर्फ बिहार के खिलाडियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि खेल के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर बिहार की छवि और सुद्दढ़ होगी। सुरेन्द्र मेहता ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों से मिलकर उनको प्रोत्साहित किया।

बता दें कि बिहार में पहली बार सेपकटाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में 20 से 25 मार्च तक किया जा रहा है। इस वर्ल्ड कप में विश्व के 20 देश हिस्सा ले रहे हैं तथा 300 से ज्यादा खिलाडियों और प्रशिक्षकों की भागीदारी इसमें है। जापान, म्यांमार, थाईलैंड, मलयेशिया, ईरान, वियतनाम, भारत, ब्राजील, पोलैंड, फ्रांस, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, यूएसए, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, इंडोनेशिया, इटली, चीनी ताइपे. की टीमों के बीच सेपकटाकरा का रोमांचक मुकाबला होगा।

# इनामी अपराधियों को पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** पुलिस ने दो इनामी बदमाशों को दिल्ली से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों गिरफ्तार अपराधी पटना जिले के मोकामा निवासी हैं और इनके खिलाफ मोकामा और तेघड़ा थाना में कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तेघड़ा थाना क्षेत्र में हुए एक हत्याकांड के आरोप में वांछित कन्हैया कुमार उर्फ मंगरू और निकेत कुमार उर्फ कारू को जिला आसूचना इकाई और चीता बल की संयुक्त टीम ने नई दिल्ली के सरिता विहार स्थित जसोला हाउस में छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

तेघड़ा में 20 दिसंबर को कांग्रेस ऑफिस के पास किराना दुकान से सामान खरीदकर लौट रहे गोपाल कुमार उर्फ गोलू की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में फरार चल रहे कन्हैया और निकेत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। दोनों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

गिरफ्तार कन्हैया कुमार उर्फ मंगरू मोकामा के मोलदियार टोला का निवासी है और उसके खिलाफ मोकामा और तेघड़ा थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट और मद्य निषेध कानून सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, निकेत कुमार उर्फ कारू भी मोलदियार टोला का ही रहने वाला है और उसके खिलाफ भी संगीन अपराधों के मामले लंबित हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। इनके अन्य आपराधिक गतिविधियों और संभावित नेटवर्क को लेकर भी जांच की जा रही है।

## दस घरों में लगी आग, लाखों की क्षति

**शिवहर।** नगर परिषद के वार्ड 13 खैरवा दर्प रामपुर टोला में गुरुवार शाम भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई, जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि चुन्नु बैठा के घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से निकली चिंगारी ने आग का विकराल रूप ले लिया। हवा के तेज झोंकों ने आग को और भड़का दिया, जिससे 10 घर जलकर खाक हो गए। गांव में कई घरों में शादी की तैयारियां चल रही थीं, जिसके कारण बड़ी मात्रा में कीमती सामान, गहने, अनाज, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य वस्तुएं जलकर नष्ट हो गईं। घटना में 16 लाख रुपये से अधिक की नुकसान होने का अनुमान है।

# एसएसओ सहित छह पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया ।** खगड़िया के अलौली प्रखंड स्थित बहादुरपुर थाना के एसएचओ और अन्य 5 पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। उनके विरुद्ध अब विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर खगड़िया एसपी राकेश कुमार के द्वारा की गई है।

बीते 13 मार्च को देर रात अलौली थाना क्षेत्र के पड़री सरपंच आशुतोश कुमार अपने परिवार के अन्य 5 सदस्य के साथ एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद अपने

घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पोखरा गांव के नजदीक उनकी गाड़ी को बहादुपुर थाना पुलिस ने तलाशी के लिए रोक लिया था, जिसके बाद उनके वाहन में थानाध्यक्ष अजय कुमार की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने शराब की बोतल रख फोटो खींच लिया। इसके बाद सभी लोगों को बहादुरपुर थाना ले जाकर हाजत में बंद कर दिया। इस्नको छोड़ने के एवज में 80 हजार रुपये की वसूली की गई थी।

घटना के बाद पीड़ित सरपंच ने इस मामले में बेगूसराय के डीआईजी आशिष भारती के पास आवेदन देकर गुहार लगाया था। जिसमें डीआईजी के निर्देश पर एसपी ने सदर एसडीपीओ-2 से इसकी जांच कराई थी। जांच में पाया गया कि आवेदक द्वारा लगाया गया आरोप सही है। जिसके बाद सभी को निलंबित किया गया था। इधर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी पर अलौली थाना में कांड संख्या 117/25 धारा-127(2)/308(2)/3(5) बी.एन.एस. एवं 50(ऊ) बिहार मधनिषेद एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम-2018 एवं एससी-एसटी एक्ट में दर्ज की गई है।

बहादुरपुर थाना पुलिस के द्वारा इस मामले में पीड़ित को हाजत से निकालकर खगड़िया सीमा के बाहर बखरी में ले जाया गया था। जहां एक एटीएम से पुलिस ने पीड़ित से 80 हजार रुपये निकलवाए। पुलिस की जांच में जब एटीएम की फूटेज को खंगाला गया तो पीड़ित का आरोप सत्य पाया गया। जिसमें बहादुरपुर थाना के पुलिस कर्मियों की काली करतूत कैद मिली। जिन निलंबित पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज किया गया है उनमें पुलिस निरीक्षक सह ओपी अध्यक्ष अजय कुमार, चालक सिपाही नागेश्वर राम, सिपाही मनोज कुमार, सिपाही भीम कुमार, चौकीदार सुरेश कुमार और चौकीदार दीपक कुमार नाम शामिल है। इधर पुलिस के इस कार्रवाई पर वरीय अधिवक्ता अजिताभ सिन्हा ने कहा कि ऐसी कार्रवाई से लोगों का विश्वास पुलिस पर बढेगा।

# रेलवे ट्रैक से एसएसबी के जवान की मिली लाश

## क्षेत्र में मची सनसनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे एसएसबी जवान का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 18वीं बटालियन राजनगर मुख्यालय के जवान योगेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले के तिवारीपुर कचवा गांव के निवासी थे।

शव मिलने की सूचना पर रेल जीआरपी थाना जयनगर की थाना अध्यक्ष बीना देवी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान मृतक के पास से एक मोबाइल फोन, पर्स और आई कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सकी। इसके बाद एसएसबी 18वीं बटालियन मुख्यालय को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंचे एसएसबी के अधिकारियों और जवानों ने अपने साथी को श्रद्धांजलि दी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मधुबनी सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को अधिकारियों को सौंप दिया गया। इसके बाद पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के पास भेज दिया गया।

थाना अध्यक्ष बीना देवी ने बताया कि जवान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है। यह हादसा है या हत्या, इसकी पुष्टि रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है, ताकि मौत की असली वजह का पता लगाया जा सके।

# दंपत्ति पर हमला, पत्नी घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णियां।** किशनगंज शहर के बस स्टैंड के पास महाला बस्ती में एक पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक दंपती पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार की देर शाम हुए इस हमले में अंकित सिंह और उनकी पत्नी मनीषा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को किशनगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना को लेकर बताया गया कि जब मनीषा देवी बाजार से सब्जी खरीद कर लौट रही थीं। तभी पड़ोस में रहने वाली आरती देवी और उनके बेटों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। मनीषा देवी ने बताया कि आरती देवी ने धारदार ब्लेड से उनके गले पर हमला करने की कोशिश की, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गईं। शोर सुनकर जब पति अंकित सिंह मौके पर पहुंचे। फिर उन्होंने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर भी लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं।

# बाइक लूट का विरोध करने पर बैंककर्मी को मारी गोली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के गंगाजल हाई स्कूल के पास बाइक लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने बैंक कर्मचारी को गोली मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को सड़क पर तड़पता देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल की पहचान हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के बागमली निवासी रवि रंजन कुमार (42) के रूप में हुई है। रवि रंजन पटना स्थित एसबीआई बैंक में कार्यरत हैं।

रवि रंजन ने बताया कि ड्यूटी खत्म कर पटना से घर लौटते समय गंगाजल हाई स्कूल के पास दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें रोका।

बदमाशों ने उनकी बाइक, मोबाइल और पर्स छीनने का प्रयास किया। जब उन्होंने विरोध किया, तो एक अपराधी ने पिस्तौल निकालकर उनके पैर में गोली मार दी। घटना के बाद अपराधी केवल मोबाइल लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

सोनपुर एसडीपीओ ने हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 28 पेड़ों की वजह से अटका था 500 करोड़ रुपये का ये प्रोजेक्ट, अब इस शर्त पर मिली काटने की अनुमति

**आगरा , एजेंसी।** प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि लेडी लायल परिसर को मिलाकर करीब 50 एकड़ जमीन में एसएन मेडिकल कॉलेज का विस्तार होगा। दो चरणों में करीब 1000 करोड़ की योजनाओं से विभाग बनेंगे। पहले चरण में लेडी लायल परिसर में 28 पेड़ काटने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट से मिल गई है। इसके एवज में हलवाई की बगीची स्थित क्षेत्र में 300 पौधे लगा दिए गए हैं। वन विभाग से पेड़ काटने की औपचारिक अनुमति मांगी है। इसके मिलने के बाद समिति की निगरानी में पेड़ कटवाने के बाद लकड़ी नीलाम की जाएगी। राजस्व विभाग में धनराशि जमा कराई जाएगी। अप्रैल से इंटीग्रेटेड योजना के तहत पांच बहुमंजिला इमारतों का निर्माण शुरू हो जाएगा।

**धनराशि जमा करने के लिए भेज रहे पत्र:** डीएफओ आदर्श कुमार ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद एसएन प्रशासन ने वन विभाग से पेड़ काटने के लिए पत्र भेजा है। इसमें तय धनराशि जमा कराने के लिए निर्देशित करते हुए एक-दो दिन में अनुमति प्रदान कर दी जाएगी।

### गोरखपुर में बेटे ने की मां की हत्या, चेहरे और गर्दन के पास चोट के निशान; घर में ताला लगाकर भागा आरोपी

**गोरखपुर, , एजेंसी।** गोरखपुर के शाहपुर इलाके में आवास विकास कालोनी में एक युवक ने मां की हत्या कर दी। सोमवार की रात शराबी बेटे ने मां की हत्या करने के बाद मकान में ताला लगाया और फरार हो गया। मंगलवार की रात पड़ोसी की सूचना पर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 60 वर्षीय महिला के चेहरे और गर्दन के पास चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### 90 लाख रुपये से होगा मालीपुरा पथवारी मंदिर का सुंदरीकरण

**अलीगढ़ , एजेंसी।** मालीपुरा स्थित पथवारी मंदिर के सुंदरीकरण के लिए 90 लाख रुपये की मंजूरी मिल गई है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया है कि राशि मिलने पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि कस्बा के मालीपुरा में पथवारी मंदिर के लिए नगर पालिका के प्रयास से वंदन योजना के तहत संस्कृति धरोहरों के संरक्षण एवं पुनरुद्वार की प्राथमिकता के आधार पर 90 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इससे मंदिर का सुंदरीकरण व निर्माण कराया जाएगा। स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों व मंदिर की कमेटी सदस्यों में खुशी की लहर है। मंदिर का निरीक्षण करते हुए संजय ने कहा कि नवरात्र के समापन के अगले दिन से ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान प्रेमपाल कमांडो, नंदकिशोर सैनी, पवन अग्रवाल, उमाशंकर सैनी, योगेश अग्रवाल, नरेश बघेल, बाबूलाल सैनी, गगन सैनी आदि मौजूद रहे।

### बाइक टकराने पर सराफ की पीटा, लूट का शोर मचा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना इगलास क्षेत्र में रामनगिया के पास बुधवार शाम बाइक टकराने के विवाद तीन युवकों ने सराफ को पीट दिया। सराफ ने लूटपाट होने की सूचना पुलिस को दी, जिसपर सीओ इगलास थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। हमलावर युवक गांव श्यमगढ़ी पंपापुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इनमें दो की पहचान हो गई है। दुर्गेश मूलरूप से गहलऊ के रहने वाले हैं और यहीं पर उनकी आभूषणों की दुकान है। वह फिलहाल इगलास में रह रहे हैं। घटना के वक्त वह दुकान बंद कर इगलास जा रहे थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि इगलास-गोंडा मार्ग पर स्थित गांव रामनगिया के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया। बदमाशों ने उनसे एक सोने की अंगूठी और पर्स लूट लिया। पर्स में छह हजार रुपये थे। उनके बयान का एक वीडियो भी वायरल हो गया है। बाद में उन्होंने लूटपाट की कोशिश करने और पीटने की तहरीर थाने में दी है। इंस्पेक्टर इगलास नरेंद्र यादव का कहना है कि घटना लूटपाट की नहीं, मारपीट की है। मारपीट करने वालों की पहचान हो गई है। बाइक टकराने पर विवाद हुआ था, ग्रामीणों ने बीच बचाव करा दिया था।

# एक दिन के गोंडा दौरे पर मुख्यमंत्री योगी, युवाओं के हौसले को मिलेगी उड़ान, बांटेंगे 49 करोड़ का ऋण

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिन के भ्रमण पर आज गोंडा पहुंच रहे हैं। यहां पर वह युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत देवीपाटन मंडल के 1,282 युवाओं के हौसले को उड़ान देंगे। इसके चलते ही पुलिस व प्रशासन का पूरा महकमा बुधवार को सीएम के आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा इंतजामों को चाकचौबंद बनाने की कवायद में जुटा रहा।

प्रशासन से जुड़े अफसरों ने बताया कि सीएम योगी बृहस्पतिवार को दोपहर 12ः10 बजे बहराइच के मिहीपुरवा से गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे गोंडा मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यहीं पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत देवीपाटन मंडल के कुल 1,282 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख



रुपये का ऋण दिया जाएगा।

इस योजना के तहत लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का चार साल के लिए ब्याज मुक्त लोन व एकमुश्त 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ही नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला उद्योग उपायुक्त बाबू राम ने बताया कि देवीपाटन मंडल के मुख्यमंत्री के विशेष अभियान के तहत 1,282 युवाओं को एक साथ 49.91 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जाएगा। इसके बाद सीएम जिला पंचायत सभागार में प्रस्तावित मंडलीय समीक्षा बैठक में हिस्सेदारी करेंगे।

#### सीएम के हाथों इनको मिलेगी ऋण राशि

युवाओं के हौसले को उड़ान भरने के लिए सीएम योगी जानकीनगर की बबिता दूबे, अयाह निवासी सुशीला देवी, जानकीनगर की किरन प्रजापति, खोरहंसा निवासी अखिलेश कुमार तिवारी, भूपतपुर नौंसी रुद्रगढ़ निवासी ऋषिकांत, गरीबीपुरवा निवासी दीपक यादव, परसपुर की नेहा वर्मा और भार्गव कॉलोनी निवासी मोनिका मनोज उपाध्याय को सहित अन्य युवाओं को सीएम योगी खुद अपने हाथों से डेमो चेक देकर उद्यम के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही वह बहराइच के तीन, बलरामपुर के दो और श्रावस्ती के दो युवाओं को भी चेक सौंपेंगे।

#### ओडीओपी के तहत मिलेगी टूलकिट

सीएम योगी आदित्यनाथ एक जनपद एक उत्पाद के तहत खाद्य प्रसंस्करण में राधाकुंड के पूनम त्रिपाठी, गांधी विद्या मंदिर के रीता सोनी, मिश्रौलिया जानकीनगर के विनीता मिश्रा, तेजपुरवा के सोनी बड़गांव शिवबख्त पुरवा दत्तनगर विसेन निवासी रूबी यादव को टूल किट भी प्रदान करेंगे।

## किराना दुकानदार के घर पर आधी रात बमबाजी, लगातार तीन धमाकों में दहला इलाका

**प्रयागराज , एजेंसी।** शहर का पुराना कटरा इलाका मंगलवार आधी रात बमबाजी से दहल उठा। यहां किराना दुकानदार अशोक साहू के घर पर देर रात पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने एक के बाद एक तीन बम मारे। जोरदार धमाके से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज किया है। अशोक पुराना कटरा में रहते हैं और किराना का कारोबार करते हैं। मनमोहन पार्क के पास उनका घर है।

उनके बेटे शिवम ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि रोज की तरह मंगलवार रात भी सभी लोग सो रहे थे। रात दो बजे के करीब अचानक जोर के तीन धमाके हुए। वह बाहर निकले तो वहां कोई दिखाई नहीं दिया। बाद में सामने लगे एक सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा गया तो पता चला कि बाइक से आए तीन युवकों ने उनके घर पर बमबाजी की। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि रात 2ः06 मिनट पर एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश पहुंचते हैं। इनमें से एक नीचे उतर जाता है जबकि अन्य दोनों बाइक पर ही बैठकर धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहते हैं। अगले ही पल तीसरा बदमाश उनके घर पर बमबाजी शुरू कर देता है। एक के बाद एक तीन बम मारता है और फिर अपने साथियों संग निकल भागता है। बमबाजी करने वाले युवक कौन थे और उन्होंने घटना क्यों अंजाम दी।

# एक बार फिर पूरे प्रदेश में बदलेगा मौसम, कई जिलों में सुबह से छाए हैं बादल

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में एक बार फिर से मौसम बदलने जा रहा है। गुरुवार को प्रदेश के कई जिलों में सुबह बादल छाए दिखे। आज शाम तक कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश का मौसम लगातार करवटें बदल रहा है। प्रदेश के करीब-करीब सभी जिलों में यह बदलाव आने वाले दो से तीन दिनों में दिखेगा। बुधवार को तीखी धूप की जगह लखनऊ सहित आसपास के जिलों में गुरुवार को बादल आते और जाते रहे। मौसम विभाग पहले ही कह चुका है कि गुरुवार से प्रदेश में हवाओं का रुख बदलने के साथ-साथ तापमान में भी अंतर आएगा।

पहले पछुआ के मद्धिम पड़ते ही उत्तर प्रदेश के मौसम में तेजी से बदलाव आया है। बुधवार को देर सुबह से ही तपिश भरी गर्मी महसूस होने लगी। दोपहर चढ़ने के साथ धूप सख्त हुई और कई जिलों के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस का उछाल दर्ज किया गया। प्रयागराज, वाराणसी और झांसी आदि जिलों में धूप की तपिश से लोगों का बुरा हाल रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के मुताबिक बृहस्पतिवार से प्रदेश के मौसम में फिर से बदलाव के संकेत हैं। 20 से 22 मार्च के बीच



यूपी के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में गरज चमक और झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। इसके असर से पारे में तात्कालिक तौर पर गिरावट आएगी।

#### 23 से फिर बढ़ेगी गर्मी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक यूपी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बंगाल की खाड़ी से चली नमी युक्त पुरवाई फिर से मौसम में बदलाव लाएगी।

बृहस्पतिवार से शनिवार के बीच दक्षिणी पूर्वी यूपी और पश्चिम के विभिन्न इलाकों में गरज चमक संग बूंदाबांदी होगी। बूंदाबांदी से तापमान में हल्की गिरावट आएगी लेकिन 23 मार्च से फिर से पारे में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

## सनातनी आस्था का विदेशों में प्रभाव ; आस्ट्रेलिया में पिता की मौत, बेटे ने काशी में किया तर्पण



**वाराणसी , एजेंसी।** मोक्ष की भूमि, अर्पण की भूमि और तर्पण की भूमि है काशी। यहां पर पितरों के मोक्ष के लिए पूजन करने के लिए देश-विदेश से लोग आते रहते हैं। पुरखों को नमन और तर्पण करने का काम काशी की इस धरती पर किया जाता है। इस बार आस्ट्रेलिया नागरिक मैथ्यू काशी में चर्चा का विषय हैं। उन्होंने बुधवार को गंगा घाट पर तर्पण किया और कहा अब हर साल बनारस आकर अपने पिता का श्राद्ध कर्म करेंगे। काशी पहुंचे मैथ्यू ने कहा कि वे हर साल काशी में पितृ कार्य करने आयेंगे। उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने काशी आने का कारण बताते हुए कहा कि यह एक धार्मिक स्थल है। इसलिए यह किसी भी कर्म-कांड के लिए बेहतर स्थान है। लेकिन, पितृ कार्य और श्राद्ध कार्य यहां पर स्पेशल किए जाते हैं, जिसके लिए यह उत्तम स्थान है। बनारस मोक्ष धाम है।

**पिता हिंदू माता थी क्रिश्चियन :** मैथ्यू अपने बातचीत में बताया कि उनके पिताजी एक हिंदू थे। और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में ही शादी की थी उन्होंने बताया कि मेरी माता क्रिश्चियन थी मेरे पिता ने मेरी माता से कहा था कि जब उनका निधन होगा तो उन्हें दफन न करके अग्नि से जलाया जायेगा। लेकिन मेरी माता ने ऐसा नहीं किया उसे समय मैं बहुत छोटा था अब जब हमने सनातन

**हिन्दू धर्म से प्रेम हो गया है:** ऑस्ट्रेलिया से वाराणसी मैथ्यू ने बताया कि उन्हें सनातन धर्म से प्रेम हो गया है उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से लोगों ने सनातन धर्म को अपनाया है मेरी भी इच्छा है उन्होंने बताया कि मेरे देश में बहुत से ऐसे लोग हैं जो भारत के संस्कृति से प्रेम करते हैं। वह इन दोनों काशी में है उनके गाइड ने बताया कि अब तक उन्होंने काशी के सभी प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन किया है और अगले एक सप्ताह तक वह काशी में भ्रमण करेंगे।

**तर्पण कराने वाले तीर्थ पुरोहित ने क्या कहा :** तीर्थ पुरोहित पंडित बलराम मिश्र ने बताया कि यह ऑस्ट्रेलिया से बनारस आए थे इन्हें अपने पिताजी का तर्पण करना था गंगा घाट पर बाकायदा तर्पण कराया गया। इन्होंने उसे दौरान पूरे विधि विधान को समझा उनके साथ मौजूद गाइड ने उन्हें इंग्लिश में सभी पूजा के विधान को समझाया । लगभग 1 घंटे तक विधि विधान से उन्होंने पूजा अर्चना की मां गंगा का प्रणाम किया। बलराम मिश्रा ने बताया कि उनकी इच्छा है कि सनातन धर्म को अपनाए इसलिए वाराणसी में भ्रमण करके उसके बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## 7500 करोड़ रुपये में आकार लेगा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर, अयोध्या-कानपुर सहित इन जिलों को सीधा लाभ

**लखनऊ , , एजेंसी।** ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का सर्वे आठ महीने में पूरा हो जाएगा। 170 किमी के इस कॉरिडोर से कानपुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या सहित कई जिले जुड़ेंगे। इस प्रोजेक्ट पर 7500 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

यह जानकारी उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बुधवार को हजरतगंज स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर चारबाग, ऐशबाग, लखनऊ जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों के दबाव को कम करने में मदद करेगा। कॉरिडोर को ऐसा बनाया जाएगा, जिनकी कनेक्टिविटी स्टेशनों से आसान हो। इसके तहत मोहनलालगंज व आगरा एक्सप्रेस वे की ओर लॉजिस्टिक पार्क भी बनाए जाएंगे। परियोजना के सर्वे को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसका काम शुरू किया जाएगा। 2031 तक प्रॉजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वार्ता के दौरान सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लखनऊ और ऐशबाग स्टेशनों पर लगभग 90त्न मालगाड़ियां और 70-80त्न पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं। ज्यादा दबाव होने की वजह से ट्रेनों को आउटर पर रुकना पड़ता है। इससे ट्रेनें देरी की शिकार होती हैं। कॉरिडोर से इसमें भी राहत मिलेगी। सातों मुख्य मार्गों को ऑर्बिटल कॉरिडोर से जोड़ने के साथ ही एक ग्रीन फील्ड मेगा पैसेंजर टर्मिनल भी बनेगा। टर्मिनल पर 30 से अधिक लाइनें व बीस प्लेटफॉर्म होंगे। डीआरएम ने बताया कि मंडल के सौ वर्ष अगले महीने पूरे हो रहे हैं। ऐसे में सांस्कृतिक व जागरुकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**चारबाग अपग्रेडेशन होगा तेज:** डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन के तहत सेकेंड एंट्री का निर्माण कार्य जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पूर्व मुख्य एंट्री की ओर निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिए जाएंगे। आवाजाही आसान बनाने के लिए काम किया जा रहा है।

## छूना या कपड़े उतारने की कोशिश दुष्कर्म का प्रयास नहीं, आरोपियों को जारी सम्मन रद्द

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पीड़िता को छूने या कपड़े उतारने की कोशिश को दुष्कर्म का प्रयास नहीं माना जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की कोर्ट ने कासगंज के आरोपियों के खिलाफ ट्रायल कोर्ट से जारी सम्मन को रद्द कर दिया। कोर्ट ने यौन हमले की धाराओं के तहत पुनः आदेश पारित करने का आदेश दिया है। मामला कासगंज के पटियाली थाना क्षेत्र का है। चार साल पहले पीड़िता की मां ने 12 जनवरी 2022 को ट्रायल कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 10 नवंबर 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ पटियाली में देवरानी के घर गई थी। उसी दिन शाम को लौटते वक्त गांव के ही पवन, आकाश और अशोक मिल गए। पवन ने बेटी को अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही। मां ने उस पर भरोसा करते हुए बाइक पर बैठा दिया। रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की को पकड़ लिया और उसके कपड़े उतारने का प्रयास करते हुए पुलिया के नीचे खींचने लगे।



**मां न दर्ज कराई थी शिकायत:** लड़की की चीख सुनकर ट्रैक्टर से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें तमंचा दिखाकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत करने आई पीड़िता की मां को भी आरोपी पवन ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। पुलिस के केस नहीं लिखने पर मां ने ट्रायल कोर्ट में अर्जी दी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सम्मन आदेश जारी किया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याची के अधिवक्ता ने आरोपियों को झूठा फंसाने की दलील दी। कहा कि दुष्कर्म के प्रयास की धाराओं में समन जारी किया गया है, जबकि यह आरोपों के अनुरूप नहीं है। सम्मन जारी करते वक्त ट्रायल कोर्ट ने न्यायिक विवेक का प्रयोग नहीं किया।

## नाले में मिला लापता युवक का शव, आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के आंवला थाना क्षेत्र में पनवड़िया गांव निवासी 30 वर्षीय विनोद का शव गांव के पास नाले में मिला। बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर आंवला-बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया, हंगामा किया। आंवला थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव सील करने की कोशिश की तो तीखा विरोध झेलना पड़ा। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि नौ दिन पहले विनोद लापता हो गए थे। उनकी पत्नी ने 14 मार्च को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि वह विनोद की तलाश में जगह-जगह भटक रहे थे। थाने के चक्कर लगा रहे थे। शक के आधार पर उन्होंने कुछ लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। मामले में इंस्पेक्टर केबी सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले परिजनों की तहरीर मिली थी। इसके आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई। शव की हालत ऐसी नहीं है जो हत्या का अंदाजा लगाया जा सके, पोस्टमार्टम कराकर ही सच्चाई का पता लगेगा। सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कि परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की जा रही है, विवेचना में सच्चाई सामने लाई जाएगी।




# चंबल के आंगन में फुदक रहीं गौरैया, 7500 पहुंची संख्या; चहचहाहट से आबाद हो रहीं वादियां

**आगरा, एजेंसी।** बाह रेंज में नौ साल पहले गौरैया की संख्या 1500 के करीब रह गई थी। लुप्त हो रही चिड़िया को बचाने के लिए वन विभाग ने रेंज में घोंसले लगाए। रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग चंबल के गांवों में घरौंदा देकर ग्रामीणों को गौरैया संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके सुखद परिणाम सामने आए हैं। गौरैया की संख्या करीब 7500 हो गई है। प्रजनन सीजन (मार्च-जून) में पेड़ों की झाड़ियों में घोंसले बनाने के साथ ही वन विभाग निगरानी शुरू कर देता है। घोंसले में गौरैया 3 से 5 अंडे देती है। 15 दिनों में चूजे निकलते हैं। करीब इतना ही समय चूजों के उड़ान भरने में लगता है।

**पक्के घरों ने छीना आवास, कीटनाशक ने जिंदगी:** दुनिया के 50 देशों में गौरैया के अस्तित्व पर संकट की कई वजह रहीं हैं। रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि कच्चे घरों पर पड़ने वाले छप्पर में गौरैया घोंसले बनाती थी। अब पक्के मकान बन गए, गौरैया के घोंसले छिन गए। फसलों में कीटनाशकों के अंधाधुंध छिड़काव, मोबाइल टावरों के रेडिएशन ने भी गौरैया के जीवन पर



प्रतिकूल प्रभाव डाला। अस्तित्व का संकट पैदा हो गया था।

**आई लव स्पैरो... के बिना जीवन संगीत अधूरा:** हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को इस प्यारी चिड़िया की घटती संख्या के बारे में जागरूक किया जा सके। इसे बचाने के लिए प्रेरित किया जाए। इस साल की थीम च्आई लव स्पैरोज् का जिक्र कर बाह के साहित्यकार डॉ. शिवशंकर कटारे ने बताया कि हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली गौरैया के बिना हमारा जीवन संगीत अधूरा है। गौरैया के प्रति लगाव और संरक्षण को बढ़ावा मिलना चाहिए।

**सामाजिक वानिकी रेंजों में भी प्रयास:** गौरैया को बचाने के लिए बाह, पिनाहट, जैतपुर की सामाजिक वानिकी रेंज में भी जागरूकता के प्रयास रंग लाए। बीहड़ में पौधरोपण से भी गौरैया को घोंसले के लिए नए ठिकाने मिले। जैतपुर के रेंजर कोमल सिंह, बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि पौधे लगाने और घोंसले वितरित कर लोगों को जागरूक करने से बीहड़ से गांवों तक गौरैया दिखने लगी हैं।

## भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गांव बरौठ छजूमल में बनी कोणार्क पाइप कंपनी के सामान के सात लाख रुपये का भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कंपनी के मैनेजर ताराकांत चौधरी ने बताया कि वह कंपनी में कई साल से कार्यरत हैं और पाइप व अन्य सामान की सप्लाई करते आ रहे हैं। उन्होंने मैसर्स गुरुनानक मोटर्स गुरूमगंज 06 दुकान नंबर 55 काली नदी रोड बुलंदशहर के जसमीत पुत्र मंजीत सिंह निवासी सिविल लाइन कृष्णनगर बुलंदशहर को पाइप बेचे थे। पाइप में खराबी होने पर उन्होंने कंपनी को न तो सामान वापस किया और न हीं सात लाख रुपये का भुगतान किया। भुगतान मांगने पर अभद्रता की गई।

# सदन में मोबाइल के इस्तेमाल पर भड़के सीएम नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को बिहार विधानसभा में राजद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव को मोबाइल का इस्तेमाल करते देख कर भड़क उठे। मुख्यमंत्री ने सदन में मोबाइल के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से आग्रह किया कि सदन में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाए। सदन के भीतर कोई मोबाइल लेकर नहीं आए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि जो मोबाइल



लेकर आता है, उसे बाहर कीजिए। नीतीश कुमार ने कहा कि 2019 तक मैं भी मोबाइल रखता था, लेकिन जब पता चला कि यह नुकसानदेह है तो छोड़ दिया। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार इस बात को कहते रहे हैं कि मोबाइल का इस्तेमाल कम से कम होना चाहिए। कई ऐसे मौके आए जब मुख्यमंत्री ने लोगों को सलाह दी कि सिर्फ जरूरत के हिसाब से ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करें। उन्होंने तो यहां तक कहा कि मोबाइल के इस्तेमाल से दुनिया खतरे में है। अगर यही हाल रहा तो 10 साल में धरती खत्म हो जायेगी। उन्होंने सभी विधायकों को इसकी हिदायत दी। यह वाक्या तब हुआ जब राजद विधायक सुंदय यादव सदन में मोबाइल देखकर खाद्य उपभोक्ता विभाग से जुड़ा सवाल पूछ रहे थे। विभागीय मंत्री मंत्री लेसी सिंह सदन में जवाब दे रही थीं। तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक उठ खड़े हुए और सदन में मोबाइल फोन लेकर आने पर आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि मोबाइल को प्रतिबंधित किया गया है। ये लोग मोबाइल लाकर उसमें से सवाल पूछता है। यह कोई बात है। अध्यक्ष जी आप कहिए कोई मोबाइल लेकर नहीं आए। पहले हम खूब देखते थे, अब हम छोड़ दिए। यह सब 5-6 साल से शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री के बोलने के बाद सत्ता एवं विपक्ष के सभी विधायकों के हाथों में मोबाइल फोन मौजूद था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पीछे बैठे मंत्रियों के हाथों में भी मोबाइल फोन मौजूद था। सदन में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से आपत्ति जताने के बाद सदस्यों के बीच मोबाइल छिपाने को लेकर हड़कंप मच गया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन से बाहर निकल गए।

# मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के लिए हर महीने आते हैं 31 सौ आवेदन

## जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक इस कोष से मिला 33 हजार 620 लोगों को लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष का लाभ बिहार के हजारों जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक इस चिकित्सा सहायता कोष योजना से करीब 33 हजार 620 लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। इसका उद्देश्य बिहार के वैसे लोगों को चिकित्सा का लाभ प्रदान खासकर असाध्य रोगों को पीड़ित लोगों को बेहतर इलाज के लिए मदद मुहैया कराना है जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपये तक या इससे कम है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले कुल आवेदनों में करीब 25 से 30 फीसदी आवेदन मामूली त्रुटियों के कारण अस्वीकृत हो जाते हैं। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक कुल आवेदन 37 हजार 231 आए जिसमें 33 हजार 620 स्वीकृत हुए। स्वीकृत आवेदकों को 249 करोड़ 36 लाख 18 हजार रुपये वितरित किए गए। शेष 3611 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए।

संबंधित आवेदक की तरफ से योजना का लाभ लेने के लिए एक आवेदन लिखने के बाद सभी जरूरी कागजात के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख के नाम से इसे समर्पित करें। आवेदक को बिहार का नागरिक होना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से जमा करें। सरकारी/सी.जी. एच. एस. से मान्यता प्राप्त अस्पताल द्वारा निर्गत अद्यतन मूल प्राक्कलन, आय प्रमाण पत्र की मूलप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, चिकित्सा पुर्जा एवं जांच रिपोर्ट की छायाप्रति।

# स्वच्छता के लिए मिलकर करें काम : नीतू नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान टीम द्वारा उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना में स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने किया। कार्यक्रम में उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान के डीडीओ सत्यानंद शर्मा, मधुबनी पेंटिंग के कलाकार राजकुमार लाल, माला सिन्हा, दिव्या रानी सिंह, हेमा देवी, फिरंगी लाल गुप्ता, निरंजन कुमार, चमन कुमार, सुरेंद्र पासवान, सुशीला देवी, रामचंद्र राम, अरुण कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने कहा कि पटना नगर निगम अपनी रैंकिंग में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए कई जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ नीतू नवगीत और राजेश केसरी ने गीत गाकर लोगों को स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। नीतू नवगीत ने कहा कि पटना में रहने वाले सभी लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण पहल है जो हमारे शहरों और समुदायों की स्वच्छता और स्वच्छता स्तर का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक वर्ष की जाती है। यह सर्वेक्षण न केवल हमें पटना शहर की स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान करता है, बल्कि यह हमें हमारे पटना शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित भी करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण हमें स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें अपने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है।

# बलवंत हत्याकांड के आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के खनपुरा गांव निवासी बलवंत की हत्या बीते 22 अप्रैल 2022 को अनौली गांव में शादी के कार्यक्रम के दौरान कर दी गई थी। उक्त मामले में कई अप्राथमिकी अभियुक्त बनाए गए थे जिसमें फरार अप्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार पिता मंटू यादव ग्राम मालिकाना थाना-मसौढ़ी के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया गया और एक हफ्ते के अंदर सरेंडर नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई भी संभावित है।

# शराबबंदी को लेकर विधानसभा में विपक्ष ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा में गुरुवार को शराबबंदी कानून को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार से ताड़ी को शराबबंदी से अलग किये जाने की मांग की। वहीं मद्य निषेध एवं उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा ने बड़ा खुलासा करते हुए सदन में कहा कि राजद विधायक सर्वजीत कुमार बिहार में शराब का धंधा करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजद के कई नेता शराब के धंधे में लिप्त हैं। सदन के बाहर रत्नेश सदा से पत्रकारों ने शराबबंदी और राजद विधायक को लेकर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि जहां तक सर्वजीत की बात है तो वे लोग खुद इसके व्यापार में संलिप्त हैं। राजद के कई लोग इस कारोबार में शामिल हैं और सरकार को बदनाम करते हैं। सरकार इस दिशा में कार्रवाई कर रही है। कई लोगों को पकड़ा भी गया है। गुजरात मॉडल लागू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून कभी खत्म नहीं होगा। वहीं कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने शराबबंदी को खत्म करने की वकालत करते हुए कहा कि सिर्फ कानून लागू है। बिहार में हर जगह शराब मिलती है। सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और अपराधी शराब बेचकर कमाई कर रहे हैं। नकली शराब पीकर लोगों की जान जा रही है। वहीं सदन से बाहर निकलने पर तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधानमंडल में सदस्यों के मोबाइल के साथ आने पर रोक लगाने की मांग पर जोरदार चुटकी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कहते हैं कि मोबाइल से 10 साल में दुनिया खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से सदन को पेपरलेस बनाने की दिशा में प्रश्नों के ऑनलाइन उत्तर देने की व्यवस्था की गई है। अगर किसी माननीय सदस्य को पूरक प्रश्न पूछना है तो उसे मोबाइल अथवा टैब से देखकर पूछना ही होगा, लेकिन बिहार के कम्प्यूटर संबंधित निरक्षर मुख्यमंत्री को उससे भी दिक्कत है।

# प्रसव के नाम पर हो रही मरीजों से नजराना वसूली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एक तरफ सरकार आम अवाम को अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का दावा करती है, लेकिन आज भी अस्पतालों में मिलने वाली सरकार की तमाम सुविधाओं के बीच मरीज के साथ क्या व्यवहार हो रहा है इन तस्वीरों पर देखिए मामला मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल का है जहां पर प्रसव कराने आए प्रसूतियों से नजराना वसूली की जाती है और अगर कोई मरीज पैसा देने में आनाकानी करते हैं तो उसके साथ दुर्व्यवहार भी करते हैं। इसी जांच पड़ताल को लेकर गुरुवार को जब अस्पताल में मरीजों के साथ पूछताछ की गई तो कई मरीज ने कहा कि प्रसव के बाद अस्पताल की एएनएम नर्स आशा के द्वारा पैसा लिया जाता है जहां मसौढ़ी के काजीचक गांव से आए चंद्रमा देवी पति नीतीश कुमार से 400 रुपए लिए गए हैं, वहीं मसौढ़ी के चपौर गांव से नेहा कुमारी पति विक्की ठाकुर से 800 रुपए वसूली किये गए, वहीं इस मामले में प्रशासन उदासीन है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि सरकारी अस्पतालों में कब तक नजराना वसूली चलेगा, ऐसे नजराना वसूली मामले में लगातार कई बार शिकायतें आई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

## राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने 49 रेल कर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** रेल भवन में 154वीं रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब साथ मिलकर हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए जब सार्थक प्रयास करेंगे तभी हम देश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच पाएंगे। रेल यात्रियों को बेहतर सेवा देना हम सबका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि रेलवे से संबंधित सभी संरक्षा और सुरक्षा के साहित्य का हिंदी अनुवाद किया जाना आवश्यक है। साथ ही हिंदी में मौलिक लेखन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय रेल में राजभाषा के नियमों का पालन अच्छे तरीके से किया जा रहा है, जो खुशी की बात है। हम सबको इसी तरह हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिए





काम करते रहना है।

रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रीय रेलवे, मंडल, उत्पादन इकाइयों और अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। सबसे पहले पूर्व मध्य रेल को 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' प्रदान की गई। इस श्रेणी में उत्तर रेलवे को 'रेल मंत्री राजभाषा ट्रॉफी' प्रदान की गई। 'आदर्श उत्पादन इकाई' श्रेणी में बनारस रेल इंजन कारखाना को प्रथम और आरडीएसओ लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल श्रेणी में रतलाम मंडल को 'आचार्य महावीर प्रसाद रनिंग शील्ड' दिया गया। रेल स्प्रिंग कारखाना, उत्तर मध्य रेल को आदर्श स्टेशन/कारखाना श्रेणी में 'रेल मंत्री राजभाषा शील्ड' दिया गया। क्षेत्र में दक्षिण मध्य रेल को प्रथम और दक्षिण पश्चिम रेलवे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया जबकि आदर्श उत्पादन इकाइयों में रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु और चितरंजन रेल इंजन कारखाना को पुरस्कृत किया गया। आदर्श मॉडल का आचार्य रघुवीर रनिंग शील्ड विजयवाड़ा मंडल को दिया गया जबकि माल डिब्बा कारखाना गुंटुपल्ली को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड दिया गया। आदर्श उपक्रम का रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी रेलटेल दिल्ली को तथा आदर्श केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान का रेल मंत्री राजभाषा रनिंग ट्राफी भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी वड़ोदरा को दिया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता को 'कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक' दिया गया। साथ ही अमित कुमार अग्रवाल (पूर्व मध्य रेल), कल्याण पटनायक (पूर्व तट रेल), रविलेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), संजीव तिवारी (पश्चिम मध्य रेल), अभय कुमार गुप्ता (दक्षिण मध्य रेल), डॉक्टर प्रणय प्रभाकर (उत्तर पश्चिम रेल), मुदित चंद्र (उत्तर मध्य रेल), संतोष कुमार वर्मा (दक्षिण पश्चिम रेलवे), पी श्रीनिवास (दक्षिण रेलवे), अशफाक अहमद (पश्चिम रेलवे), संजय यादव (पूर्वोत्तर रेलवे), रेनू शर्मा (मध्य रेल), राजेश कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), अशोक कुमार सूर्यवंशी (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), बलबीर सिंह (उत्तर रेलवे) और सौमित्र मजूमदार (पूर्व रेलवे) को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक प्रदान किया गया। इस श्रेणी में उत्पादन इकाइयों और प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया जिनमें बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रमोद कुमार चौधरी, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन लखनऊ के शरद कुमार जैन, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के संजय कुमार सिंह नेगी, रेल पहिया कारखाना बेंगलुरु के राजेश पी खाड़े, सवारी डिब्बा कारखाने के शुभांशु शेखर मिश्रा, इरीसेन पुणे के आर.एन. गुप्ता, इरीन नासिक रोड के पीयूष गुप्ता, भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के प्रमोद गुप्ता, चितरंजन रेल कारखाना के वीरेंद्र कुमार, रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला के अखिलेश मिश्रा, रेलटेल के संजय कुमार, कोंकण रेलवे के सत्येंद्र कुमार शुक्ला, आईआरसीटीसी के राजेश कुमार और रेलवे बोर्ड के मनोज कुमार राम के नाम शामिल रहे।

# 10 पंखे खोल कर ले गये चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में इन दिनों चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में अब चोर कारस्तानी देखिये जहां चोर स्कूल को भी नहीं छोड़ रहा है। गांधी मैदान स्थित श्रीमतीगिरजा कुंवर हाई में 10 पंखे को चोरों ने चोरी कर ली है। स्कूल के प्रिंसिपल सरोजा कुमारी ने बताया कि स्कूल परिसर के दाहिने साइड की बिल्डिंग में दो फ्लोर से कुल 10 पंखे की चोरी कर ली गई है। चोर पीछे के दीवाल से फांद कर आए थे और सभी पंखा खोलकर चले गए। मामले में थाने में आवेदन दिया गया है वैसे स्कूल में नाइट गाइड नहीं है। वहीं सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन कई जगह से सीसीटीवी भी लगाये गये हैं जहां चोर उसे भी चोरी कर लिए हैं।

# गौरैया संरक्षण पर गौरैया फोटो, घोंसला और दाना घर की लगी प्रदर्शनी

- एस के पुरी पार्क में बनेगा गौरैया संरक्षण क्षेत्र : गौरैया कुटीर
- गौरैया संरक्षण पर जल्द एक्शन प्लान होगा लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स टीम ने विश्व गौरैया दिवस 2025 के अवसर पर गौरैया संरक्षण को लेकर गौरैया फोटो, घोंसला और दाना घर की प्रदर्शनी एस के पुरी पार्क में लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि वन संरक्षक, वन्य प्राणी अंचल पटना के सत्यजीत कुमार, गौरैयाविद संजय कुमार, पत्रकार मृत्युंजय मणि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गौरैया संरक्षण जागरूकता को लेकर एक ब्रोशर का भी इन अतिथियों ने लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि सत्यजीत कुमार ने बताया कि गौरैया संरक्षण पर जल्द ही वन्य विभाग एक्शन प्लान लागू



करने जा रही है जिसे संजय कुमार ने तैयार किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न पार्कों में गौरैया संरक्षित क्षेत्र, जिसका नाम गंगा कुटीर प्रस्तावित किया गया। पहली कोशिश में एस के पुरी पार्क में गौरैया कुटीर बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से गौरैया संरक्षण में आगे आने की अपील की।

मौके पर गौरैयाविद् संजय कुमार ने कहा कि जिन कारणों से गौरैया विलुप्त हो गई है उसे कम करते हुए जीवनशैली में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स टीम ने पिछले कई साल से जो मुहिम चलाया है उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। पत्रकार मृत्युंजय मणि ने कहा कि आधुनिकीकरण से गौरैया विलुप्त हो रही है। हमें इस पर पहल करनी होगी। मौके पर मौजूद इनर व्हील क्लब आम्रपाली पटना की अध्यक्ष विभा रानी ने कहा कि गौरैया संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अहम है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन ने कहा कि हमारी टीम लगातार जागरूकता अभियान चला रही है और आगे इसे और तेज किया जायेगा। दूसरी ओर हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स, पटना ने बिहार विद्यापीठ पटना में भी गौरैया जागरूकता सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ पटना के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने किया।

# छेड़खानी व पास्को एक्ट मामले में दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसुना पुलिस ने निशियावां गांव से छेड़खानी व पॉस्को मामले में दो युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम अमन कुमार पिता राम सर्वेश कुमार, सुजीत कुमार पिता लालू कानू है। बताया जाता है कि बीते बुधवार की दोपहर अंडा लेकर अपने घर निशियावां जा रही थी जहां बीच रास्ते में ही कई युवक मिलकर न केवल छेड़खानी किया बल्कि विरोध करने पर उसे मारपीट भी किया गया था। इस मामले में थाने में दो लोगों एवं अन्य चार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जहां पुलिस ने देर रात्रि दो युवक को गिरफ्तार किया।

# शराबबंदी कानून को सख्ती से निपटे पदाधिकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से और भी सशक्त बनाने को लेकर गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय, मसौढ़ी में अनुमंडल पदाधिकारी अमित पटेल, एसडीपीओ-1 नभ वैभव एवं एसडीपीओ-2 कन्हैया सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्पाद अधीक्षक संजय चौधरी एवं अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में मद्य निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, जब्त शराब के विनष्टीकरण एवं राजसात किए जाने वाले वाहनों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारी जब्त शराब के विनष्टीकरण की कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करें तथा जिन वाहनों के राजसात प्रस्ताव लंबित हैं, उन्हें शीघ्र भेजना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उत्पाद विभाग एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से नीलामी, राजसात एवं विनष्टीकरण की कार्यवाही को समयबद्ध रूप से पूरा करें। शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मसौढ़ी गांधी मैदान में भव्य रुप से मनेगा आर्यभट्ट महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** महान खगोलविद् आर्यभट्ट की कर्मभूमि रही मसौढ़ी का तारेगना जहां कभी आर्यभट्ट अपने शिष्यों के साथ वेधशाला बनाकर तारों की गणना किया करते थे। ऐसे में इस ख्याति को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन आर्यभट्ट महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है जिसको लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आहूत की गई। आगामी 27 मार्च को गांधी मैदान में सामारोह किया जायेगा। एसडीएम ने कहा कि आर्यभट्ट महोत्सव के दौरान बच्चों का क्विज प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, कविता, गजल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किये जाएंगे। बहरहाल मुख्यमंत्री ने 22 जुलाई 2009 को जब मसौढ़ी पहुंचे थे तो आर्यभट्ट के नाम पर वेधशाला बनाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक वह मांग लंबित हैं। बैठक में बीडीओ प्रभाकर कुमार, बीईईओ राजेंद्र ठाकुर, बीएओ अखिलेश्वर सिन्हा, नगर प्रबंधन शेखर प्रसाद कुमार, स्कूल शिक्षक विश्वरंजन, प्रणव उर्फ पिंटू सिंह, आनंद कुमार, पम्मी कुमारी, सरोजा कुमारी, सुनिल गावस्कर, इसके साथ ही उज्ज्वल कुमार, आशा किरण सिंह, नीरज कुमार, आशीष देव, अजय शर्मा, गोल्डी, लाल मोहन, रंजीत पटेल आदि शामिल रहे।

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन, ग्रामीण विकास मंत्री करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका की ओर से ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार आपके द्वार के तहत आगामी 22 मार्च यानी बिहार दिवस के मौके पर गांधी मैदान मसौढ़ी में रोजगार सह मार्ग दर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार करेंगे और बताया जाता है कि मेले में 15 कंपनी बेरोजगारों के लिए रोजगार का अवसर के लिए आमंत्रण देंगे। जीविका प्रबंधक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि साक्षर से लेकर उच्च कक्षा तक के युवकों के लिए यह सुनहरा अवसर है और यह पूर्णतः निःशुल्क है।

# गौरैया को संरक्षित करने की आवश्यकता : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ में 'हमारी गौरैया' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गौरैया संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय प्रकाश (अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ) ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'पुराने समय में भोजन का पहला हिस्सा गाय को और अंतिम हिस्सा चिड़ियों को देने की परंपरा थी। लेकिन आज के आधुनिक दौर में गौरैया विलुप्ति के कगार पर है, जिसे बचाने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे।' इस अवसर पर मुख्य वक्ता संजय



कुमार (डिप्टी डायरेक्टर, आईआईएस) ने गौरैया संरक्षण मिशन की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 'हमारी गौरैया' मिशन के तहत 2018 से घोंसला उपहार अभियान चलाया जा रहा है जिससे गौरैया को सुरक्षित आवास मिल सके। कार्यक्रम में डॉ. राणा अवधेश (सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी), डॉ. पूनम वर्मा, प्राचार्य, डॉ. मृदुला प्रकाश (निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय), डॉ. पूनम वर्मा (प्राचार्या, महाविद्यालय), प्रमोद कर्ण (सीओओ, एआईसी-बीवीएफ), श्यामानंद चौधरी (निदेशक) सहित कई गणमान्य अतिथि, एनजीओ प्रतिनिधि, सहायक प्रोफेसर, प्रशिक्षु शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गौरैया संरक्षण पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। यह कार्यक्रम पर्यावरण योद्धा एवं बिहार विद्यापीठ के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पाटलिपुत्र और झंझारपुर के मध्य चलायी जा रही 05573/74 स्पेशल की परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पाटलिपुत्र और झंझारपुर के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। अब गाड़ी सं. 05574 पाटलिपुत्र-झंझारपुर स्पेशल के परिचालन अवधि का विस्तार 21 मार्च, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक तथा गाड़ी सं. 05573 झंझारपुर-पाटलिपुत्र स्पेशल के परिचालन अवधि का विस्तार 22 मार्च, 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक के लिए किया गया है। विदित हो कि गाड़ी सं. 05573 झंझारपुर-सरायगढ़-पाटलिपुत्र स्पेशल प्रतिदिन झंझारपुर से 03.00 बजे खुलकर 03.19 बजे तमुरिया, 03.35 बजे घोघरडीहा, 03.49 बजे निर्मली, 04.10 बजे सरायगढ़, 04.48 बजे सुपौल, 05.55 बजे सहरसा, 06.25 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 07.08 बजे मानसी, 07.20 बजे खगड़िया, 07.53 बजे बेगूसराय, 08.15 बजे बरौनी, 08.45 बजे बछवारा, 09.20 बजे शाहपुर पटोरी, 10.10 बजे हाजीपुर एवं 10.25 बजे सोनपुर रूकते हुए 11.40 बजे पाटलिपुत्र पहुंचती है। वापसी में गाड़ी सं. 05574 पाटलिपुत्र-सरायगढ़-झंझारपुर स्पेशल प्रतिदिन पाटलिपुत्र से 12.15 बजे खुलकर 12.58 बजे सोनपुर, 13.10 बजे हाजीपुर, 13.55 बजे शाहपुर पटोरी, 14.35 बजे बछवारा, 15.10 बजे बरौनी, 15.38 बजे बेगूसराय, 16.53 बजे खगड़िया, 17.16 बजे मानसी, 17.55 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 19.30 बजे सहरसा, 20.10 बजे सुपौल, 21.10 बजे सरायगढ़, 21.35 निर्मली, 21.46 बजे घोधराडीहा, 22.03 बजे तुमरिया रूकते हुए 22.35 बजे झंझारपुर पहुंचती है।

CMYK

## संपादकीय

# राजनेताओं की जिम्मेदारी

महाराष्ट्र का नागपुर शहर सोमवार को जिस तरह की हिंसा के दृश्यों का गवाह बना, वह इस बात का खतरनाक संकेत है कि अतीत से जुड़े द्वेषपूर्ण विमर्श देश को किस तरह की त्रासद स्थितियों में झोंक सकते हैं। प्रदेश में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर पिछले कई दिनों से दिए जा रहे बयान न केवल गैरजरूरी, बल्कि लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण विकास की उस राह में रोड़े खड़े करने वाले हैं, जिस पर आजादी के बाद से देश ने लंबा सफर तय किया है। इसमें दो राय नहीं नागपुर में हुई घटनाएं पहली नजर में कानून-व्यवस्था से जुड़े तंत्र की नाकामी की ओर इशारा करती हैं। जिस तनावपूर्ण माहौल में दक्षिणपंथी संगठनों ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन आयोजित किए, उसने मामले को भड़काने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे माहौल में अफवाहों का बाजार गर्म हो ही जाता है। उनसे निपटने की जैसी तैयारी पुलिस और प्रशासन की होनी चाहिए थी, वह जाहिर तौर पर नहीं थी ।यह सही है कि शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की होती है, लेकिन राजनीति उससे पूरी तरह पल्ला नहीं झाड़ सकती। ऐसा नहीं हो सकता कि आप आग लगाने वाले बयान जारी करते रहें और आग लगने के बाद सारा दोष प्रशासन के मत्थे मढ़ दें। मौजूदा मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय नहीं दे सके। वहीं, अतीत के सवालों को जिस आक्रामक तरीके से उठाया जा रहा है, उससे ऐसा लगता है कि इतिहास की कब्र में दफन मुर्दे उखाड़ना आज की राजनीति के लिए मौजूदा चुनौतियों से निपटने से ज्यादा जरूरी हो गया है। दरअसल, ऐतिहासिक प्रतीकों पर सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करना होगा। इस बात की परवाह किए बगैर कि उससे उनकी सियासत पर क्या असर होता है। यह बात भी याद रखनी चाहिए कि हिंसा-अस्थिरता के माहौल में निवेशक पीछे हट जाते हैं, जिससे विकास गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। राजनीतिक दलों को वक्त रहते इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उनके तौर-तरीके देश और समाज को किस तरफ ले जा रहे हैं। वोट हासिल करना उनके अस्तित्व की सार्थकता का सिर्फ एक पहलू है। उन्हें जनकल्याण की ज्यादा बड़ी कसौटियों पर भी खुद को और अपनी नीतियों को कसना है।

# विकसित रेल, विकसित भारत- 'विश्व स्तरीय' से 'श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ' तक

**एम. जमशेद**

भारत की विकास कहानी की जीवन रेखा, भारतीय रेल दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक है, कैसे अवसंरचना और परिवहन-संपर्क सुविधा के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश, राष्ट्रीय विकास में गुणात्मक लाभांश दे सकता है। पिछले दशक (वर्ष 2014-2024 तक) के दौरान भारतीय रेल ने जो प्रगति की है, वह इसके विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है तथा यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है।

तो, भारत की कहानी को कौन-सी चीज अलग करती है और इसे विकास की समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाती है ? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीतिगत दृष्टिकोण है, जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना, भारत के साथ और भारत के लिए तैयार की गई है।

इसका मतलब इस बात की पहचान करना था कि यह प्रणाली विश्वस्तरीय हो और आम आदमी के लिए अपनी आवश्यक भूमिका में सस्ती बनी रहे। भारत के 22.4 मिलियन लोग अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का दैनिक उपयोग करते हैं। भारतीय रेल को एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए, जो देश के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती हो।

इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे की आलोचना धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण की कमी और अवसंरचना की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए की जाती थी। ऐसी आलोचना अभी भी वे लोग करते हैं, जो पर्याप्त ज्ञान के बिना पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं, जैसे नेटवर्क विकास की आलोचना अक्सर वर्ष 1950 के बाद से केवल 68,000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए की जाती है, बिना यह जाने कि क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि पटरी विस्तार से जुड़ी है, जो आज 1,32,000 किमी से अधिक हो गई है।

पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की तुलना इस बात को साबित करती है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में भारतीय रेल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्रमुख सुधार रेल बजट को मुख्य बजट में विलय करने से हुए, जिसे भाप युग की मानसिकता वाले कई लोग आज भी बिना किसी स्पष्ट कारण के भूल जाते हैं।

रेलवे वित्तीय अभाव के कारण संसाधनों के सीमित वितरण के कारण भारी मात्रा में लंबित स्वीकृत परियोजनाओं से जूझ रहा था। इसमें पिछले दशक के दौरान 8.25 लाख करोड़ रुपये के जीबीएस का केन्द्रित निवेश हुआ, जबकि इससे पहले के दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था।

रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन का परिचालन करेगा, घाटी तक जाने वाली पटरियाँ पूरी हो चुकी हैं, कुछ सबसे ऊँचे व सबसे लंबे पुल और सबसे लंबी रेल सुरंगें शक्तिशाली पहाड़ों से होकर नेटवर्क को जोड़ती हैं।

भारतीय रेल अपनी निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा के लिए 100त्न विद्युतीकरण हासिल करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

रेलवे नेटवर्क में टकराव रोधी कवच का प्रसार भी मिश्रित यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है।

भारतीय रेलगाड़ियाँ 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेल ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों को सफलतापूर्वक मिश्रित किया है, जिसका लक्ष्य सुरक्षित, तेज़, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियाँ बनाना है। भारतीय रेल सभी के लिए सुलभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिएवहनीयता को ध्यान में रखा गया है।

अपने अनूठे व्यवसाय मॉडल के साथ रेलवे अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री व्यवसाय खंड के घाटे को वहन करता है और फिर भी लाभदायक बना रहता है।



प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियाँ या तो निजी हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, जबकि भारतीय रेल अपने सभी परिचालन और कामकाज के खर्चों का ध्यान रखता है और अपने पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करता है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से व्युत्पन्न मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य, साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक प्राप्त किए जा रहे हैं।

यह 90 के दशक के पुरानी मानसिकता वाले लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, जो भारत में एक कमजोर युग को याद करते हैं। ÷निर्यात गुणवत्ता÷ का लेबल वाली कोई भी चीज़ प्रीमियम पर बिकती थी और सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था - यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में निम्न गुणवत्ता वाले सामान या सेवाएं प्रदान की जाती थीं। पीढ़ियों को भारतीय रेल जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपनी अपेक्षाएँ कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हालाँकि, 2014 के बाद सरकार ने विकास और बुनियादी ढाँचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत को नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क की आवश्यकता है।

यह प्रगति, आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाकर और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाकर हासिल की गई है। हालाँकि वंदे भारत ट्रेन और इस तरह के अन्य रेल काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेल की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में किये गए पर्याप्त प्रयास सामने आते हैं।

भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200 हॉर्सपावर (एच पी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उल्लेखनीय रूप से, भारत अब इस मामले में अग्रणी है, जो ÷विकसित÷ देशों से बहुत आगे है, जो अभी भी आधी शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जर्मनी के टीयूवी-एसयूडी ने भारत की हाइड्रोजन ट्रेनों का तीसरे पक्ष ऑडिट किया है।

दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा की स्थापना के साथ, भारत परिवहन के भविष्य में एक वैश्विक अग्रणी देश के रूप में उभर रहा है। दिसंबर 2024 में 422 मीटर का परीक्षण ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, देश अब हाइपरलूप यात्रा की व्यावसायिक व्यावहारिकता का आकलन करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का परीक्षण ट्रैक बनाने की तैयारी कर रहा है।

एलन मस्क समर्थित स्विसपॉड और फ्रांस की सिसट्रा के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

यहां तक कि चीन ने भी %मेक इन इंडिया% पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआरसीइंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों का 75त्न से अधिक स्थानीय निर्माण कर रही है, जिसमें 50त्न सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90त्न तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसीके लिए खुद को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है।

जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू निर्माण पर काम शुरू कर चुका है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण में बदलाव ला रही है। स्थानीय स्तर पर विनिर्माण के उनके प्रयास वैश्विक निर्यात को समर्थन देते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं।

भारतीय रेल ने अपनी 'बीबीआईएन पहल' के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी कल्पना की है और 'आईएमईसी पहल' के साथ यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रहा है।

इसके पीएसयू रोलिंग स्टॉक, ट्रैक अवसंरचना कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों को परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

अपनी नई ट्रेनों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, समर्पित माल ढुलाई गलियारों और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेल अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को उत्प्रेरित करने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया है। विकसित रेल, विकसित भारत का आदर्श वाक्य 2047 तक इंतजार करने और बदलाव देखने से संबंधित नहीं है, भारतीय रेल के लिए - यह भारत के लिए और भारत के साथ एक सतत यात्रा है, जिसमें प्रतिदिन रिकॉर्ड, प्रगति और विकास के लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं।

**(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और ट्रैफिक, रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)**

# तू है चिड़िया मेरे आंगन की

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे घर के आंगन में सबसे बड़ी संख्या में एक छोटी चिड़िया देखने को मिलती है जिसे हम गौरैया कहते हैं। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह नन्ही चिड़िया बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा।

गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं।

गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती



कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।

हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती।

हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है।

# अवसाद और बेचैनी जैसी मानसिक समस्याओं से जूझ रहे बच्चे

**आजकल की भाग-दौड़ वाली दुनिया में मानसिक समस्याएं बड़ी तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही हैं। इसका प्रभाव इतना तीक्ष्ण और विकराल होता है कि इससे न तो कोई देश बचा है, और न ही कोई राज्य... इसके घातक प्रभाव से अछूता आज न तो कोई गांव है, न कोई शहर और न ही कोई गली-मोहल्ला। इसका शिकार बच्चे, किशोर, बड़े, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सभी हो रहे हैं, लेकिन आंकड़ों की बात करें तो विशेष रूप से, बच्चों और किशोरों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही जटिल होती जा रही है।**

**(चेतनादित्य आलोक)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की 'मेन्टल हेल्थ ऑफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल' नामक ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 10 से 19 वर्ष का प्रायः प्रत्येक सातवां बच्चा किसी-न-किसी प्रकार की मानसिक समस्या से जूझ रहा है।

आजकल की भाग-दौड़ वाली दुनिया में मानसिक समस्याएं बड़ी तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही हैं। इसका प्रभाव इतना तीक्ष्ण और विकराल होता है कि इससे न तो कोई देश बचा है, और न ही कोई राज्य... इसके घातक प्रभाव से अछूता आज न तो कोई गांव है, न कोई शहर और न ही कोई गली-मोहल्ला। इसका शिकार बच्चे, किशोर, बड़े, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सभी हो रहे हैं, लेकिन आंकड़ों की बात करें तो विशेष रूप से, बच्चों और किशोरों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही जटिल होती जा रही है। गौरतलब है कि इसके कारण बच्चों की मासूमियत खत्म होती जा रही है। उनकी फूलसी मुस्कराहट कहीं खोती जा रही है। वे बेहद गुस्सैल होते जा रहे हैं। वे बात-बात पर क्रोध करने लगे हैं। उनकी बात नहीं सुनी और मानी जाए तो वे आपे से बाहर हो जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो अपने माता-पिता और अभिभावक के ऊपर हमले करने से भी वे नहीं चूकते। जाहिर है कि ऐसे में उनके माता-पिता को यह समझ में ही नहीं आता कि जो बच्चे कुछ महीने, साल पहले तक मासूमियत से भरे बिल्कुल सामान्य व्यवहार वाले थे, हर पल खेलते-कूदते, हंसते-मुस्कराते, गाते-गुनगुनाते और आयु के अनुरूप शरारतें करते रहते थे, आखिर क्या कारण है कि अचानक उनका व्यवहार इस प्रकार बदल गया कि वे उन्हें बिल्कुल सुनना और मानना ही नहीं चाहते। इसे विडंबना नहीं तो और क्या कहा जाए कि खेलने-कूदने और खाने-पीने की आयु में देश के बच्चों और किशोरों में बैचेनी, डिप्रेशन और मानसिक



तनाव जैसी समस्याएं आज गंभीर से गंभीरतम रूप लेती जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की 'मेन्टल हेल्थ ऑफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल' नामक ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 10 से 19 वर्ष का प्रायः प्रत्येक सातवां बच्चा किसी-न-किसी प्रकार की मानसिक समस्या से जूझ रहा है। इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी लगभग एक तिहाई समस्याएं 14 साल की उम्र से पहले शुरू हो जाती हैं, जबकि इनमें से आधी समस्याएं 18 वर्ष से पहले सामने आने लगती हैं। तात्पर्य यह कि जब हमारे मासूम बाल्यावस्था से किशोरावस्था की ओर कदम बढ़ना आरंभ करते हैं, सामान्यतः उसी दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग?अलग समस्याएं उन्हें अपना शिकार बनाना शुरू कर देती हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 07 बच्चों में से एक बच्चा डिप्रेशन का शिकार है। आंकड़ों की बात करें तो देश के 14 प्रतिशत बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब है। इसी प्रकार, 'इंडियन जर्नल ऑफ साइकिएट्री' में वर्ष 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में 05 करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे।

गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर बच्चे एंग्जाइटी और डिप्रेशन का सामना कर रहे थे। यूनिसेफ के एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद ये आंकड़े पहले की तुलना में कई गुना अधिक बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया में 30 करोड़ से भी अधिक लोग एंग्जाइटी से जूझ रहे हैं और 28 करोड़ लोग डिप्रेशन का सामना कर रहे हैं। विज्ञान आधारित दुनिया भर में प्रसिद्ध जर्नल 'द लैंसेट साइकिएट्री' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 75 प्रतिशत टीनएजर्स एंग्जाइटी और डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। वहीं, 10 से 18 वर्ष की आयु के 64 प्रतिशत वयस्कों को तीन से अधिक बार खराब मानसिक स्वास्थ्य का दंश झेलना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था के दौरान लड़के-लड़कियों में कई प्रकार के हॉर्मोनल और शारीरिक बदलाव होते हैं। इसके कारण उनके सोच और व्यवहार में बदलाव आता है। इनके अतिरिक्त, उसी दौरान उन लड़के?लड़कियों को बोर्ड परीक्षाओं एवं कॅरियर को लेकर कोर्स सिलेक्शन जैसे दबावों और उहापोह वाली परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में, यदि उन्हें घर और स्कूल में उनके मनोनुकूल अथवा कहा जाए कि सहयोगी परिवेश नहीं मिले तो ये दबावों और उहापोह वाली परिस्थितियां प्रायः एंग्जाइटी और डिप्रेशन का रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार, जो बच्चे लगातार पढ़ाई-लिखाई नहीं करते हैं, वे परीक्षाओं के आने पर अक्सर दबाव में आ जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### करीम सिटी कॉलेज में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के जूलॉजी विभाग के तत्वाधान में गुरुवार केके विश्व गौरैया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती हुई गौराईयों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमारे वातावरण से पक्षी विशेष कर गौरैया बहुत तेजी के साथ घटती जा रही है यह हमारे लिए चिंता का विषय है और इसके कारण कोई और नहीं बल्कि मनुष्य ही है क्योंकि मनुष्यों ने अपनी सुख सुविधा के लिए तरह-तरह के उपकरण और बढ़ती हुई शहरीकरण की होड़ ने पक्षियों का जीवित रहना मुश्किल बना दिया है।कार्यक्रम में विभाग की अध्यक्षा डॉ शशी प्रभा, प्रो नुजहत जहां तथा प्रो सानिया तहरीम के अलावा कई शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं जैसे चित्रकला, गीत संगी, स्लोगन प्रतियोगिता कविता प्रतियोगिता एवं रैली इत्यादि भी आयोजित किए गए।इस अवसर पर जूलॉजी विभाग की अध्यक्षा डॉ शशी प्रभा ने अपने विभाग की तरफ से नागरिकों से अपील की कि गौरैया के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अपने वातावरण को अनुकूल बनाएं और हमारे संदेश को समाज के दूसरे लोगों तक पहुंचाएं भी।



### एमजीएम में महिला की गलत तरीके से ऑपरेशन से परिजनों का हंगामा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजीएम अस्पताल में गुरुवार को फिर हंगामा हो गया। सूचना पाकर समाजसेवी विमल बैठा एवं अस्पताल के कई चिकित्सक वार्ड में पहुंचे और परिजनों को समझ कर शांत कराया। बताया जाता है कि, बारीगोड़ा निवासी रामचंद्र दास की पत्नी इंदू देवी को 15 दिनों पूर्व पेट में शिकायत के कारण एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन करने के बाद डॉक्टर ने टांका खुला छोड़ दिया जिससे शरीर में इन्फेक्शन हो गई और महिला लगातार पेट दर्द से परेशान है। इससे परिजन भड़क उठे और अस्पताल अधीक्षक से शिकायत की। अधीक्षक ने कहा कि जांच के बाद डॉक्टर पर कार्रवाई होगी। इससे पूर्व महिला के टांके को ठीक कर दवा दी गई है।



### कजरिया ग्लैक्सी के झारखंड में तीसरे शोरूम का कोडरमा में उदघाटन

**कोडरमा/झुमरी तिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कजरिया गलैक्सी का भारत का 57 वां और झारखंड का तीसरा शो रूम का शुभारंभ कोडरमा स्थित दूधीमाटी में समाजसेवी विजय केडिया,प्रदीप केडिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कहा कि कोडरमा जिले में यह शोरूम मील का पत्थर साबित होगा और यहां के क्षेत्र वासियों को अब महानगर का रुख इस कार्य के लिए नही करना पड़ेगा। उद्घाटन के उपरांत संचालक रवि केडिया ने कहा कि अब एक छत के नीचे ही मार्बल्स,सेनेटरी व बाथरूम एक्सेसरी से संबंधित सभी सामान उपलब्ध होगा। कजरिया कंपनी के ईस्ट जोन के पदाधिकारी दीपांकर भट्टाचार्य,आरके भगत,अमित जैन,अपूर्व बनर्जी ने बताया कि देश का यह 57 वां और झारखंड प्रदेश का तीसरा शोरूम रांची और जमशेदपुर के बाद कोडरमा में खुला है और यहां हर प्रकार का टाइल्स का डिस्प्ले भी लगाया गया है। इस अवसर पर आनंद केडिया,प्रदीप भारद्वाज,अविनाश सेठ,मनीष कपसिमें,पवन दारूका आदि मौजूद थे।

### विधायक ने की ग्रामीणों संग बैठक, गांव की समस्याओं से हुए रू-ब-रु

**कोडरमा/जयनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार में विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड प्रशासन के साथ बैठक कर ग्रामीणों के समस्याओं से रू-ब-रू हुए। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना, मनरेगा योजना में धांधली का आरोप लगाया। अंचल संबंधित दर्जनों शिकायत दर्ज किया गया। वहीं घरौंजा पंचायत के ग्राम मसुवा के ग्रामीणों ने बताया कि कल्याण विभाग के द्वारा कब्रिस्तान के घेराबंदी योजना पारित किया गया है, जिसको मुखिया के देवर के द्वारा ग्राम सभा होने के बावजूद भी रजिस्टर में छेड़छाड़ किया गया। इसपर बीडीओ गौतम कुमार ने बताया कि पर्यवेक्षक के नेतृत्व में पुनः ग्राम सभा किया जायेगा। विधायक ने सीओ सारांश जैन निर्देश देते हुए कहा कि ऑनलाइन में छोटी-मोटी गलतियों को दरकिनार करते हुए म्यूटेशन रद्द नहीं करें। उन्होंने कुसुम योजना अंतर्गत जो किसान सोलर लगवाना चाहते हैं वह प्रज्ञा केंद्र से रजिस्ट्रेशन करा लें। वहीं नावाडीह में हाथियों के द्वारा किये फसल बर्बाद के बावत विधायक ने ग्रामीणों से अंचल अधिकारी को आवेदन देने के पश्चात फॉरेस्ट विभाग को आवेदन देने की बात कही, फॉरेस्ट विभाग के द्वारा तुरंत मुआवजा दिया जायेगा। विधायक ने बीडीओ व बीपीओ को मनरेगा योजना में तेजी लाने और प्रधानमंत्री आवास, पेंशन आदि योजनाओं के जल्द से जल्द संपादित करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ गौतम कुमार सीओ सारांश जैन , बीपीओ विकास कुमार, गिरधारी प्रसाद, आलोक शर्मा, सुभाष कुमार, मुस्ताक खान, हिरामन मिस्त्री, विजय राणा, विजय यादव, मनोज चौधरी, राजेंद्र सिंह, सुनील सिंह, दीपक बर्णवाल, सरजू शर्मा, विनोद गुप्ता, राजू साव, राम लखन यादव, कैलाश लाल बर्णवाल, राजेन्द्र राम, त्रिभुवन राम, एनाम खान, अभय सिंह आदि उपस्थित थे।

### अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन में उमड़ी भीड़

**घाटशिला/पोटका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गंगाडीह गांव में अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयदेव मुखर्जी ने संकीर्तन का फीता काटकर शुभारंभ किया । मौके पर उन्होंने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से शांति, समृद्धि और खुशहाली आती है। कलियुग में मुक्ति का एकमात्र उपाय ईश्वर नाम ही है। इसके पूर्व संकीर्तन के संस्थापक रहे दिवंगत लखीचरण कुंडू, दिवंगत ग्राम प्रधान अशोक कुंडू व दिवंगत काशीनाथ कुंडू को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। संकीर्तन में पुटलुपुंग, बहरागोड़ा ,डोकरसाई व पुरानआमदा के पुरुष संप्रदाय तथा पुरुलिया व हेंसलबील की महिला संकीर्तन संप्रदाय भाग ले रही है। संकीर्तन सुनने भक्तों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर पंडित सुधांशु शेखर मिश्रा,सुनील कुमार डे, कमलकांति घोष, पद्मावती कुंडू,राजू कुंडू, संजय कुंडू, सुभाष मूंदी,बिरेन नंदी, भास्कर डे,प्रभाष सामुई,सिमांत कुंडू, प्रशांत कुंडू , विश्वजीत मोरल,सौरव सामुई, पप्पू मूदी,बिल्ला मूदी आकाश मूंदी,उधम मोरल सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित थे।

### राजेन्द्र विद्यालय में एलकेजी के बच्चों का किया गया स्वागत

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजेन्द्र विद्यालय के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 मार्च को एलकेजी के साथ समस्त विद्यालय के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एलकेजी के बच्चों का स्वागत, उनके माता -पिता के साथ विद्यालय के मुख्य द्वार पर अनोखे अंदाज में किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार परसजाया गया। विद्यालय में एनईपी से संबंधित चार कार्नर बनाए गएजिसका सभी ने भ्रमण किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती की आराधना से हुआ। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेक स्टॉल लगाएगए थे। बच्चों के मनोरंजन के लिए संगीत की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थी प्राइमरी इंचार्ज डी वाणी से मिले ।

### टांगराइन स्कूल के बच्चों का एक्सपोजर विजिट रेल यात्रा के माध्यम से सीखने का अनुभव

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन के बच्चों ने आज एक्सपोजर विजिट के तहत सिदिरसाई रेलवे स्टेशन से बादाम पहाड़ रेलवे स्टेशन तक रेल यात्रा की। इस रेल यात्रा के दौरान उन्होंने यातायात के साधन रेल की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की और रेल कर्मचारियों से बातचीत कर रेल यातायात की जानकारी प्राप्त की।एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी भी साथ में थे। सभी छात्र सुबह सिदिरसाई रेलवे स्टेशन से रवाना हुए और देर शाम बादाम पहाड़ स्टेशन से वापस लौटे। इस दौरान उन्होंने रेल यात्रा के दौरान विभिन्न पहलुओं का अनुभव किया और रेलवे स्टेशन की कार्यप्रणाली को समझा।इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों से मिलने का अवसर प्रदान करना था। यह एक्सपोजर विजिट बच्चों के लिए एक अनोखा और रोमांचक अनुभव था जिसने उन्हें नई चीजें सीखने और अपने ज्ञान को बढ़ाने का अवसर प्रदान किया

# जविप्र विक्रेताओं संग जिला स्तरीय सेमिनार-सह-कार्यशाला आयोजित

**जन वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को पारदर्शी और प्रभावी बनाना सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता, जन वितरण प्रणाली विक्रेता ससमय लाभुकों को करें राशन वितरणः अनुमण्डल पदाधिकारी**





**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर भवन, खूंटी में आज जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं संग जिला स्तरीय सेमिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का अनुमण्डल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण एवं काफी संख्या में जन वितरण प्रणाली विक्रेता मौके पर उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाना सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जन वितरण प्रणाली विक्रेता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, आप अच्छा कार्य कर रहे है, आगे भी उत्तरदायित्व पूर्ण अपने कार्यो को करें। राशन पर हम सभी निर्भर है, इसलिए पूरी ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ जन वितरण प्रणाली के राशन दुकान का संचालन करें और लाभुकों को ससमय राशन वितरण करें। जन वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकान को समय पर खोले और निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण करें, जिससे लाभुकों को समस्या न हो। राशन डीलर अच्छा कार्य कर रहे है, हमे आप सभी पर गर्व है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाया जा रहा है, इसकी शुरूआत खूँटी जिले से की गई है। जिससे सभी पात्र लाभुकों को राशन समय पर मिल सके। उन्होंने सभी विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे राशन वितरण में पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी निभाएं, ताकि कोई भी लाभुक वंचित न रहे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राशन कार्डधारकों के ई-केवाईसी को 31 मार्च 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाए ताकि भविष्य में किसी लाभुक को राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत 100% लाभुकों तक सामग्री पहुंचाने पर भी जोर दिया और विक्रेताओं से सहयोग की अपील की। जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा अपनी समस्याओं, प्रश्नों और सुझावों को भी रखा गया, जिन पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा उन समस्याओं के समाधान एवं प्रश्नों के उत्तर दिए गए। अनुमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सभी वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर है। राशन वितरण में पारदर्शिता बनी रहे, लाभुकों से कोई अतिरिक्त राशि न ली जाए और समय पर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इस कार्यशाला में एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के राशन कार्डधारियों को दिए जा रहे राशन वितरण को सरल तरीके से ससमय उपलब्ध कराने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत स्मार्ट पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण प्रक्रिया की तकनीकी रूप से भी विस्तृत जानकारी दी गई। राशन कार्डधारकों को सुचारू रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में अनुमण्डल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पदाधिकारी सीधे जनता से जुड़ें, जरूरतमंदों की समस्याओं का कराएं समाधान : पाठक

**संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत हुई कांग्रेस की समीक्षा बैठक**




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। सभी प्रखंड अध्यक्ष ने अपनी-अपनी प्रखंड से संबंधित जानकारी विस्तार से रखी। बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेस के पदाधिकारी सीधे जनता से जुड़ें। सभी की प्राथमिकता जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान करवाना है। सभी प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रत्येक मंगलवार को अंचल व प्रखंड कार्यालय के समक्ष कैंप लगाकर झारखंड सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। सभी प्रखंड प्रभारी व सह प्रभारी अपने प्रखंडों में बैठक करें। संगठन सशक्तिकरण अभियान के मिले जवाबदेही का ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। निर्णय लिया गया कि जिले के सभी पदाधिकारी बिना सूचना के लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित रहेंगे तो उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। प्रत्येक माह जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यो की समीक्षा बैठक की जाएगी। बैठक में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत पलामू कांग्रेस मजबूती की ओर बढ़ रहा है। दलित, अल्पसंख्यक पिछड़ा, आदिवासी समाज के लोग लगातार पार्टी में शामिल होने का काम कर रहे हैं। देश में कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को सम्मान दे सकती है।भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी मोहब्बत पर विश्वास रखती है। यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलाया जा सकता है। बैठक में विनोद तिवारी, संतोष चौबे, तारकेश्वर पासवान, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, विद्या सिंह चेरो, राजेंद्र अग्रवाल, शंकर पांडे, गिरजा राम, डॉक्टर कृष्मणि दुबे, मिथिलेश कुमार सिंह, बागेश्वर पांडे, सुरेश पाठक, तुलसी पासवान, इंदु भगत, विश्राम दुबे, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, देवांग शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, नफीस खान, मिट्टू खान, रविंद्र कुमार, अरविंद अग्रवाल, गुप्तेश्वर पांडे, कामेश्वर मांझी, छोटू चंद्रवंशी, विष्णुदेव यादव, उदय यादव, पंकज कुमार सिंह, योगेश्वर यादव, मुस्तकीम, चांद अकमल आलम व रॉबिन भारद्वाज सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस के पांच पदाधिकारियों को प्रवक्ता की भी जिम्मेवारी



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर धनबाद जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को दिए गए अतिरिक्त जिम्मेवारी की घोषणा की। धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार पासवान,महासचिव असद कलिम महासचिव मधुसूदन मोदक को जिला कांग्रेस का प्रवक्ता और जिला कांग्रेस सचिव मधुसूदन सिंह चौधरी को धनबाद कांग्रेस कार्यालय का प्रभारी घोषित किया है। कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भावना को देखते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं झारखंड सरकार की योजनाओ को जन जन तक पहुंचाई जा सके साथ ही स्थानीय समस्याओं को मुखर रूप से रखने के लिए उक्त जिम्मेवारी दिया गया है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा संगठन सृजन अभियान में प्रवक्ता का महत्वपूर्ण योगदान की आवश्यक प्रतीत हो रहा था इसलिए जिला कांग्रेस की आवाज को बुलंदी के साथ रखने के लिए जिला में पांच प्रमुख प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उक्त अवसर पर सभी प्रवक्ता और नव नियुक्त कार्यालय प्रभारी मौजूद थें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह,बंटी दास,सुरज वर्मा,सुधांसु शर्मा सहित अन्य उपस्थित थें।

## दुबई के रास्ते पाकिस्तान से जमशेदपुर पहुंची शीर खुरमा सेवई, ईद में बढ़ गए दाम

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद के लिए सेवइयों की खरीदारी शुरू हो गई है। इस बार खास तरह की सेवाइयों के साथ पाकिस्तान से आई शीर खुरमा सेवई की खूब मांग है। ईद के लिए तरह-तरह की सेवइयों का बाजार सज गया है। खरीदारी भी शुरू हो गई है। इस बार ग्राहकों को कुछ नई तरह की सेवइयों का आनंद मिलेगा। स्थानीय और ब्रांडेड सेवाइयों के अलावा इस बार पाकिस्तान में तैयार शीर खुरमा सेवई दुबई के रास्ते यहां पहुंची है। इस सेवई की कीमत ज्यादा है। 180 ग्राम के पैकेट की कीमत 140 रुपये है। इसमें कई तरह के ड्राई फ्रूट्स होते हैं और यह पूरी तरह तैयार होता है। इसे सिर्फ दूध में मिलाकर खाया जाता है। काफी स्वादिष्ट होने के कारण इसकी मांग ज्यादा है। पहली बार बाजार में अफलातून लच्छा सेवई तेजी से प्रचलित हुआ है। दुकानदार सैयद अख्तर ने बताया कि अफलातून सेवई को पहली बार खास तौर से तैयार कराया गया है। इसे हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। वैसे जो कम पैसे खर्च करना चाहते हैं, उनके लिए रिफाइन और देसी घी मिलाकर 240 रुपये किलो और शुद्ध देसी घी वाली सेवई 400 किलो की दर से बिक रही है। इसका स्वाद भी लाजवाब है। सबसे अधिक मांग वाली सेवई माकुटी और पंजाबी सफेद और पंजाबी भूरा की है। यह सेवई 160 रुपये से र180 रुपये किलो की दर से बाजार में बिक रही है। वहीं, लड्डू के आकार वाली पटनहिया सेवाई अभी 140 रुपये किलो की दर से बाजार में उपलब्ध है। स्पेशल मशीन हैंडमेड सेवई 180 रुपये किलो है। सैयद अख्तर ने बताया कि शुद्ध घी, डालडा, रिफाइन और मैदा की कीमतों में वृद्धि के कारण इन सेवइयां की कीमतें भी 15 से 20 फीसदी बढ़ गई हैं। किमामी सेवई जो पहले 80 रुपये किलो बिकती थी, इस बार उसकी कीमत 100 रुपये किलो हो गई है। वहीं, स्पेशल मशीन हैंडमेड सेवई 160 से बढ़कर 180 रुपये किलो बिक रही है। फैमिली सेवई की भी बाजार में अच्छी मांग है। इसे इलाहाबाद से विशेष रूप से मंगाया जाता है। बाजार में ब्रांडेड सेवइयों की मांग काफी है। ब्रांडेड सेवइयों के भी बाजार में अलग-अलग फ्लेवर भी उपलब्ध हैं। यह 260 रुपये किलो है।



## पंडवा के 33 लोगों को सात दिनों में अतिक्रमण हटाने को ले आदेश निर्गत : डा. अमित झा



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएचएआई के निमार्णाधीन एनएच -75 की जमीन को अतिक्रमण किए पंडवा अंचल के 33 लोगों को सात दिनों में अतिक्रमण हटाने को ले आदेश निर्गत किया गया है। यह आदेश पंडवा के अंचल अधिकारी डॉ अमित कुमार झा ने जारी किया है। बताते चलें कि 65 लोगों के विरूद्ध पंडवा सीओ डॉ अमित कुमार झा ने 10 मार्च को प्रपत्र एक में अतिक्रमण वाद का नोटिस जारी किया था। संबंधित अतिक्रमणकारियों को अपना पक्ष रखने के लिए 18 मार्च को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई थी। इसमे कूल 41 लोग उपस्थित हुए। पंडवा सीओ डॉ अमित कुमार झा ने बताया कि 18 मार्च को सुनवाई के दौरान पंडवा के कुल 8 लोगों ने अपने जमीन से संबंधित दस्तावेज अंचल में जमा किया। इसकी जांच अंचल निरीक्षक व अंचल अमीन कर रहे हैं। बताया कि कूल 33 लोग उपस्थित लेकिन जमीन संबंधित किसी भी दस्तावेज को जमा करने में असफल रहे। उन लोगों के खिलाफ प्रपत्र 2 में 7 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। बताया कि अनुपस्थित पाए गए 24 अतिक्रमणकारियों को अंतिम मौका देते हुए 25 मार्च 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। उक्त तिथि को पुनः प्रपत्र 1 में अपना पक्ष रखने के लिए स्मार पत्र के रूप में नोटिस किया गया है।

### इफ्तार पार्टी में शामिल हुए दिलीप सिंह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को मुगल दरबार,आरा मोड़ में मोहम्मद शाहजहां द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह शामिल हुए। दिलीप सिंह ने कहा इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ता है और हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश है।

## नौतन से चोरी गयी बोलेरो मेहसी से बरामद, दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने पूर्वी चंपारण में छापेमारी कर नौतन से चोरी गयी के दो बोलेरो के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डा शौर्य सुमन ने बताया कि पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर निवासी नंदू चौरसिया व मेहसी थाना क्षेत्र के पुरानी मेहसी निवासी धीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी की दो बोलेरो बरामद की गई है। इनमें से एक बोलेरो विगत 12 जनवरी को नौतन थाना क्षेत्र के डबरिया में आई बारात से चोरी हुई थी। जबकि दूसरी बोलेरो पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। बदमाशों ने पहाड़पुर से चोरी हुई बोलेरो के इंजन और चेचिस नंबर में छेड़छाड़ किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नंदू का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चनपटिया व पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना में लूट का मामला दर्ज है। वाहन चोरी के इस घटना में कुछ अन्य बदमाशों की भी संलिप्तता रही है। पुलिस उनकी पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। एसपी ने बताया कि 12 जनवरी को नौतन में आई बारात और 18 फरवरी को जगदीशपुर के गम्हरिया में आई बारात से अलग-अलग दो बोलेरो की चोरी हुई थी। चोरी की दोनों घटनाओं के बाद बोलेरो की बरामदगी और इसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। घटनास्थल पर टावर डंप से इसमें शामिल अपराधियों को चिन्हित किया गया।

## उत्तर कोयल मुख्य नहर में पुल निर्माण को ले रोका काम

**धरना पर बैठे किसान, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण**




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तर कोयल मुख्य नहर पर बने जहाजी पईन के सुपर पैसेज का पुल निर्माण नहीं कराये जाने पर गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के खरगड़ा पंचायत के ग्रामीण, किसान व प्रतिनिधि धरना पर बैठ गए। मुख्य नहर में जारी मरम्मति कार्य को रोकते हुए कहा कि संवेदक की घोषणा अनुरुप दो वर्ष बीतने के बावजूद पुल का निर्माण नहीं कराया जा सका है। नया थाना परिसर से सटे खरवार बीर बाबा स्थल पर धारना में बैठे किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंसस मनीष कुमार मेहता, किसान जितेन्द्र सिंह, नंद पासवान, सत्येन्द्र पासवान, श्याम लाल राम, मुन्द्रिका सिंह, संजय सिंह, प्रेमचंद कुमार, सुदर्शन सिंह, रुंजय सिंह आदि ने कहा कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से उनके सौ एकड़ की खेती प्रतिवर्ष मारी जा रही है। धरना में सजवन, सलेमपुर, हरिजन बिगहा, चेचरिया, संतोषडीह गांव के सैकड़ों किसान शामिल थे। इधर नहर मरम्मति कार्य में लगे कर्मियों के मुताबिक खरवार बीर बाबा स्थल के सामने नहर में पुल निर्माण का प्राक्कलन नहीं है। ग्रामीण व किसानों में रोष इस बात को लेकर है कि बिना नवनिर्माण कराये पुराने सुपर पैसेज को तोड़ दिया गया है। इस मामले में धरनार्थियों ने विभागीय मुख्य अभियंता व हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अविलंब पैसेज का निर्माण कराने की मांग की है। उधर प्रोजेक्ट मैनेजर मयंक घोष ने ग्रामीणों व किसानों को सुपर पैसेज निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

## अफीम की अवैध खेती पर चले संयुक्त अभियान में 4 एकड़ फसल नष्ट



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनातू थाना के झांटी गांव के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया।अभियान में मनातू वन विभाग की टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल शामिल थे। अभियान के दौरान लगभग 04 एकड़ भूमि पर फैले अफीम के फसल को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की खेती को रोकना व क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध खेती की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दे। इससे मादक पदार्थों के गैरकानूनी कारोबार पर रोक लगाई जा सके।

## टैरिफ से मंदी-अस्थिरता का खतरा पर भारत मजबूत

● प्रवासी भारतीय पैसे भेजने में खाड़ी देशों से आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूती बनाए हुए है, जो कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन और उपभोग (खपत) में सुधार से साफ दिखता है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के मार्च महीने के बुलेटिन में दी गई है। आरबीआइ के स्टेट ऑफ द इकोनॉमी लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को इस समय व्यापारिक तनाव और अनिश्चितता की लहरों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते टैरिफ (आयात शुल्क) के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है और इससे वैश्विक आर्थिक वृद्धि में मंदी की आशंका भी बनी हुई है।

**भारतीय अर्थव्यवस्था बनी मजबूत-** इन चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। इसका मुख्य कारण कृषि क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन और उपभोग (खपत) में सुधार है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।



**महंगाई घटी, अर्थव्यवस्था को राहत-** आरबीआइ के लेख में यह भी बताया गया है कि भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने में महंगाई में आई गिरावट भी मददगार साबित हुई है। फरवरी 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) आधारित महंगाई दर सात महीने के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट है। हालांकि, आरबीआइ ने यह भी स्पष्ट किया कि यह लेख लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं और यह केंद्रीय बैंक (आरबीआइ) का आधिकारिक दृष्टिकोण नहीं दर्शाता।

**विकसित अर्थव्यवस्थाओं में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने पैसे भेजने में खाड़ी देशों को पीछे छोड़ा-** अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भारत में पैसा भेजने के मामले में 2023-24 में खाड़ी देशों को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआइ के बुधवार को जारी मार्च बुलेटिन के मुताबिक, प्रवासी भारतीयों ने 2010-11 में भारत में 55.6 अरब डॉलर भेजे थे। यह राशि दोगुना होकर 2023-24 में 118.7 अरब डॉलर पहुंच गई। यह देश के वस्तु व्यापार घाटे के करीब आधे हिस्से की भरपाई करता है और इस अवधि में बाहरी झटकों को झेलने में बड़ी भूमिका निभाई है। बुलेटिन के मुताबिक, विदेश में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की संख्या 1990 के 66 लाख से तिगुना होकर 2024 में 1.85 करोड़ पहुंच गई। इस दौरान वैश्विक प्रवासियों में भारतीयों की हिस्सेदारी भी 4.3 फीसदी से बढ़कर 6 फीसदी पहुंच गई। भारत के कुल रेमिटेंस में अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। यह 23.4 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 27.7 फीसदी हो गई। यूएई 19.2 फीसदी के साथ दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है।

# दुनियाभर में इस साल 23,154 कर्मचारी निकाले गए

## 2022-24 के दौरान 5.82 लाख लोगों की नौकरी छिनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर की टेक कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इन कंपनियों ने इस साल अब तक 23,154 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इसकी प्रमुख वजह...कमाई घटना, लागत में बड़े स्तर पर कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेजी से अपनाना है। दुनियाभर में होने वाली छंटनी पर नजर रखने वाली कंपनी लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के मुताबिक, इस साल छंटनी की शुरुआत 6 जनवरी से हुई, जब इस्राइल की कंपनी सोलरएज ने 400 कर्मचारियों को निकाल दिया। ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में 1,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। मेटा ने इस साल अब तक सबसे ज्यादा 3,600 लोगों को नौकरी से निकाला है।



**एआई से बेहतर प्रदर्शन का दबाव-** एआई को अपनाने के कारण कर्मचारियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव बढ़ गया है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को भेजे इंटरनल नोट में कहा, वे प्रदर्शन प्रबंधन के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं। कम प्रदर्शन करने वालों को तेजी से बाहर निकाला जाएगा और उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। वहीं, हैवलेट पैकर्ड इंटरप्राइज (एचपीई) ने कहा, लागत घटाने की योजना के तहत यह छंटनी की जा रही है। इससे कंपनी को 35 करोड़ डॉलर की बचत होगी।

लागत में कटौती का हवाला देते हुए दुनियाभर की टेक कंपनियों ने इस साल 23,154 कर्मचारियों को निकाल दिया है। बड़े पैमाने पर नौकरी छिनने का एक कारण लागत में बड़े स्तर पर कटौती है तो दूसरी तरफ एआई को तेजी से अपनाने के कारण भी कंपनियां छंटनी कर रहीं हैं। साल 2022 से 2024 के बीच 5,81,961 लोगों की नौकरियां गई हैं। 2023 में सर्वाधिक 2,64,220 कर्मचारियों की छंटनी हुई है।

दुनियाभर की टेक कंपनियों में छंटनी का दौर जारी है। इन कंपनियों ने इस साल अब तक 23,154 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इसकी प्रमुख वजह...कमाई घटना, लागत में बड़े स्तर पर कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेजी से अपनाना है। दुनियाभर में होने वाली छंटनी पर नजर रखने वाली कंपनी लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के मुताबिक, इस साल छंटनी की शुरुआत 6 जनवरी से हुई, जब इस्राइल की कंपनी सोलरएज ने 400 कर्मचारियों को निकाल दिया। ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में 1,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। मेटा ने इस साल अब तक सबसे ज्यादा 3,600 लोगों को नौकरी से निकाला है।

### एआई से बेहतर प्रदर्शन का दबाव

एआई को अपनाने के कारण कर्मचारियों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव बढ़ गया है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को भेजे इंटरनल नोट में कहा, वे प्रदर्शन प्रबंधन के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं। कम प्रदर्शन करने वालों को तेजी से बाहर निकाला जाएगा और उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। वहीं, हैवलेट पैकर्ड इंटरप्राइज (एचपीई) ने कहा, लागत घटाने की योजना के तहत यह छंटनी की जा रही है। इससे कंपनी को 35 करोड़ डॉलर की बचत होगी।

### 2,000 लोगों को नौकरी से निकालेगी मॉर्गन स्टेनली

मॉर्गन स्टेनली इस महीने के अंत में करीब 2,000 नौकरियों में कटौती कर सकती है।यह कंपनी के सीईओ टेड पिक के नेतृत्व में छंटनी का पहला दौर होगा।

## एम्मार को खरीदने की तैयारी में अडानी समूह, अप्रैल तक डील पूरी होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट सेक्टर में गौतम अडानी समूह एक बड़ी डील की तैयारी में है। अडानी समूह दुबई स्थित डेवलपर एम्मार ग्रुप की भारतीय इकाई को 1.4 अरब डॉलर के संभावित उद्यम मूल्य पर खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। यह डील अप्रैल तक पूरी होने की उम्मीद है।

### क्या है प्लान

सूत्रों की मानें तो अडानी समूह और एम्मार की ओर से ट्रांजैक्शन स्ट्रक्चर पर चर्चा किया जा रहा है। इस ट्रांजैक्शन में अडानी की एक गैर-सूचीबद्ध इकाई द्वारा लगभग 400 मिलियन डॉलर की इक्विटी का निवेश शामिल हो सकता है। सूत्रों के अनुसार अप्रैल तक समझौता हो सकता है लेकिन वार्ता जारी रहने के कारण समझौते की कोई गारंटी नहीं है। हालांकि, अडानी समूह और एम्मार की ओर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। इससे पहले एम्मार ने जनवरी में कहा था कि वह एम्मार इंडिया लिमिटेड में हिस्सेदारी की संभावित बिक्री के बारे में अडानी सहित भारत के कुछ समूहों के साथ चर्चा कर रहा है।



**अडानी के पोर्टफोलियो का होगा विस्तार-** एम्मार इकाई के अधिग्रहण से भारत में अडानी के रियल एस्टेट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। एम्मार इंडिया नई दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित स्थानों पर आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाएं विकसित कर रही है। इसकी वेबसाइट के अनुसार कंपनी में 24 मिलियन स्क्वायर फुट संपत्ति शामिल है और 61 मिलियन स्क्वायर फुट क्षेत्र विकासाधीन है। ब्लूमबर्ग न्यूज ने इस महीने बताया कि अडानी परिवार की रियल एस्टेट इकाई अनुमानित 360 अरब रुपये के साथ मुंबई में सबसे बड़ी आवासीय परियोजनाओं में से एक को पुनर्विकास करने के लिए शीर्ष बोलीदाता के रूप में उभरी है। आपको बता दें कि अडानी समूह पहले से ही एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में शामिल धारावी का पुनर्विकास कर रहा है। धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (अब नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड) में समूह की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि बाकी हिस्सेदारी राज्य सरकार की है।

# नवरत्न आईआरएफसी का शेयर डिविडेंड रिकॉर्ड डेट से पहले उछला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न पीएसयू स्टॉक इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन का शेयर प्राइस गुरुवार को 2.26 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया, क्योंकि डिविडेंड रिकॉर्ड डेट नजदीक है। 20 मार्च को सुबह 9-30 बजे, ह्रस्व पर आईआरएफसी के शेयर 131.39 प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहे थे। आज सुबह 130.50 रुपये पर खुलने के बाद आईआरएफसी के शेयर 131.85 रुपये तक उछले। इसके बाद दोपहर सवा 12 बजे के करीब 0.56 पर्सेंट की तेजी के साथ 128.82 रुपये पर आ गए। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन में इस स्टॉक ने 8 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल देखा है।

**आईआरएफसी के दूसरे इंटरिम डिविडेंड की डिटेल्स-** 17 मार्च को, आईआरएफसी के बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 10 फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 0.80 का दूसरा इंटरिम डिविडेंड देने की घोषणा की। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, 17 मार्च 2025 को हुई बोर्ड मीटिंग में, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 0.80 का दूसरा इंटरिम डिविडेंड देने का फैसला किया है।



● **रिकॉर्ड डेट 21 मार्च 2025 को-** कंपनी ने यह भी बताया कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 21 मार्च 2025 (शुक्रवार) तय किया गया है। कंपनी ने कहा, 10 मार्च 2025 के पत्र के अनुसार, दूसरे इंटरिम डिविडेंड के लिए शेयरधारकों की पात्रता तय करने का रिकॉर्ड डेट 21 मार्च 2025 (शुक्रवार) है। डिविडेंड की घोषणा के 30 दिनों के भीतर शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा। यह राज्य के स्वामित्व वाली इस रेलवे फाइनेंस कंपनी का नौवां डिविडेंड भुगतान है। 2021 में लिस्टिंग के बाद से, आईआरएफसी ने केवल एक बार 1 या उससे ज्यादा का डिविडेंड दिया है, जो उसका लिस्टिंग के बाद पहला डिविडेंड था। 2022 से, आईआरएफसी ने पिछले पांच मौकों पर 0.8 और 0.7 प्रति शेयर के बीच डिविडेंड दिया है। अब तक, आईआरएफसी ने अपने शेयरधारकों को कुल 7.05 प्रति शेयर का डिविडेंड दिया है। आईआरएफसी के शेयर रिकॉर्ड डेट या उससे एक दिन पहले एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे।

## हैदराबाद की कंपनी को मिला 2,129 करोड़ का ठेका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद की कंपनी एनसीसी लिमिटेड को आंध्र प्रदेश कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी से अमरावती में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का 2,129.60 करोड़ का ठेका मिला है। इस खबर के बाद एनसीसी के शेयर के लिए लूट मच गई। शुरुआती कारोबार में ही यह 5 पर्सेंट से ऊपर उछलकर कर 208.60 रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले बुधवार (19 मार्च) को कंपनी के शेयर 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।




**क्या है ठेके में-** सीएनबीसी टीवी 18 के मुताबिक यह ठेका 19 मार्च 2025 को जारी किए गए लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस के जरिए दिया गया है। इसमें अमरावती कैपिटल सिटी के जोन-12 गांवों में सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, पानी की सप्लाई, सीवेज नेटवर्क, बिजली और आईसीटी के लिए यूटिलिटी डक्ट्स, रीयूज वॉटर लाइन्स और एवेन्यू प्लांटेशन का काम शामिल है। इस प्रोजेक्ट को मेजर ऑर्डर की श्रेणी में रखा गया है और इसे पूरा करने में कुल पांच साल लगेंगे।

● **नेट प्रॉफिट में 12.50 पर्सेंट की गिरावट-** एनसीसी ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए तीसरे क्वार्टर में अपने नेट प्रॉफिट में 12.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 193.2 करोड़ रहा। हालांकि, कंपनी का रेवेन्यू 1.6 प्रतिशत बढ़कर 5,344.5 करोड़ हो गया, जो पिछले साल के इसी क्वार्टर में 5,260 करोड़ था।

● **शेयर प्राइस हिस्ट्री-** एनसीसी का 52 हफ्ते का हाई 364.50 रुपये है और लो 170.05 रुपये। आज यह स्टॉक 205 रुपये पर खुला और 208.60 रुपये तक पहुंचे के बाद एक समय 201.65 रुपये पर आ गया। पिछले एक साल में इसके शेयरों में करीब 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, इस साल अबतक इसने 26 पर्सेंट से अधिक का निगेटिव रिटर्न दिया है। पिछले छह महीने में यह करीब 35 पर्सेंट टूटा है।

# फेंस कंपनी को डीआरडीओ से मिला 142 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। पारस डिफेंस के शेयर गुरुवार को बीएसई में करीब 10 पर्सेंट उछलकर 1046.95 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेजी डीआरडीओ से एक ऑर्डर मिलने के बाद आई है। पारस डिफेंस को मिला यह ऑर्डर 142.31 करोड़ रुपये का है। पारस डिफेंस के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1592.75 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 608.75 रुपये है। पारस डिफेंस के शेयरों में पिछले एक साल में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है।

**इस काम के लिए पारस डिफेंस को मिला है ऑर्डर-** पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज को डीआरडीओ से एक लेजर सोर्स मॉड्यूल के डिवेलपमेंट और मोबाइल प्लेटफॉर्म पर बीम कंट्रोल सिस्टम के साथ इसके इंटीग्रेशन के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बताया है कि यह एंटी-ड्रोन और एंटी-मिसाइड एप्लीकेशंस के लिए एक हाई-पावर लेजर सिस्टम ऑर्डर का हिस्सा है। पारस डिफेंस ने बताया है कि डीआरडीओ से मिले इस ऑर्डर को 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना है। पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में शेयर का दाम 175 रुपये था। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 21 सितंबर 2021 को खुला था और यह 23 सितंबर तक ओपन रहा। पारस डिफेंस के शेयर 1 अक्टूबर 2021 को बीएसई में 475 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग वाले दिन ही पारस डिफेंस के शेयर उछाल के साथ 498.75 रुपये पर बंद हुए। पारस डिफेंस का आईपीओ टोटल 304.26 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 112.81 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 927.7 गुना दांव लगा था।

# पहल: लोगों को वित्तीय रूप से जागरुक कर रहे

## दो पूर्व बैंकर्स सुशील सरावगी और प्रियंका मोहन





**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में वित्तीय क्षेत्र ने जितनी तेजी से विकास किया है, उतनी तेजी से लोग वित्तीय रूप से जागरुक नहीं हो पाए हैं। बाजार में निवेश के लिए सैकड़ों उत्पाद और उपकरण मौजूद हैं, लेकिन इसका किस प्रकार उपयोग किया जाए, आम निवेशकों में इसे लेकर पर्याप्त जानकारी नहीं है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए दो पूर्व बैंकर्स सुशील सरावगी और प्रियंका मोहन लोगों को पैसों के बारे में जागरुक बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

**बैंकिंग से वित्तीय शिक्षा तक का सफर-** बैंकिंग सेक्टर में काम कर चुके सुशील सरावगी और प्रियंका मोहन ने भारत में लोगों को पैसों के बारे में शिक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बैंकिंग सेक्टर में सालों का अनुभव रखने के बाद उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि भारत के लोगों के बीच वित्तीय जागरूकता की भारी कमी है। बाजार में तमाम तरह के फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स तो उपलब्ध थे, लेकिन उन्हें सही तरीके से इस्तेमाल करने का तरीका लोगों को ठीक से पता नहीं था। इसी कमी को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी सोच को बैंकिंग से हटाकर वित्तीय शिक्षा की ओर मोड़ लिया।

**तकनीक और डेटा का सही इस्तेमाल -** सुशील और प्रियंका ने डेटा और तकनीक की ताकत को समझते हुए ऐसे नए प्लेटफॉर्म और टूल्स तैयार किए हैं जो जटिल फाइनेंशियल कॉन्सेप्ट्स को आसान तरीके से समझा सकें। उनका मकसद है कि डेटा एनालिसिस का इस्तेमाल करके खास तरह की फाइनेंशियल शिक्षा सामग्री तैयार की जाए ताकि लोग इन फाइनेंशियल कॉन्सेप्ट्स को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लागू कर सके।

**निवेशकों को सशक्त बनाने का प्रयास -** सुशील और प्रियंका का उद्देश्य सीधा है- लोगों को फाइनेंशियल फैसले लेने के लिए जरूरी जानकारी देना। वे जटिल फाइनेंशियल जानकारियों को छोटे-छोटे आसान हिस्सों में बांटकर लोगों को बचत, निवेश और फाइनेंशियल प्लानिंग के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। उनका ये मिशन खासकर उन समुदायों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो फाइनेंशियल जानकारी से वंचित रह जाते हैं।

### एक साथ मिलकर शुरू किया सफर

सुशील और प्रियंका की इस साझेदारी का मकसद है लोगों को उनके रोजमर्रा के जीवन में आर्थिक रूप से सशक्त बनाना। उनकी काबिलियत ने मिलकर ऐसी ऊर्जा पैदा की है जो उनके आगे के प्रयासों को बढ़ावा दे रही है। उनका यह प्रयास सिर्फ जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मकसद लोगों में आर्थिक आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करना है। उनकी मेहनत का असर अब दिखने भी लगा है, क्योंकि उनकी शिक्षण प्रक्रिया से कई लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में सुशील और प्रियंका अपने काम का दायरा बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने के लिए तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करने की योजना बना रहे हैं। उनका अंतिम लक्ष्य है कि समाज को वित्तीय रूप से इतना सशक्त बनाया जाए कि हर व्यक्ति के पास अपने फाइनेंशियल लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जरूरी जानकारी और संसाधन उपलब्ध हो। ऐसे समय में जब हमारे वित्तीय फैसले हमारे भविष्य को बना सकते हैं या फिर बिगाड़ सकते हैं, सुशील सरावगी और प्रियंका मोहन की ये उपलब्धि वाकई काबिले तारीफ है। उनका बैंकिंग से शिक्षा क्षेत्र में आना इस बात का सबूत है कि उन्होंने समाज के लिए कुछ अलग और बड़ा करने का मजबूत इरादा बनाया था।

## आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक व नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। यह नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी होगी। ईडी के रूप में पदोन्नति से पहले, भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। लगभग तीन दशकों की अवधि में, उन्होंने मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग और आरबीआई के अंतर्राष्ट्रीय विभाग में मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के क्षेत्रों में काम किया है। उन्होंने 5 वर्षों (2009-14) तक कतर सेंट्रल बैंक, दोहा, कतर में गवर्नर के तकनीकी कार्यालय में आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया है। भट्टाचार्य ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उनकी शोध रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत और नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में है। केंद्रीय बैंक ने यह फैसला और अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन द्वारा लागू की जा रही टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता के बावजूद लिया है। नौ सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति से बैंक की मुख्य ब्याज दर को 4.50 प्रतिशत पर बनाए रखने की उम्मीद है, क्योंकि मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है और आने वाले महीनों में और अधिक बढ़ने वाली है।



12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 20-03-2025 22:12 Page 1



# श्री बंशीधर महोत्सव को मिला राजकीय महोत्सव का दर्जा

## जिले को मिली 183 करोड़ रुपये की सौगात




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिला स्थित प्रसिद्ध धर्मस्थल श्री बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव बुधवार को शुरू हो गया। सीएम हेमंत सोरेन ने गोसाई बाग मैदान में इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 183 करोड़ रुपये की योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है। परंतु विगत कुछ वर्षों से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने एवं महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने संकल्प लिया है। अब श्री बंशीधर महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। देश-दुनिया में यह महोत्सव अपना अलग स्थान बनाए, इस निमित्त हमारी सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी लोग इस महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। इस पावन बेला पर आप सभी को राज्य सरकार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधानसभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी। इस निमित्त विधानसभा सत्र आहूत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके इस मैदान में मैं पहली बार नहीं आया हूं, कई बार आया हूं। मैं आप लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, हाथ जोड़कर नमन करता हूं कि आप लोगों ने हमें कभी निराश नहीं किया।

आज आशीर्वाद के रूप में आप लोगों ने सरकार को मजबूत करने के लिए अपने श्री बंशीधर नगर और पलामू प्रमंडल को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के पक्ष में दो-दो विधायक चुनकर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि देने का काम किया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार के द्वारा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कहते नहीं हैं, हम कर-के दिखाने वाले लोग हैं। हमने चुनाव से पहले जो वादा किया, सरकार बनते ही उस वादा को पूर्ण करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पलामू प्रमंडल पानी के लिए हमेशा तरसता रहा है। यह शैडो जोन में आता है, गर्मी यहां अधिक पड़ती है। किसान पानी की बूंद के लिए तरसते रहते हैं, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। इसके लिए आप लोग चिंता न करें। पूर्व के अपने शासनकाल में हमने इस क्षेत्र के गांव, खेत और किसानों तक पानी पहुंचाने के एक संकल्प लिया था, उसके तहत हम लोगों ने कनहर परियोजना का शुभारंभ किया था। लगभग 1200 करोड़ रुपये की यह योजना आने वाले 6 से 8 महीने में पूर्ण होने जा रही है, जो यहां के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य करेगा।

# सरायढेला में चला बुलडोजर

- 50 जगहों पर हुआ था पक्का निर्माण
- नशेडियों के अड्डे को भी किया ध्वस्त




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम ने बुधवार को सरायढेला में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इंफोर्समेंट टीम ने फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में पीके राय मेमोरियल कालेज से लेकर सरायढेला होते हुए चूना गोदाम तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करने वालों बुलडोजर चलाया। लगभग एक दर्जन लोगों ने स्थायी एवं अस्थाई दुकानें बनाकर अवैध कब्जा कर रखा था। पांच दुकानदारों ने 50-50 जगह पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया था, चबूतरा बना लिया, पक्की छत तक बना ली। इसे बुलडोजर से तोड़ा गया। एक अतिक्रमणकारी ने 100 फीट जगह पर कब्जा जमा कर अंदर गोदाम बना लिया था। शाम में यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगता था। इसे भी तोड़ा गया। अनिल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आयी है कि यहां कुछ दबंग लोगों ने जगह भी बेच दी है। इसकी जांच की जा रही है। एक दिन पहले ही निगम ने इस क्षेत्र में मुनादी की थी। इस दौरान यहां स्थायी तौर पर निर्मित दुकानों व गुमटियों को हटाया गया। पांच गुमटी भी जब्त की गई। सरायढेला थाना मोड़ के पास रोड के एक तरफ से दूसरी तरफ जाने का रास्ता है। ठीक इसके सामने अतिक्रमण कर स्थायी दुकानों का निर्माण कर दिया गया है। इससे यहां आए दिन जाम की समस्या होती है। इसे देखते हुए ही यह अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि कोई भी दुकानदार सड़क के किनारों पर स्थाई दुकान नहीं लगा सकता।

## मंईंया सम्मान योजना ने बढ़ाई टेंशन

**चतरा।** प्रखंड क्षेत्र में मंईयां सम्मान योजना से 1519 महिलाओं के नाम हटा दिए गए, जिससे महिलाएं नाराज हैं। इससे लाभुकों को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक मदद मिलती थी, लेकिन अब उनका लाभ बंद हो गया है। होली से पहले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को तीन महीने का एक साथ 7500 रुपये खाते में मिला। लेकिन जिनका नाम कट गया है, वे इस सहायता राशि से वंचित रह गए। इससे प्रभावित महिलाएं मायूस हैं और लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं।

# कांग्रेस की चार दिवसीय पदयात्रा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पंचायती राज संगठन ने पांच प के आधार पर राजनीति को आगे बढ़ाने का फामूर्ला तैयार किया है।

झाखंड में पहाड़, पौधा, पानी, पंचायती राज और पेसा कानून को संरक्षण देने को लेकर पदयात्रा की शुरूआत की गई। चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु, खूंटी से हुआ।

बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल पर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण करने के बाद बिरसा के परिजनों को यात्रा के बारे में जानकारी दी।

बिरसा मुंडा के वंशजों सुखराम मुंडा, करन पाहन, जेठा मुंडा, मुखिया अमर मुंडु, वरदान मुंडा ग्राम प्रधान नेल्सन पुर्ती से मुलाकात कर स्वराज पदयात्रा की शुरूआत की।

पदयात्रा में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह, सतीश पाल मुजनी, गजेंद्र सिंह, राकेश किरण महतो, शांतनु मिश्रा, पंचायती राज संगठन के संयोजक सुमित शर्मा, रवि मिश्रा, रामकृष्ण चौधरी, विल्सन, अंजनी रंजन, नरेश तिर्की, सुभाष नाग आदि मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वन विभाग के आंकड़ों में झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत वन क्षेत्र दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग 20% भूमि पर जंगल बचे हैं।

शेष जमीन बंजर भूमि है। केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने वन अधिकार कानून में संशोधन किया। राष्ट्रीय वन नीति 1988 में कहा गया है कि कुल क्षेत्रफल का 33 प्रतिशत क्षेत्र वन आच्छादित होना चाहिए।

बावजूद इसके लगातार जंगलों की कटाई हो रही है इस पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है कि नए पौधे लोग लगाएं और राज्य सरकार भी नए पौधे लगाए।

पदयात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि रघुवर सरकार ने तीन बच्चों वालों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की पहल की थी जो कि सरासर गलत है।

दक्षिण-पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस रांची मंडल के मंडल समन्वयक नित्यलाल कुमार के नेतृत्व में दक्षिण-पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सक्रिय सदस्यों ने बुधवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शुचि सिंह से मुलाकात की।

इस क्रम में उन्होंने पुष्पगुच्छ व साल देकर उनका अभिवादन किया। साथ ही कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संबंधित विचाराधीन मुद्दों पर बातचीत की।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया।

## एक अप्रैल से सेलकर्मियों के वेतन पर पड़ेगा असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सेल में काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 0.7 प्रतिशत की कटौती की गई है। नई दर एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी।

इससे बोकारो इस्पात संयंत्र समेत अन्य इकाइयों के लगभग 56 हजार संयंत्रकर्मियों के वेतन पर असर पड़ेगा। महंगाई भत्ते में कटौती के साथ कामगारों का डीए 49.6 से घटकर 48.9 प्रतिशत हो जाएगा।

इसकी जानकारी उन्हें अगले माह की वेतनपर्ची से प्राप्त हो सकेगी। लेबर ब्यूरो बाजार की स्थिति को देख कर सेल कर्मियों के डीए में बढ़ोतरी व कटौती करती है।

इस तिमाही खुदरा बाजार में खाद्य पदार्थ समेत अन्य दैनिक वस्तुओं की मूल्य में कमी के कारण भत्ते को घटाया जा रहा है। इससे पहले एक जनवरी 2024 को डीए में 0.1 प्रतिशत कटौती की गई थी।

एक जनवरी 2025 को उनके अंतिम महंगाई भत्ता में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। इसके बाद उनका डीए 47.7 से बढ़कर 49.6 प्रतिशत पर आ गया था।

# रांची-टाटा एलिवेटेड कॉरिडोर पर फिर लगा अड़ंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा को रांची से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण में वन विभाग ने एक बार फिर रोड़ा अटका दिया है। 1500 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 4.644 हेक्टेयर वन भूमि के इस्तेमाल को लेकर पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार है।

वन विभाग ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ (एसबीएलडब्ल्यू) और नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) से अनुमति लेने को कहा है। पहले भी कई बार वन विभाग की आपत्तियों से यह प्रोजेक्ट अटक चुका है।

जमशेदपुर से रांची को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-33 झारखंड का एक व्यस्ततम मार्ग है। इस पर बढ़ते यातायात के दबाव और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एनएचएआइ ने एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की योजना तैयार की। लेकिन वन विभाग ने इस परियोजना को हरी झंडी देने से पहले कई शर्तें थोप दी हैं।

विभाग का कहना है कि प्रस्तावित कॉरिडोर का कुछ हिस्सा वन्यजीव अभयारण्य से होकर गुजरता है, जिसके लिए एसबीएलडब्ल्यू और एनबीडब्ल्यूएल से मंजूरी जरूरी है। ये दोनों बोर्ड वन्यजीव संरक्षण के लिए काम करते हैं।

एसबीएलडब्ल्यू राज्य स्तर पर और एनबीडब्ल्यूएल राष्ट्रीय स्तर पर वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं की जांच करते हैं।

वन विभाग ने एनएचएआई को पत्र लिखकर बताया कि परियोजना के प्रस्ताव में कई खामियां हैं। इन कमियों को दूर करने और मंजूरी प्रक्रिया को तेज करने की सलाह दी गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम इस परियोजना के महत्व को समझते हैं। एनएचएआई के साथ मिलकर इसे जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे, बशर्ते सभी नियमों का पालन हो।

यह पहली बार नहीं है जब वन विभाग ने इस परियोजना में पेंच फंसाया हो। साल 2021 में भी जमीन अधिग्रहण और वन मंजूरी के मुद्दे पर काम रुक गया था। तब एनएचएआइ को कई महीनों तक कागजी कार्रवाई में उलझना पड़ा। इसके अलावा, 2023 में वन्यजीवों के आवागमन को लेकर उठे सवालों ने भी परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हर बार मंजूरी में देरी से लागत बढ़ने का खतरा भी मंडरा रहा है।

क्यों खास है यह परियोजना?

## जाम से निजात को बन रहा एलिवेटेड कॉरिडोर

राष्ट्रीय राजमार्ग-33 झारखंड की आर्थिक रीढ़ माना जाता है। यह न सिर्फ जमशेदपुर और रांची जैसे बड़े शहरों को जोड़ता है, बल्कि खनिज संपदा से भरपूर इलाकों को भी बाजार से जोड़ने का काम करता है। रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही से यह मार्ग हमेशा जाम की चपेट में रहता है। एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से यातायात सुगम होगा और समय की बचत होगी, लेकिन वन भूमि और पर्यावरण नियमों की पेचीदगियों ने इसे सपना बनाकर रख दिया है।

एनएचएआई अब एसबीएलडब्ल्यू और एनबीडब्ल्यूएल से संपर्क साधने में जुट गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर जल्द मंजूरी नहीं मिली तो परियोजना की समयसीमा और बढ़ सकती है। वन विभाग ने भी सहयोग का भरोसा दिया है, लेकिन उसकी शर्तें सख्त हैं।

स्थानीय लोग इस प्रोजेक्ट के जल्द शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि जाम से छुटकारा मिल सके। फिलहाल, यह देखना बाकी है कि क्या एनएचएआई वन विभाग की आपत्तियों को दूर कर इस परियोजना को पटरी पर ला पाएगा, या फिर यह एक और अधूरी कहानी बनकर रह जाएगी।

# स्वर्णरिखा एक्सप्रेस में यात्री सुविधाओं में होगा बदलाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद से टाटा जानेवाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर। उन्हें दशकों पुराने खटारा डब्बों में बैठ कर यात्रा से छुटकारा मिलेगा। रेलवे ने स्वर्णरिखा एक्सप्रेस को एलएचबी रैक से चलाने की घोषणा कर दी है। 25 मई से धनबाद व टाटा दोनों ओर से एलएचबी रैक से चलेगी। इस ट्रेन में जनरल, सेकेंड सीटिंग के साथ एक एसी चेयर कार का कोच भी जुड़ेगा।

स्वर्णरिखा एक्सप्रेस को एलएचबी रैक से चलाने की मांग झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की ओर से लंबे समय से की जा रही है। एसोसिएशन मौजूदा रैक की जर्जर स्थिति, कोच में बने गड्ढे समेत अन्य समस्याओं को अलग-अलग माध्यमों से उठा कर एलएचबी में परिवर्तित करने का दबाव बनाता रहा है।

यात्री भी लगातार इस ट्रेन की खराब हालत की शिकायत करते रहे हैं। एक जुलाई 1993 को पटरी पर स्वर्णरिखा एक्सप्रेस के यात्रियों को 32 सालों बाद आरामदायक यात्रा का मौका मिल सकेगा। यात्रियों को और भी कई सुविधाएं मिलेंगी।

धनबाद से टाटा पहुंचने में बस यात्रा लगभग साढ़े चार घंटे की है। स्वर्णरिखा एक्सप्रेस से टाटा पहुंचने में छह घंटे 40 मिनट लगता है। सुबह 5:35 पर खुलने वाली ट्रेन दोपहर 12:15 पर टाटा पहुंचती है। एलएचबी रैक से चलने से औसत 28 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली ट्रेन की सुस्त चाल सुधरने की भी उम्मीद है।

# थाने में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस हुई परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुंडी।** धनबाद के टुंडी के एक युवक के हरकत से टुंडी पुलिस काफी परेशान है। मामला शादी तय हो जाने के बाद भी किसी दूसरी लड़की को घर में लाकर रखने और अब उससे शादी करने से इनकार करने का है। इस मामले को लेकर थाने में जमकर हंगामा हुआ, फिर लड़के ने अंतिम फैसला ले लिया। बताया जाता है कि टुंडी की रतनपुर पंचायत के कोकराद गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की शादी धनबाद के भूली निवासी एक लड़की से तय हुई थी। इसी बीच पवन ने भूली की ही एक दूसरी लड़की से प्यार कर बैठा और उसे अपने घर में लाकर एक सप्ताह तक रखा।

इस बात की जानकारी जब पूर्व में शादी तय हुई लड़की के स्वजनों को हुई तो वे लोग बुधवार को पवन के घर पहुंच गए। हो-हंगामा करने लगे। स्थिति बिगड़ता देख पवन ने जिस लड़की को प्यार के झांसे में लेकर घर लाया था उससे शादी करने से इनकार कर दिया।

उसने कहा कहा कि पहले जिस लड़की से रिश्ता तय हुआ है, वह उसी से वह शादी करेगा। इसके बाद उसके घर में रहने वाली लड़की ने इस बात की जानकारी अपने स्वजनों को दी। खबर पाकर पहुंचे स्वजन लड़की के साथ स्थानीय मुखिया व अन्य लोगों को लेकर टुंडी थाना पहुंचे।

थाने में पवन के खिलाफ शादी करने की नीयत से लड़की को भगाकर लाने व दुष्कर्म करने की शिकायत की। इससे परेशान टुंडी थाना प्रभारी ने जिस लड़की से शादी तय हुई है उसके स्वजनों के साथ दुष्कर्म की शिकायत करने वाली लड़की व पवन के स्वजनों को थाना बुलाया है।

तीनों पक्षों को बैठाकर मामले को सुलह कराने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन देर रात तक समस्या का समाधान नहीं निकला है।

# जो दो पुल गिरे उसी के संवेदक को मिला तीसरे पुल के निर्माण का जिम्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली से झामुमो के विधायक अमित महतो ने अपने क्षेत्र में बामलडीह पुल के उद्घाटन से पहले ही टूटकर गिरने का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में दो पुल गिर चुके हैं और तीसरे पुल के निर्माण की जिम्मेदारी भी उसी ठेकेदार को दी गई है, जिसे ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि सभी मामलों की बहुत पहले से जांच हो रही है। अब तक जांच पूरी नहीं होने के पीछे की वजह क्या है? क्या सरकार संवेदक को बचाने का कार्य कर रही है?

जांच पूरा नहीं होने पर अमित महतो ने कहा कि अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। इसपर प्रभारी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री स्वयं इसे देख रहे हैं। जल्द जांच कर कार्रवाई की जाएगी।हालांकि, अमित महतो मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने कहा कि जांच चल रही है, यही जवाब होता है। जांच कितने दिनों में पूरा होगी, यह स्पष्ट होना चाहिए।

माले के विधायक अरुप चटर्जी भी उनके समर्थन में उतरे। उन्होंने कहा कि सरकार को चलते सत्र में इसे स्पष्ट करना चाहिए।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ग्रामीण पथ पर भारी वाहनों के दबाव के मामले में सरकार ट्रैफिक सेंसस कराएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी।

मंत्री भाजपा के बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के सवालों का जवाब दे रहे थे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पतरातू-रांची मुख्य पथ पर नलकारी मोड़ से हरिहरपुर, सुथरपुर तथा जिंदल मुख्य पथ भाया सलगो, सुथरपुर होते हुए मंदरो चौक कुच्चू ओरमांझी तक की ग्रामीण सड़क का मामला उठाया था।

उन्होंने कहा था कि इस पथ पर भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे यह सड़क जर्जर हो चुकी है। उन्होंने इस पथ के सौंदर्यीकरण की मांग की थी।

राज्य में भाजपा के नेता शांति से रहें, यहां अगले 20 सालों तक हेमंत सोरेन ही मुख्यमंत्री रहेंगे। बुधवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के बजट पर भाषण देते हुए मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि अब कोई वेकैंसी नहीं है।

गिरिडीह की घटना का जिक्र करते हुए हफीजुल हसन ने कहा कि वहां स्थिति सामान्य हो गई थी। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास वहां बेवजह चले गए और विवाद बढ़ गया।इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी वहां चले गए। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने अपने भाषण में कहा कि बजट पर बोलते हुए सत्तापक्ष के विधायकों ने दुनियाभर की बातें कर ली।

# झारखण्ड के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी

## फसलों को पहुंच सकता है नुकसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह/धनबाद।** झारखंड में आज से मौसम का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक कई जिलों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी दी गई है। लोगों और किसानों से इस दौरान अलर्ट रहने को कहा गया है।

गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, गढ़वा, चतरा, पलामू, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में कई जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तूफान के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं शुक्रवार को ओलावृष्टि होने की भी ज्यादा संभावना है। इसकी जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. मधुकर कुमार ने दैनिक जागरण को दी।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मौसम के करवट लेने व बारिश समेत ओलावृष्टि होने व तेज हवा चलने का पूवार्नुमान मौसम विभाग ने लगाया है। इसके तहत गुरुवार सुबह से ही बादल छाने व रूक-रूक कर बारिश होने की प्रबल संभावना है।

गुरुवार को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की उम्मीद है। शुक्रवार को बारिश के साथ ओलावृष्टि होने का अनुमान लगाया गया है तथा हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी।

बताया कि तेज हवा के झोंका के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने से खलिहान में रखे गए गेहूं व अन्य फसलों के अलावा आम के मंजर व टिकोला समेत खेतों में लगी सब्जियों के पौधों को नुकसान होगा। ऐसे में किसानों को सलाह देते हुए कहा कि खलिहान से फसलों को अंदर कर लें ताकि नुकसान ना हो।

वहीं, खेत में लगी सब्जी के फसल को संभव हो तो ढंक दें ताकि ओलावृष्टि का असर पौधों पर ना पड़े। वैसे यह भी सलाह दिया गया है कि मोसम सामान्य होने के बाद दो ग्राम यूरिया को एक लीटर पानी में घोलकर आम पेड़ के अलावा सब्जी वाले खेतों में छिड़काव करने से क्षतिपूर्ति हो जाएगी।

# रूस में काम कर रहे गढ़वा के मजदूर का स्वदेश लौटा शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार की तत्परता से रूस में काम कर रहे गढ़वा जिले के प्रवासी मजदूर रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर स्वदेश लाया गया। स्वर्गीय रवि कुमार रूस की ओओओ एलइव्ही स्टोरी जो इस्टा कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉरपोरेट पार्टनर है, उसमें स्टील फिक्सर के रूप में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने सक्रियता दिखाई।

मृतक के पिता सच्चिदानंद चौधरी ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष में बेटे की मौत की सूचना दी थी। इसके बाद नियंत्रण कक्ष ने प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट और भारतीय दूतावास, मास्को के सेकंड सेक्रेटरी (काउंसुलर) से संपर्क किया। दूतावास और कंपनी के सहयोग से आवश्यक दस्तावेजीकरण तेजी से पूरा किया गया, जिससे पार्थिव शरीर को स्वदेश भेजने की प्रक्रिया में तेजी आई।

स्वर्गीय रवि कुमार का शव फ्लाइट संख्या एसयू 232 के माध्यम से 19 मार्च को मास्को से दिल्ली लाया गया और 20 मार्च को दिल्ली पहुंचा। गढ़वा के उपायुक्त ने भी शव को स्वदेश लाने में समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरकार की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को संबल मिला है। विभाग की इस पहल की स्थानीय स्तर पर भी सराहना की जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ/एसी/टी/214 से 215/24–25 (खुली), दिनांक 19.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–214–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में लाइन नं. 4 के उत्तरी भाग में कंक्रीट गुड्स वार्फ के निर्माण और आसनसोल गुड्स शेड में लाइटिंग सुविधा के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,67,34,683.38, **बयाना राशि :** रु. 2,83,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ–एसी–टी–215–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/2/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में कुलटी–बराकर के बीच आरयूबी नं. 6 में पर्याप्त ड्रेनेज सुविधाओं के प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,87,06,397.52, **बयाना राशि :** रु. 2,43,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** 6 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.04.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-381/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-20-22-25, दिनांक 19.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-20-25, दिनांक 19.03.2025,** आद्रा मंडल के चाण्डिल में साहेब बाँध (यानी प्राकृतिक झील) से मौजूदा पाइपलाइन के पुनरुद्धार तथा बंद पम्प हाउस के पुनरुद्धार का प्रावधान;रु. 1,33,97,742.15; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-21-25, दिनांक 19.03.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चौरासी एवं रामकनाली के बीच ईआई कार्यकारी प्रणाली के साथ ब्लॉक कार्यकारी प्रणाली सहित चौरासी साइडिंग का ब्लॉक स्टेशन के रूप में रूपांतरण; रु. 3,75,95,455.77; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-22-25, दिनांक 19.03.2025,** आद्रा मंडल में तालगड़िया-बोकारो स्टील सिटी के बीच नई निर्माण लाइन के लिए शेष बचे हुए कार्य; रु. 3,11,55,562.61; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 17.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1253)**

**ई-निविदा सं.: एम-716-क्युडब्ल्यू-बीकेएससी-25, दिनांक 19.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** बोकारो सिटी रेलवे स्टेशन में कोच में त्वरित जल भरने की प्रणाली का प्रावधान। **विभागीय मूल्य:** जीएसटी सहित रु. 2,93,54,146.46; **ई-निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय** 10.04.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे है तथा **निविदा** दिनांक 10.04.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे के उपरांत **खोली** जाएगी। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **(PR-1254)**



# बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के पुरस्कार वितरण की घोषणा, 15 खिलाड़ियों और कोच को 3-3 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस से कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस को बताया है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम इंडिया के लिए घोषित 58 करोड़ रुपये के नकद इनाम में से 15 खिलाड़ियों और मुख्य कोच गौतम गंभीर को 3-3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने इस आठ टीमों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ग्रुप ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद, फाइनल में न्यूजीलैंड को मात देकर 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपनी तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

इस इनाम की राशि उन खिलाड़ियों को भी मिलेगी जो टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं खेले, जैसे अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर। सैकिया ने यह भी बताया कि बाकी कोचिंग स्टाफ - बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, सहायक कोच अभिषेक नायर और रयान टेन डोशेट, फील्डिंग कोच टी दिलीप, और फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन व योगेश परमार, टीम डॉक्टर आदित्य दफ्तरी, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र द्विगी, नुवान उडेनेक और दयानंद गरानी, मसाजर चेतन कुमार, राजीव कुमार और अरुण कानाडे, और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को 50-50 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, बीसीसीआई से जुड़े अन्य अधिकारी जैसे वीडियो एनालिस्ट हरी प्रसाद मोहन, लायजन ऑफिसर और मीडिया मैनेजर को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर को 30 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि अन्य सदस्य - सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा, एस शरत और शिव सुंदर दास को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे। सैकिया ने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विजेता भारतीय टीम को लगभग 19.45 करोड़ रुपये इनाम में दिए, जो केवल खिलाड़ियों में बांटे गए। प्रत्येक खिलाड़ी को 1.43 करोड़ रुपये मिले। सैकिया ने गुरुवार को जारी बीसीसीआई के बयान में कहा, खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को यह इनाम देना हमारे लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और रणनीतिक खेल की बदौलत भारत विश्व क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंचा है। यह जीत सफेद गेंद क्रिकेट में भारत की श्रेष्ठता साबित करती है, और हमें विश्वास है कि टीम आने वाले वर्षों में और ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने आगे कहा, खिलाड़ियों द्वारा दिखाए गए समर्पण और प्रतिबद्धता ने एक नया मानदंड स्थापित किया है, और हमें विश्वास है कि भारतीय क्रिकेट वैश्विक मंच पर अपना मानक ऊंचा करता रहेगा।

**पिछले साल जून में लिया था रिटायरमेंट, भारत की मालदीव पर 3-0 से जीत**

# संन्यास से वापसी पर सुनील छेत्री का गोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री रिटायरमेंट से वापस लौट आए हैं। उन्होंने बुधवार को एक दोस्ताना मुकाबले में मालदीव के खिलाफ वापसी की। इस मुकाबले में भारत ने मालदीव को 3-0 से हराया। यह 16 महीनों में भारत की पहली जीत है। इससे पहले, भारत को आखिरी जीत 16 नवंबर, 2023 को 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग राउंड मैच में कुवैत (1-0) के खिलाफ मिली थी। वहीं, मनोलो मार्केज की कोचिंग में टीम ने पहली जीत दर्ज की है। मार्केज को पिछले साल जुलाई में हेड कोच बनाया गया था।

छेत्री ने 77वें मिनट में हेडर से गोल किया मैच में राहुल भेके ने 35वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। जबकि लिस्टन कोलाको ने 66वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। पिछले साल जून में संन्यास लेने के बाद नेशनल टीम में वापसी करने वाले 40 साल के छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया। उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से गोल किया, यह भारत के लिए उनका 152 मैचों में 95वां इंटरनेशनल गोल किया है। मालदीव दुनिया में 162वें स्थान पर है, जो भारत (126) से 36 स्थान नीचे है। छेत्री ने पिछले साल जून में लिया था रिटायरमेंट



छेत्री ने इस महीने की शुरुआत में अपने इंटरनेशनल संन्यास से वापसी का ऐलान किया था। छेत्री ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ फीका वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया था। वे अब 25 मार्च से शुरू हो रहे एशियन कप 2027 के तीसरे राउंड क्वालिफायर में खेलेंगे।




# टेक्नो और केकेआर की दमदार जोड़ी के साथ अब हर सिग्नल पर जीत पक्की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट फैंस, तैयार हो जाइए! जोश और नई टेक्नोलॉजी का दूसरा नाम, यानि इनोवेटिव टेक ब्रांड, टेक्नो अब आईपीएल की धाकड़ टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ जुड़ गया है। क्रिकेट और युवाओं के जुनून को सलाम करने के लिए की गई इस धमाकेदार साझेदारी के साथ खेल अब पहले से भी ज्यादा व्यापक और रोमांचक होने वाला है। भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जश्न, जज़्बात और ज़िंदगी का हिस्सा है। टेक्नो हमेशा से ही अपने दमदार और स्टाइलिश स्मार्टफोन्स के ज़रिए फैंस को गेम से जोड़े रखने में आगे रहा है। अब सिग्नल जीत का  के साथ, टेक्नो यह सुनिश्चित करेगा कि हर चौका, हर विकेट और हर सुपर ओवर आपके फोन तक बिना किसी रुकावट के पहुँचे। टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने कहा, हम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जज़्बात है, जो लाखों लोगों को जोड़ता है। यह भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के टेक्नो के मिशन से पूरी तरह मेल खाता है। सिग्नल जीत का  पहल के ज़रिए हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि फैंस हमेशा जुड़े रहें और रोमांचक मैच का कोई भी पल न चूकें। जिस तरह केकेआर मैदान में अपनी जी जान डाल देता है, ठीक उसी प्रकार हम भी अपने ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी देने के लिए काम करते हैं, जिससे फैंस हम से और खेल के हर पल के साथ जुड़े रहें। केकेआर का मूलमंत्र कोरबो लोरबो जीतबो टेक्नो के स्टॉप एट नथिंग सिद्धांत से बखूबी मेल खाता है, जो मेहनत, टीमवर्क और क्रिकेट की धड़कन को दर्शाता है। यह साझेदारी भारत के उन युवाओं से जुड़ने की टेक्नो की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो टेक्नोलॉजी और स्पोर्ट्स के लिए खास जुनून रखते हैं।

# रियान करेंगे राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी, पहले 3 मैच में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर खेलेंगे संजू सैमसन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पहले तीन मुकाबलों में रियान पराग राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगे। असम का यह बल्लेबाज टीम का अस्थायी कप्तान है। नियमित कप्तान संजू सैमसन पहले तीन मुकाबलों में खेलेंगे, लेकिन सिर्फ बतौर बल्लेबाज। वह संभवतः इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरेंगे। संजू सैमसन की ओर से एक अनौपचारिक टीम चैट के दौरान रियान पराग की कप्तानी की खबर का खुलासा किया गया। इसका वीडियो राजस्थान रॉयल्स के सोशल मीडिया हैंडल की ओर से पोस्ट किया गया था। संजू सैमसन ने टीम को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं अगले तीन मैचों के लिए अभी पूरी तरह से फिट नहीं हूं।' उन्होंने कहा, 'इस टीम में कई लीडर हैं। पिछले कुछ वर्षों में कुछ बेहतरीन लोग रहे हैं, जिन्होंने इस माहौल का बहुत अच्छे से ख्याल रखा है। अगले तीन मुकाबलों के लिए रियान टीम की कप्तानी करेंगे। मुझे उम्मीद है कि हर कोई उनका समर्थन करेगा और उनके साथ रहेगा।'संजू सैमसन हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 इंटरनेशनल के दौरान लगी अपनी दाहिनी तर्जनी अंगुली की चोट उबरे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज को इसके लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। उन्होंने अपनी रिकवरी में तेजी से प्रगति की है।



# चहल के तलाक के बीच आरजे महवश की पोस्ट वायरल, धनश्री पर साधा निशाना!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का आज आधिकारिक तौर पर तलाक होने की जानकारी सामने आई है। इससे पहले आरजे महवश ने 19 मार्च बुधवार की रात को एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर की। यह पोस्ट उस समय की है जब लेग स्पिन गेंदबाज को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आरजे महवश के साथ देखे जाने के बाद सूर्खियां बटौरी थी। आरजे महवश को 34 वर्षीय क्रिकेटर के साथ प्रीमियम स्टैंड में से एक में देखा गया था। आरजे महवश ने इंस्टाग्राम पर हाल ही में पोस्ट किया, झूठ, लालच और फरेब से परे हैं..खुदा का शुक्रिया आज भी खड़े हैं... धनश्री वर्मा से चल रहे तलाक के बीच आरजे महवश के पोस्ट से चहल-धनश्री की स्थिति की ओर इशारा करने का अनुमान लगाया जा रहा है। झूठ, लालच और धोखे का संदर्भ देने वाले हिंदी शब्दों के इस्तेमाल वाली पोस्ट ने सोशल मीडिया पर ध्यान आकर्षित किया। क्रिकेटर ने पोस्ट के ऑनलाइन होते ही इसे लाइक कर दिया जिससे ऑनलाइन चर्चा शुरू हो गई। युजवेंद्र चहल के प्रशंसकों ने पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दी, जिसे 2.73 लाख से ज़्यादा लाइक और कई कमेंट मिले हैं। एक यूजर ने लिखा, चहल ने 10 सेकंड में लाइक किया। दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, चहल भाई ने ऑटो लाइक नहीं किया है क्या। तीसरे यूजर ने जवाब दिया, चहल भैया का आईपीएल में कमबैक देखो अब। चौथे यूजर ने कमेंट किया, चहल भाई ने पोस्ट अपलोड होते ही सबसे पहले लाइक किया।

# हर आईपीएल सीजन खुद को विकसित करने और बनने का मौका होता है: सुरेश रैना

**मुंबई, एजेंसी।** शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भारतीय क्रिकेट की प्रतिभाओं को उभारने वाले इस लीग के प्रभाव की सराहना की और लीग में अपने कुछ पसंदीदा आधुनिक सितारों का नाम लिया। आईपीएल का नया सीजन शनिवार को ईडन गार्डन्स में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले के साथ शुरू होगा। रैना को लीग के इतिहास के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है जिन्होंने 205 मैचों में एक शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 5,528 रन बनाए हैं जिससे वह प्रतियोगिता में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ कई बार आईपीएल चैंपियन रह चुके हैं।  जियोहॉटस्टार पर बोलते हुए रैना ने कहा कि लीग न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक उत्सव है। उन्होंने तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह जैसी आधुनिक प्रतिभाओं की भी प्रशंसा की और कहा कि वह



उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा, हमने बहुत से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारते और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ते देखा है। भारत ने विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप जीता है और हमने युवा खिलाड़ियों को कप्तान बनते देखा है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और लीग से निकले कई तेज गेंदबाज़ों को देखिए।

उन्होंने कहा, आज हमारे पास क्रिकेटरों की एक रोमांचक नई पीढ़ी है। मैं तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हमारे पास अक्षर पटेल के रूप में एक नया कप्तान भी है। युवा खिलाड़ियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे वर्तमान में बने रहें, अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें और लगातार अच्छा प्रदर्शन करें। अगर आप एक सीजन में 500 रन बनाते हैं, तो आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। हर आईपीएल सीजन विकसित होने, ज़्यादा निडर बनने और अपनी तकनीक और रवैये को बेहतर बनाने का एक अवसर है। आईपीएल का यही मतलब है- बड़े मौकों पर आगे बढ़ना और अपने खेल को लगातार बेहतर बनाना।

# निक किर्गियोस ने 896 दिनों में दर्ज की अपनी पहली जीत

**मियामी, एजेंसी।** निक किर्गियोस ने मियामी ओपन में अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को हराकर 2022 के बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता। 29 वर्षीय किर्गियोस पिछले 18 महीनों से पैर और कलाई की चोटों से परेशान थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने दोबारा खेलना शुरू किया।
कलाई की लगातार तकलीफ के कारण किर्गियोस पिछले दो साल से टेनिस से दूर थे। कुछ हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में उन्हें पहले ही दौर में मैच छोड़ना पड़ा था, लेकिन मियामी ओपन में उन्होंने मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की। अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को जीत नहीं मिली थी और यह अब यह जीत 896 दिनों के बाद आई। कलाई की चोट के चलते किर्गियोस का करियर खतरे में पड़ गया था, लेकिन अब इस जीत को वह अपनी वापसी का सबसे बड़ा पल मानते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए लंबा सफर रहा है। कई बार तो मैच खेलना भी डराने वाला था कि मैं इसे पूरा कर पाऊंगा या नहीं। लेकिन अब एक जीत हासिल करके यह महसूस करना कि मैं फिर से इस खेल का हिस्सा हूं, बहुत खास अहसास है। अब उनका अगला मुकाबला 22वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिनसे वह 2022 यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में हार चुके हैं।

# हार्दिक ने मानसिक यातना और अपमान सहा, मुंबई के कप्तान की बॉयोपिक में किसका जिक्र होना चाहिए कैफ ने बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 से पहले सुझाव दिया कि अगर हार्दिक पंड्या पर कोई बॉयोपिक बनाई जाए तो उसमें इस बात का जिक्र जरूर होना चाहिए कि उन्होंने किस तरह से कड़ी आलोचनाओं से पार पाया और फिर दमदार वापसी की। आईपीएल 2024 से ठीक पहले हार्दिक पंड्या गुजरात टाइटंस को छोड़कर मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए थे और रोहित को हटाकर उन्हें टीम का कप्तान बना दिया गया था। इसके बाद उनकी हर जगह जमकर आलोचना की गई और फैंस ने उनका खूब मजाक बनाया।

## हार्दिक ने मानसिक तनाव और अपमान सहा

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मैच के दौरान मिसफील्ड के कारण हार्दिक को हूटिंग का सामना करना पड़ा था। यही नहीं वो जहां भी जाते थे फैंस उनका



जमकर हूटिंग करते थे। कैफ ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में बताया कि हार्दिक ने मानसिक तनाव और अपमान सहा, जिसका सामना किसी भी खिलाड़ी को नहीं करना चाहिए। हालांकि उन्होंने हार्दिक की तारीफ करते हुए कहा कि वो दबाव के आगे नहीं झुके और इसके बजाय शेर की तरह लड़ते हुए सफल वापसी की।

## लोगों ने हार्दिक को खत्म मान लिया

कैफ ने कहा कि हार्दिक ने उस दर्द को अपने तक ही सीमित रखा और आगे बढ़ गए। यही हार्दिक पंड्या की वापसी की कहानी है। यह एक बुरा सफर था। प्रशंसकों ने उन्हें हूट किया और लोगों ने उन्हें खत्म मान लिया। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं आपको बता सकता हूं, बेइज्जतीज्अपमान के साथ आगे बढ़ना, उसे सहना, सबसे गहरा जख्म होता है। आईपीएल 2024 के बाद हार्दिक पांड्या उस भारतीय टीम का हिस्सा बने जिसने दो आईसीसी खिताब जीते और इससे उनके करियर में बड़ा बदलाव आया। हार्दिक ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 और फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

## हार्दिक को मिली मानसिक यातना

कैफ ने कहा कि आप उन्हें टीम से बाहर कर सकते हैं, लेकिन अपमानित होना अच्छा संकेत नहीं था। यह खिलाड़ी के लिए मानसिक यातना साबित होता है। मानसिक यातना- यही हार्दिक के साथ हुआ। इन सबके बावजूद वह टी20 विश्व कप में खेले, जहां उन्होंने फाइनल में हेनरिक क्लासेन को आउट किया। फिर, चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने एडम जंपा के खिलाफ छक्के लगाए। उन्होंने बल्ले और गेंद से प्रदर्शन किया और शेर की तरह जमकर लड़ाई की। अगर कभी उन पर कोई बायोपिक बनती है तो इसमें जिक्र होना चाहिए कि एक खिलाड़ी किस तरह से सभी बाधाओं से लड़ा, शांत रहा, अपनी ताकत पर भरोसा किया और फिर वापसी की।

## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली में देर रात ठांय-ठांय, बदमाशों के साथ पुलिस की बड़ी मुठभेड़

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में अपराध पर काबू पाने के लिए पुलिस ने ऐक्शन तेज कर दिया है। बुधवार देर रात रोहिणी इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो बदमाशों को गोली लगी है, जबकि कुल तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के कब्जे से हथियार और एक कार भी बरामद की गई है। रोहिणी के बेगमपुर इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। पुलिस को लंबे समय से वांछित तीन अपराधियों के वहां से गुजरने को लेकर इनपुट मिला था। दिल्ली पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। तभी वहां तीनों बदमाश एक कार में सवार होकर वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान पुलिस ने दो बदमाशों के पैर पर निशाना साधते हुए गोली मारी। पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए और उन्हें तुरंत काबू कर लिया गया। तीसरे बदमाश को भी पकड़ लिया गया। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों ही बदमाशों के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक इनकी लंबे समय से तलाश थी।

### दिल्ली में अकबर रोड लिखे साइन बोर्ड पर पोती कालिख, महाराणा प्रताप का लगाया पोस्टर




**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में कुछ शरारती तत्वों में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। उन्होंने अकबर रोड लिखे साइन बोर्ड पर कालिख पोत दी और महाराणा प्रताप का पोस्टर लगा दिया। गले में पटका डाले युवकों ने साइनबोर्ड पर काले रंग के स्प्रे से अकबर रोड पर कालिख पोत दी। इसके बाद उसके ऊपर महाराणा प्रताप की तस्वीर लगा दी। उन्होंने दावा किया कि कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया है। जय भवानी का लगाया नारा साइनबोर्ड पर महाराणा प्रताप का पोस्टर लगाने के बाद एक युवक जय भवानी, जय महाराणा का नारा लगाते हुए दिखा। इसके बाद एक युवक कहता है कि महाराणा प्रताप का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। आईएसबीटी अंतरराष्ट्रीय बस अड्डे पर महाराणा प्रताप की अष्टधातु की मूर्ति के साछ जिस प्रकार की छेड़छाड़ की गई है। मैं कहना चाहता हूं दिल्ली पुलिस से जो कह रहे हैं कि मूर्ति बंदरों ने तोड़ी है। हमें मूर्ख न बनाएं। महाराणा प्रताप की अष्टधातु की मूर्ति सम्मान के साथ वापस उसी जगह पर लगाएं। अन्यथा चेतावनी है यह कि एक भी आक्रांताओं का नाम नहीं छोड़ेंगे, मिटा देंगे। जय भवानी। एक दूसरे युवक ने कहा, हम लोग हिंदू हैं। हम अकबर, बाबर, हुमायूं के हम जो बोर्ड हटाने के जो हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सरकारों की आंखें खुले और सरकार जो डिसिजन ले। जो आक्रांता बाहर से आए उन्होंने हमारी बहन-बेटियों और बच्चों के साथ बलात्कार किया। उल्टे पेड़ पर लटका दिया और हमारे मंदिरों को तोड़ा। भारत की अखंडता को तोड़ा और इनके बोर्ड से अगर हम नाम को मिटा रहे हैं, तो हम हम ही को मिटा रहे हैं।

# किसानों पर ऐक्शन से केजरीवाल पर गुस्साई स्वाति मालीवाल

### राज्यसभा सीट से जोड़ दिया कनेक्शन





**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली से सटे शंभू और खनौरी बॉर्डर पर जमे किसानों पर बुधवार अचानक पंजाब सरकार का बुल्डोजर चल गया। मान सरकार की ओर से बॉर्डर से किसानों को हटा दिया गया,उनके तंबू उखाड़ दिए गए, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर समेत 200 से ज्यादा किसानों को हिरासत में ले लिया गया है। इस कार्रवाई से पंजाब के किसान नाराज हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने इस कार्रवाई के लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का मकसद हाईवे खुलवाना नहीं बल्कि अपने लिए राज्यसभा का भी रास्ता खोलना है। मालीवाल ने कहा कि ये केजरीवाल के गुस्से और बदले की भावना का एक और उदाहरण है।

किसानों पर देर रात हुई पंजाब सरकार की कार्रवाई से नाराज आप सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने अपने एक्स हैंडल से वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि किसानों पर देर रात हुए अत्याचार का मकसद हाईवे खुलवाना नहीं,केजरीवाल के लिए राज्यसभा का रास्ता खोलने का है। केजरीवाल जी को लगता है ऐसा करने से लुधियाना का व्यापारी खुश होगा,चुनाव जीतेंगे और अरोड़ा जी की राज्यसभा सीट खाली होगी।

मालावील ने आगे कहा कि जब किसान दिल्ली बैठे थे तब पंजाब में चुनाव भी आने वाले थे। उस समय किसानों को खुश करने के लिए केजरीवाल जी ने खुद को सेवादार बताया था। अब जब किसान पंजाब में बैठे हैं तो केजरीवाल जी ने आंदोलन को बातचीत से नहीं,जोर-जुल्म से खत्म करने का प्रयास किया। ऐसा दोहरा रवैया क्यों? वार्ता की जगह ऐसा तानाशाही मार्ग अपनाना केजरीवाल जी के गस्से और बदले की भावना का एक और उदाहरण है। बता दें कि पंजाब पुलिस ने बुधवार की रात को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 महीने बाद शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा दिया। पुलिस ने बुलडोजर का इस्तेमाल करके किसानों के शेड और मंचों को साफ कर दिया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर समेत 200 से अधिक प्रदर्शनकारी किसानों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस की कार्रवाई बुधवार देर शाम शुरू हुई और अब पुलिस ने लगभग पूरी सड़क को खाली कर दिया है। वहीं, हरियाणा की तरफ से भी बॉर्डर खोलने का काम शुरू हो चुका है। यहां भी क्रेन की मदद से पत्थरों को हटाया जा रहा है।

## इजरायली टेक्नॉलजी से पकड़ा गया दिल्ली में 80 लाख लूटने वाला मोहम्मद अली, झट से बता दिया नाम-पता



**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के चांदनी चौक में सोमवार शाम हुई करीब 80 लाख रुपये की लूट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरी रकम बरामद कर ली है। मुख्य आरोपी मोहम्मद अली को पकड़ने में इजरायली टेक्नॉलजी काम आई।

पुलिस टीम चांदनी चौक, लाल किला, जामा मस्जिद, दरियागंज और लाहौरी गेट के करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों तक पहुंची। टीम ने फुटेज में दिख रहे आरोपियों की फोटो इजरायली फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में अपलोड करके आरोपी की पहचान की।

पकड़े गए आरोपियों में 21 वर्षीय मोहम्मद अली और 19 वर्षीय समीर शामिल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद अली के पास से लूट की रकम, हथियार और अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद कर ली है। इलाके के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि अजामल भाई गणेश 17 मार्च की शाम कूचा घासीराम से कंपनी की 80 लाख रुपये की पेमेंट बैग में लेकर निकला था। जब वह हवेली हैदर कुली में पहुंचा तो एक बदमाश फायरिंग कर अजामल भाई से उसका बैग लूटकर फरार हो गया था।

वारदात की सूचना मिलने के बाद लाहौरी गेट, कोतवाली थाने की पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। टीमों ने घटनास्थल से लेकर चांदनी चौक, लाल किला, जामा मस्जिद, दरियागंज और लाहौरी गेट तक करीब 500 कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान पता चला कि आरोपी कूचा घासीराम से ही अजामल का पीछा कर रहा था। वह एक अन्य युवक के इशारे पर काम कर रहा था।

वारदात के बाद मुख्य आरोपी लालकिला, दरियागंज होते हुए फरार हो गया, जबकि उसका साथी अलग दिशा में भागा। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। एक आरोपी की पहचान कर उसका फोटो इजरायली फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम में डाला तो पुराने रिकॉर्ड से उसकी पहचान मोहम्मद अली के रूप में हुई।

## कब मिलेंगे 2500, आतिशी ने रेखा सरकार से महिला समृद्धि योजना पर पूछे चार सवाल

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की रेखा सरकार ने महिलाओं को सत्ता में आने से पहले हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। 8 मार्च को इसपर पहली कैबिनेट बैठक हुई और कमेटी भी बन गई है। हालांकि रेखा सरकार प्रत्येक महिला को 2500 रुपये नहीं देगी,इसकी कुछ शर्तें हैं। इसपर आम आदमी पार्टी लगातार दिल्ली सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रही है। इसी सिलसिले में आज नेता विपक्ष आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने महिला समृद्धि योजना से जुड़े 4 सवाल भी पूछे। आतिशी ने पूछा कि कमेटी बने भी 12 दिन हो गए, लेकिन महिलाओं के खाते में 2500 कब आएंगे यह पता नहीं है। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी के सीएम रेखा गुप्ता से महिला समृद्धि योजना को लेकर क्या दिल्ली सरकार दिल्ली में रहने वालीं 18 साल से ऊपर की 48 लाख महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपये की सम्मान राशि देगी? आपको कमेटी बनाए हुए 12 दिन हो गए। आप सुबह से शाम तक केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को गाली देने का समय निकाल लेते हैं, 12 दिनों से आपकी कमेटी क्या कर रही है? महिला समृद्धि योजना के लिए महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होगा? दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये कब से मिलने शुरू होंगे? आतिशी ने आगे कहा कि मोदी जी ने गारंटी दी थी कि




8 मार्च तक महिलाओं को ?2500 मिलने लगेंगे लेकिन इसकी जगह उन्हें एक कमिटी का झुनझुना मिला। आतिशषी ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि हर महिला के खाते में 2500 रुपये आएंगे, लेकिन उसके पहले इतनी शर्तें लगा देंगे कि 1 प्रतिशत महिलाओं को भी इसका लाभ नहीं मिल पाएगा।

## आसिफ ने कोमल को पत्थर से बांध नहर में फेंक दिया, दिल्ली में सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा





**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में एक लड़की की हत्या के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ है। सीमापुरी के सुंदरी नगर में रहने वाली कोमल नाम की एक लड़की को मारकर उसे पत्थर से बांधा गया और फिर लाश नहर में फेंक दी गई। पुलिस आसिफ नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो उसे लंबे समय से उसे जानता था। हत्याकांड को 12 मार्च को अंजाम दिया गया था, जबकि लाश 17 मार्च को बरामद की गई थी। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में टैक्सी चलाने वाले आसिफ की कोमल से लंबे समय से जान पहचान थी। 12 मार्च को आसिफ ने कोमल को सीमापुरी इलाके से अपनी कार में बिठाया। इस दौरान दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़े के दौरान आसिफ ने गला दबाकर कोमल की हत्या कर दी।

कोमल की हत्या के बाद आसिफ ने लाश को ठिकाने के लिए हैरान करने वाली तरकीब निकाली। उसने शव को एक भारी पत्थर से बांध छावला इलाके में मौजूद नहर में फेंक दिया। कई दिनों तक पानी में रहने के बाद जब शव काफी फूल गया तो यह पानी की सतह पर आ गया। लोगों ने नहर में लाश देखकर पुलिस को खबर दी।

इससे पहले कोमल के परिवारवालों ने पुलिस को उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। लाश मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा छावला पुलिस स्टेशन में दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने जल्द ही कड़ियों को जोड़ते हुए आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या आसिफ के साथ और भी कोई इस अपराध में शामिल थी।

## बीएलए ने खत्म किया दर-ए-बोलन अभियान

### कहा- पाकिस्तानी सेना हार छिपाने के लिए बोल रही है झूठ



**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर अपनी हार को छिपाने के लिए झूठ और धोखे का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए दर-ए-बोलन अभियान के सफल समापन की घोषणा की। उसने कहा, अभियान में दो भाग शामिल थे, पहला चरण फरवरी 2024 में माच शहर पर कब्जे के साथ पूरा हुआ, जबकि दूसरा चरण मार्च 2025 में जालर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण और हमले के साथ शुरू हुआ।

बीएलए ने कहा कि अभियान में पाकिस्तानी सेना को हार का सामना करना पड़ा क्योंकि उसके 354 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि 100 से अधिक अन्य घायल हो गए और 214 कर्मियों को बंधक बना लिया गया। उसने कहा, दुश्मन के हठ और युद्धबंदियों के आदान-प्रदान से इन्कार करने के कारण सभी बंधकों को मार दिया गया।

**खुद को कहा, अजेय शक्ति:** एक बयान में, बीएलए ने खुद को अपनी भूमि की ताकत पर एक अजेय शक्ति बताया। बलोचों के इस गुट ने कहा, तथ्य यह है कि बीएलए अपनी भूमि, लोगों और सार्वजनिक समर्थन की ताकत पर एक अजेय शक्ति बन गई है।

## इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री को मारा: तीन लड़ाकों की भी मौत

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की है। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी। अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और लड़ाकों की गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं। इसके अलावा गाजा में मौजूद अमेरिका ऑफिस पर इजराइली हमले में में 1 विदेशी नागरिक की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए। भारत ने गाजा के हालात पर चिंता जाहिर की है।

### नेतन्याहू बोले- हमास के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे

इजराइल ने हमास के 19 जनवरी को शुरू हुए सीजफायर को खत्म कर दिया है। मंगलवार तड़के इजराइल ने गाजा में कई हवाई हमले किए। इनमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मंगलवार शाम इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग दोबारा शुरू करने को लेकर बयान भी दिया। नेतन्याहू ने कहा- इजराइल लड़ेगा और जीतेगा। हम अपने लोगों को घर वापस लाएंगे। जब तक हम हमास को खत्म नहीं कर देते, तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे और न ही चैन से बैठेंगे।

## मुंबई हमलों के गुनहगार तहव्वुर राणा ने प्रत्यर्पण रोकने के लिए लगाई तिकड़म

**वाशिंगटन , एजेंसी।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर भारत को अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर विचार कर सकता है। राणा ने इस महीने की शुरुआत में ये याचिका दायर की थी, जिसे अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक जस्टिस ने खारिज कर दिया था।



तहव्वुर राणा ने भारत डिपोर्ट किए जाने से बचने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर ये मांग की थी कि उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगा दिया जाए। उसने अपनी याचिका में कहा था कि अगर उसे भारत भेजा जाता है तो उसे प्रताड़ित किया जाएगा और वो वहां ज्यादा दिनों तक जिंदा नहीं रह पाएगा। हालांकि, उसकी ये याचिका खारिज कर दी गई थी। मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा ने अपनी याचिका में भारत पर कई आरोप लगाए थे। उसने ह्यूमन राइट्स वॉच 2023 की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा था कि भारत की बीजेपी सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों विशेष रूप से मुस्लिमों के साथ भेदभाव करती है। इसलिए अगर उसे भारत को सौंपा गया तो पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उस प्रताड़ित किया जाएगा। इसी साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था। उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को सौंपने का एलान किया था। ट्रंप ने कहा था, हमने तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है। अब उसे भारत में कानून के ट्रायल का सामना करना होगा। ट्रंप प्रशासन ने राणा को भारत को प्रत्यर्पित करन का फैसला तब सुनाया था, जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा की याचिका को खारिज कर दिया था। हालांकि, बाद में मुंबई हमले के आरोपी ने एक और याचिका दायर कर दी है। मुंबई में हुए आतंकी हमले को लेकर साल 2011 में एनआईए ने राणा समेत 9 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। इस चार्जशीट में 26/11 हमले की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में आरोपी बनाया गया था।

## आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी, एनसीपी नहीं चाहती अवामी लीग लड़े चुनाव

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले ही लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल, छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को कहा कि वह नहीं चाहती कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग चुनाव में भाग ले। वह इसका विरोध करेगी। पिछले वर्ष छात्र आंदोलन के चलते ही हसीना का तख्ता पलट हुआ था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका की समसामयिक मामलों की पत्रिका द डिप्लोमेट में प्रकाशित एक साक्षात्कार में एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, हम नहीं चाहते कि हसीना की पार्टी का कोई भी नामलेवा आगामी चुनावों में सक्रिय हिस्सा ले।

इस्लाम ने कहा कि अवामी लीग के जो लोग गलत कामों के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर सबसे पहले मुकदमा चलाया जाए। इस्लाम ने कहा, हमारा लक्ष्य एक संविधान सभा के जरिये द्वितीय गणराज्य की स्थापना करना है। यह पूछने पर कि कूटनीति पर उनकी पार्टी का रुख क्या है, इस्लाम ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश किसी भी विदेशी शक्ति के प्रभुत्व से मुक्त होकर एक संतुलित और लाभप्रद कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने कहा, अतीत में हम दिल्ली के प्रभाव में थे। अब हम बांग्लादेश की राजनीति को भारत या पाकिस्तान के इर्द-गिर्द केंद्रित नहीं होने देंगे। एनसीपी राष्ट्रीय हितों के साथ स्वदेश केंद्रित रहेगी। नाहिद इस्लाम ने कहा, हम नया संविधान लागू करना चाहते हैं और देश की सत्ता गतिशीलता का ढांचा बदलना चाहते हैं। एनसीपी के छात्रों ने गत वर्ष भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया था।

# निदेशक प्रभारी ने सीआरएम काम्प्लेक्स तथा एचआरसीएफ विभाग में सुरक्षा का लिया जायजा






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने संयंत्र के पूरे सी आर एम काम्प्लेक्स तथा एच आर सी एफ विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया. इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) आनंद रौतेला, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, सी आर एम -III के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार सी आर एम -I &II विभाग के विभागाध्यक्ष बिश्वजीत मिश्रा महा प्रबंधक (सीआरएम -I &II), एच आर सी एफ विभाग के विभागाध्यक्ष सहित सम्बंधित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे. निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिशासियों तथा कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की, साथ ही उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया. निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.





**स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूली बच्चों के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी**

सेल बीएसएल के द्वारा दिनांक 16 -31 मार्च तक मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 20 मार्च को बोकारो स्टील सिटी के डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित 08 बी, 12 ई, 02 सी, 03 डी, 09 ई एवं 09 बी स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया. बीएसएल के संचार प्रमुख श्री मणिकांत धान एवं शिक्षा विभाग की महाप्रबंधक (शिक्षा) सुश्री मीनम मिश्रा तथा उप प्रबंधक (शिक्षा) सुश्री प्रभा मोहनन नायर के नेतृत्व में सभी स्कूलों के प्राचार्य तथा शिक्षकगण स्कूल के बच्चों के साथ बोकारो सिटी में स्वच्छता के बारे में जागरूकता का सन्देश देने के लिए प्रभात फेरी में शामिल थे. प्रभात फेरी के दौरान स्कूली बच्चों ने स्वच्छता से सम्बंधित पोस्टर्स के साथ नारे भी लगाए. प्रभात फेरी के सफल आयोजन में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 09 बीके घनश्याम यादव, अशोक कुमार, विकास साहू एवं धर्मराज पांडेय तथा डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 09 ई की सुश्री प्रिया पांडेय, सुश्री स्वाति श्रीवास्तवा, सुश्री निक्की कुमारी तथा अशोक कुमार एवं प्रकाश पाण्डेय, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 09 बी तथा 09 ई के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 08 बीके उत्तम कुमार, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 02 सी की सुश्री मौसमी मल्लिक तथा डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल 12 ई के योगेंद्र कुमार का अहम योगदान था.

**मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सन्यंत्र के विभिन्न विभागो के लगभग 77 अधिकारीयों , कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम मे सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक श्री सुखदेव महतो, सहायक प्रबंधक श्री विराट चौधरी तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक श्री दिलीप तिर्की एवं श्री बिनीत तिर्की उपस्थित थे. सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई. तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया तथा सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की. ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री बिनीत तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियो को गैस सुरक्षा से संबन्धित जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग), श्री विराट चौधरी ने किया. कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था.








## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने किया बीजीएच का औचक निरीक्षण




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने बीजीएच का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान अस्पताल के सी एम ओ इंचार्ज डॉ बी बी करुणामय तथा मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री लक्ष्मी दास इत्यादि उपस्थित थे. औचक निरीक्षण के क्रम में निदेशक प्रभारी ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड में इलाजरत कुछ मरीजों से मुलाकात की और इलाज के सम्बन्ध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की. निदेशक प्रभारी ने अस्पताल में हाउस कीपिंग, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं में लगातार बेहतरी से संबंधित दिशा-निर्देश भी चिकित्सकों को दिए.

### ताबड़तोड़ फायरिंग दहशत में ग्रामीण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विस्थापित चौक स्थित हरि मंदिर के पास बीती देर रात 6 की संख्या में आए धनबाद राजगंज के रहने वाले युवकों ने मोबाइल विवाद को लेकर युवक के घर के सामने ताबड़तोड़ 5 से 6 राउंड फायरिंग की।, घर वालों और ग्रामीणों को जब इसकी सूचना मिली तो लोगों ने अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वे भागने में सफल रहे। इस दौरान सभी लोगों की तस्वीर मोबाइल में कैद कर ली गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित राय ने मामले की जांच शुरू कर दी है, मौके से पुलिस को खोखा भी बरामद हुआ है। वहीं कुछ युवकों के पकड़े जाने की भी सूचना है। जानकारी के मुताबिक विस्थापित चौक के रहने वाले छात्र विजय गोराई ने अपना मोबाइल धनबाद राजगंज के रहने वाले एक युवक को दी थी। युवक ने फोन कर तेलमोच्चो ब्रिज मोबाइल देने के लिए बुलाया। इस दौरान विजय अपने साथी के साथ पहुंचा तो विजय को मोबाइल देने के वजाय इसकी मोबाइल छीनने लगे। वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया। यह लोग अपने घर वापस आ गए। रात में सभी लोग तीन वाहन में सवार होकर पहुंचे और विजय को बाहर बुलाकर लड़ाई झगड़ा करने लगे। इसी दौरान जब घर वाले आवाज सुनकर निकले तो इन युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी और मौके से फरार हो गए।

### हत्या का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के चंदनकियारी थाना क्षेत्र में 15 मार्च को सतीभीठा स्थित अंजु उराँव के ईंटा भट्ठा के पास 50 वर्षीय दीपक उराँव का शव बरामद हुआ था। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी थी और अब मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 मार्च को मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उराँव को जमशेदपुर से गिरफ्तार कर लिया। चास एसडीपीओ ने कहा कि जांच में सामने आया कि आरोपी धर्मेंद्र उराँव और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दीपक उराँव ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर धर्मेंद्र ने दीपक उराँव को ईंट भट्ठा के पास ले जाकर ईंट से कूचकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी गांव से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस के गहन अनुसंधान में उसका सुराग मिला और उसे जमशेदपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के बाद गांव में लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि घटना से जुड़े और भी तथ्य सामने आ सकें।



# मतदाता सूची में नाम जोड़ने, व्याप्त त्रुटि को दूर करने की दी गई जानकारी

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त विजया जाधव ने गुरुवार को मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने रजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त, नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सशक्त बनाने से संबंधित 33 स्टेकहोल्डर को चिन्हित किये है, जिन्हें और सक्षम बनाना चाहते हैं, साथ हीं सभी स्टेकहोल्डर के सुझाव एवं शिकायत प्राप्त करके संवैधानिक फ्रेमवर्क के अन्तर्गत कार्य करते हुए उसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है, इसी क्रम में आज राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के संवैधानिक अनुच्छेद, लोक प्रतिनिधि अधिनियम, 1951 एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 एवं 1961 एवं सभी प्रकार के हैंडबुक एंड मैनुअल्स भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है आप सभी इसे वेबसाईट पर जाकर डाउनलोड कर सकते है। उन्होंने पार्टी प्रतिनिधियों को मतदाता सूची से संबंधित कार्य की जानकारी दी। बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि को दूर करने, नाम को स्थानांतरित करने आदि एक सतत प्रक्रिया है जो कि निरंतर किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को आहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जाड़ने, हटाने एवं शुद्धिकरण का कार्य जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के प्रवेक्षण में किया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार अपने स्तर से भी करने की बात कहीं। वहीं, मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार का सुझाव या शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर या टोल फ्री नं0 1950 डायल कर दर्ज करा सकते हैं। काल रिसीव कर निर्वाचन संबंधित आपके शिकायतों को निष्पादन के लिए शिफ्ट वार हेल्प डेस्क मैनेजरों को तैनात किया गया है। बैठक में पिछले दिनों संपन्न हुए लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित भी चर्चा हुई। मौके पर सभी पार्टी प्रतिनिधियों ने सफल एवं शांतिपूर्ण माहौल में दोनों चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इसके अलावा निर्वाचन से संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान कुछ राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों ने अपना-अपना सुझाव दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चे के जय नारायण महतो, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नजीर अहमद, कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के रफीक, आर के पी वर्मा, आम आदमी पार्टी के विधान चंद्र राय, आजसू के बांके बिहारी सिंह, भारती जनता पार्टी के संजय त्यागी, राष्ट्रीय जनता दल के श्री बी एन यादव आदि उपस्थित थे।

# सदर का बर्न यूनिट जल्द शुरू करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम गुरूवार को जिले के दौरे पर थी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने टीम के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। टीम को जिले में बन कर तैयार बर्न यूनिट का संचालन शुरू करने के दिशा में कार्रवाई करने को कहा। लंबें समय पूर्व भवन निर्माण पूरा होने एवं संचालन शुरू नहीं होने से भवन एवं जरूरी उपकरणों की स्थिति सही नहीं है। इसकी समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं, टीम को स्वास्थ्य उप केंद्रों में सोलर लाइट का अधिष्ठापन करने, सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का आइईसी/प्रचार झ्र प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मियों के प्रबंधन के लिए एचआर (ह्यूमन रिसोर्स) डिप्लोयमेंट करने, जिले के कुपोषण उपचार केंद्रों को अपग्रेड करने आदि का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो इसके लिए योजना बनाकर कार्य करने की बात कहीं। उपायुक्त ने टीम को जिला स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए गूड प्रैक्टिसों से भी अवगत कराया। मौके पर टीम ने स्वास्थ्य विभाग में आउट सोर्सिंग और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के आउटकम की क्रमवार जानकारी दी। बैठक में राज्य स्तरीय टीम से डा. पुष्पा, एसपीएम अनिमा, मैटरनल कंस्लटेंट नलीन कुमार, स्टेट फाइनेंस आफिसर रंजीत कुमार पाठक, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, डीपीएम दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।



# इएसएल की ‘वी फॉर सोसाइटी’ के तहत कर्मचारी स्वयंसेवा सप्ताह का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेदांता ईएसएल ने अपने नवीनतम ‘वी फॉर सोसाइटी’ कर्मचारी स्वयंसेवा सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिससे पुनः कंपनी की स्थिरता और सामुदायिक कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। 50 से अधिक ईएसएल कर्मचारियों ने कपड़ा वितरण अभियान, वृक्षारोपण प्रयास, भित्ति चित्र, डिजिटल साक्षरता सत्र और कला और शिल्प कार्यशालाओं सहित कई प्रभावशाली सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**स्वयंसेवा के माध्यम से समुदायों में कर्मचारियों का योगदान**

इस पहल के हिस्से के रूप में, ईएसएल कर्मचारियों ने सामुदायिक उत्थान के उद्देश्य से कई प्रभावशाली गतिविधियों में भाग लिया। वाडी फार्म में, उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए जीवंत चित्रों के साथ एक झोपड़ी को चित्रित किया. जिससे उनके आस-पास के

## कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों के बीच सामुदायिक प्रभाव को मिला बढ़ावा

वातावरण में रंग और रचनात्मकता जुड़ गई। डिजिटल और वित्तीय साक्षरता सत्रों के दौरान, स्किल स्कूल के युवाओं और प्रोजेक्ट जीविका की महिलाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल से लैस किया गया। प्रेरणा ड्राइंग सेंटर में, छात्रों ने कला और शिल्प परियोजनाओं पर कर्मचारियों के साथ सहयोग किया, जिससे रचनात्मकता और बंधन को बढ़ावा मिला। टीम ने वाडी के मैदानों में एक पौधारोपण अभियान भी चलाया, जहाँ उन्होंने पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देते हुए 100 पौधे लगाए। इसके अतिरिक्त, एक कपड़ा वितरण अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें वंचित समुदायों को कपड़ों की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गई और उन्हें बहुत जरूरी सहायता और देखभाल प्रदान की गई। ‘वी फॉर सोसाइटी’ कार्यक्रम ईएसएल की अपने कार्यबल को सशक्त बनाते हुए सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कर्मचारी स्वयंसेवा को अपने सीएसआर ढांचे में एकीकृत करके, ईएसएल सामुदायिक बंधनों को मजबूत करता है और करुणा और समावेशिता की संस्कृति को पोषित करता है।

**वेदांता ईएसएल की समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर बोलते हुए, ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, ईएसएल में, हम वापस देने और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'वी फॉर सोसाइटी' के माध्यम से, हम न केवल अपने समुदायों में लोगों के जीवन को समृद्ध करते हैं, बल्कि अपने कर्मचारियों के बीच उद्देश्य और सहानुभूति की भावना भी बढ़ाते हैं। हमारी टीम की भागीदारी और वास्तविक उत्साह दशार्ता है कि यह पहल उनके लिए कितनी मायने रखती है। यह पहल हमारी कंपनी के एक स्थायी और दयालु भविष्य के निर्माण के दर्शन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। यह पहल कर्मचारियों के नेतृत्व, टीमवर्क और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ाकर उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को भी बढ़ावा देती है। यह वेदांता ईएसएल की स्थानीय प्रतिष्ठा को मजबूत करता है और जिन समुदायों की यह सेवा करता है, उनके साथ गहरे संबंध बनाता है।

# 66 एकड़ वन भूमि पर ओबी डंप की जांच



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर अंचल अंतर्गत सुरंगा मौजा के हाल सर्वे खाता संख्या 386 प्लॉट संख्या 709 रकबा 61.25 एकड़ एवं प्लॉट संख्या 656 रकबा 4.55 एकड़ जो अधिसूचित वन भूमि है, जिसे बीसीसीएल लोदना एरिया संख्या 10 एवं उसकी अनुषंगी इकाई आउटसोर्सिंग कंपनी ऐटी देवप्रभा के द्वारा ओबी डंप कर दी गई है। यह खुलासा अंचल अधिकारी बलियापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं बलियापुर के रेंजर की संयुक्त जांच में हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद एवं जिला वन पदाधिकारी धनबाद के निदेर्शानुसार अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी आज संयुक्त रूप से सुरंगा मौजा में वन भूमि पर हो रहे ओबी डंप की जांच की। जांच में यह मामला सामने आया कि इन कंपनियों के द्वारा वन भूमि में बिना सरकार के एनओसी प्राप्त किये लगभग 66 एकड़ वन भूमि पर OB dump कर एक तरफ जहां जंगल को बर्बाद कर दिया वहीं दूसरी तरफ वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।आज की जांच टीम में अंचल अधिकारी बलियापुर, वनों के क्षेत्र अधिकारी के साथ-साथ अंचल अमीन अंगद पंडित एवं अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे। वन भूमि पर अवैध रूप से ओबी डंप किए जाने के मामले में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बैंकों के एमएसएमइ शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता विकास को कार्यशाला



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय द्वारा दिनांक 19-20 मार्च 2025 को धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन धनबाद के सोनोटेल होटल में किया गया। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक झारखंड प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने अपने सम्बोधन में देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व्यावसायिक नवाचारों के माध्यम से उद्यमशीलता प्रयासों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर निर्माण करता है। एमएसएमई अतिरिक्त खेतिहार मजदूरों को अपने में समाहित करने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक हैं एवं सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक भी हैं और द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र के पूरे इको-सिस्टम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे श्री सिंह ने यह भी कहा की एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। प्रमुख चुनौतियों में भौतिक बुनियादी ढांचागत बाधाएँ, औपचारिक्त रूप न दे पाना, प्रौद्योगिकी अपनाने में सुस्ती बर्तना, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूंजी तक पहुँच की कमी, और इनके साथ-साथ देरी से भुगतान की सार्वकालिक समस्या शामिल हैं। इसलिए उन्होने बैंकर्स को उद्दमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर पर्याप्त ऋण देने को कहा। इस अवसर पर बैंकों से अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में लोगों कों जागरूक करें एवं लाभार्थियों को चिन्हित कर रियायती ब्याज दर पर ऋण सहायता प्रदान करे। इस कार्यशाला से विभिन्न जिलों में कार्यरत एमएसएमई शाखाओं के अधिकारीगण लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों को एमएसएमई संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, एसआईडीबीआई, एमएसएमई-डीईओ, एसबीआई इत्यादि के वरीय अधिकारियों ने एमएसएमई से संबंधित विषयों पर सत्र लिया। मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक एवं प्रबन्धक भी उपस्थित रहें। इस कार्यशाला में बैंक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ साथ राज्य में उपस्थित अन्य प्रमुख बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के तीस अधिकारी सम्मिलित हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK